जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 27 संख्याः 333 प्रभात अजमेर, मंगलवार 4 जुलाई, 2023 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



गत वर्ष पेरिस के लूव्र म्यूज़ियम के स्टाफ ने एक गुप्त कार्यवाही की योजना बनानी शुरु की, जिसका मिशन था, रुस के हमलों के बीच यूक्रेन से 16 कलाकृतियों को बाहर निकालना। ये कलाकृतियाँ मूल रुप से किएव के बगदन वरवारा खानेन्को म्यूज़ियम में रखी थीं। म्यूज़ियम ने रुस के आक्रमण के शुरु में ही अपना समस्त आर्ट कलैक्शन छुपा दिया था। फिर भी, अक्टूबर महीने में एक मिसाइल हमले में यह बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो गई और यूक्रेन के अधिकारियों को स्पष्ट हो गया कि देश की सांस्कृतिक विरासत खतरे में है। इसके बाद, एक गुप्त काफिले के माध्यम से, पोलैण्ड और जर्मनी होते हुए कलाकृतियाँ फ्रांस पहुँचीं। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन नाज़ुक कलाकृतियों को विशेष रुप से बनाए गए एयर कण्डीशन्ड बक्सों में रखा गया। अब लूव्र जाने वाले लोग, यूक्रेन से सुरक्षित लाई गई 16 में से 5 कलाकृतियों को, ''द ओरिजिन्स ऑफ द सेक्रड इमेज'' नाम की एक नई एक्ज़ीबिशन में देख सकेंगे। बाकी ग्यारह कलाकृतियों में से नौ को वर्तमान में, पेरिस से करीब 100 मील दूर शहर, ''लिएवां'' के लूव्र कन्ज़र्वेशन सैंटर में रखा गया है और दो कलाकृतियों का अभी वैज्ञानिक विश्लेषण होना बाकी है। एक्ज़ीबिशन खत्म होने के बाद लूव्र इन कलाकृतियों का गहराई से विश्लेषण करेगा और जब युद्ध समाप्त होगा तो कलाकृतियाँ खानेन्को म्यूज़ियम को लौटा दी जाएंगी। ऊपर दिए चित्र में यूक्रेन से आई जो कलाकृति नज़र आ रही है उसमें सेंट सरजिअस व सेंट बैकचस को दिखाया गया है।

# खड़गे की अनुपस्थिति के कारण राजस्थान के बारे में आयोजित बैठक रद्द हुई

## खड़गे कर्नाटक चले गये थे तथा देर शाम को ही दिल्ली लौटे

- चर्चा है कि, गहलोत को खड़गे का प्रश्रय व संरक्षण प्राप्त है।
- बहरहाल, राहुल गांधी राजस्थान का संकट सुलझाने के बारे में दृढ़ हैं तथा के.सी. वेणु गोपाल को आदेश दे रखा है कि, राजस्थान का मसला जल्दी से जल्दी, ज्यादा से ज्यादा सप्ताह भर में सुलटना चाहिये, गहलोत की सहमति व सहयोग हो या न हो।
- कोटा में वसुंधरा राजे द्वारा आयोजित विशाल रैली ने भाजपा व कांग्रेस दोनों को काफी हिला दिया है। भाजपा हाई कमान वसुंधरा राजे को ज्यादा पसंद नहीं करता और उन्हें मु.मंत्री बनाने में हाई कमान की कोई रूचि नहीं है, पर, बात शायद हाई कमान के हाथ से निकल चुकी है।
- दूसरी ओर वसुंधरा राजे की ''लोकप्रियता'' देखते हुए, कांग्रेस के लिये बहुत जरूरी है कि, पार्टी को चुनाव के लिये तैयार करे, गहलोत-पायलट मतभेदों को सुलझा कर।

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जुलाई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जो कर्नाटक से शाम को दिल्ली लौट आए। राजस्थान के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की आज होने वाली बैठक खड़गे की अनुपस्थिति की वजह से रद्द करनी पड़ी।

उच्चस्तरीय सूत्रों का कहना है कि बैठक अगले कुछ दिनों में और ज्यादा से ज्यादा इस सप्ताह के अंत तक हो सकती है और राजस्थान के संकट का समाधान किया जा सकता है भले ही राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसमें सहयोग करें या नहीं।

सचिन पायलट आज दिल्ली आए थे और राजस्थान के प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डोटासरा भी दिल्ली आए थे।

समझा जाता है कि गहलोत का लगातार मल्लिकार्जुन खड़गे का संरक्षण प्राप्त है, जबकि राहुल गांधी ने के.सी. वेणुगोपाल को निर्देश दिया है कि राजस्थान के विवाद का शीघ्रातिशीघ्र समाधान किया जाए।

अब तक अनिर्णयग्रस्त व ढिलाई बरत रहा कांग्रेस नेतृत्व संकट समाधान के लिए इतनी शीघ्रता इसलिए कर रहा है क्योंकि राजस्थान में वसुंधरा राजे का नेतृत्व उभर रहा है, उन्होंने कोटा में एक बड़ी रैली की जिसने कांग्रेस ही नहीं भाजपा की भी आंखें खोल दी है। वसुंधरा राजे राजस्थान की सबसे करिश्माई नेता है तथा भीड़ खींचती है और भाजपा नेता खासकर मोदी शाह ना तो राजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते है और ना ही उन्हें मुख्यमंत्री के रुप में देखना चाहते है।

लेकिन हालात भाजपा नेतृत्व के नियंत्रण से बाहर है।

वसुंधरा के सामने आने से कांग्रेस को अपने संगठन को व्यवस्थित करने के लिए दोगुनी मेहनत करनी पड़ेगी।





# बिहार में भी महाराष्ट्र की भांति नीतीश की पार्टी में विभाजन संभव?

## भाजपा के सुशील मोदी ने विभाजन की संभावना को बल देते हुए कहा, कई जद (यू) विधायक, नीतीश कुमार से संतुष्ट नहीं हैं तथा उन्होंने भाजपा से सम्पर्क साधा है

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जुलाई। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) में तोड़-फोड़ करके दिग्गज मराठा नेता शरद पवार को जबरदस्त धक्का पहुँचाने के बाद, भारतीय जनता पार्टी बिहार में भी यही खेल खेलने की कोशिश कर रही है। भाजपा नेता सुशील मोदी ने सोमवार को दावा किया कि बिहार में कई जे.डी (यू.) विधायक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से परेशान हैं। उन्होंने नीतीश कुमार के भाजपा के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. में वापसी की बात को खारिज करते हुये, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हवाले से कहा कि उन्हें 17 साल तक जैसे-तैसे बर्दाश्त किया गया लेकिन अब आगे और बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

बिहार की राजनैतिक अस्तव्यस्तता के चलते भाजपा ने नीतीश कुमार को 17 साल तक बर्दाश्त किया लेकिन एन.डी.ए. में वे अब आगे स्वीकार्य नहीं।

सुशील मोदी ने यहाँ पत्रकारों को बताया कि जेडी (यू.) नेता नीतीश कुमार पर नाराज हैं तथा उनमें से कई लोगों ने भाजपा से सम्पर्क किया है। उन्होंने कहा कि अगर नीतीश एन.डी.ए. में आना चाहेंगे भी तो भी उन्हें आने नहीं दिया जायेगा।

सुशील मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री को एन.डी.ए. में स्वीकार किये जाने के बिन्दु पर कहाः ''भाजपा ने नीतीश कुमार को 17 साल तक बर्दाश्त किया।'' --बिहार को राजनैतिक अव्यवस्था पर बोलते हुये मोदी ने कहा कि 17 साल में नीतीश कुमार ने अपने विधायकों और सांसदों को कभी भी समय नहीं दिया। पूर्व मुख्यमंत्री मोदी ने कहा कि पूरे एक साल तक प्रतीक्षा कराने के बाद, वे उन्हें 30 मिनट दे रहे हैं।

मोदी के अनुसार, जेडी (यू) में विद्रोह की स्थिति हैं क्योंकि नीतीश कुमार ने राहुल गांधी को अगली लड़ाई (2024 के लोकसभा चुनाव) का नेता स्वीकार कर लिया है तथा लालू प्रसाद के बेटे एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को अपना उत्तराधिकारी बना दिया है। उन्होंने कहा, ''(जेडी (यू) का) कोई भी व्यक्ति इन दोनों में से किसी को भी स्वीकार करने के लिये तैयार नहीं है।'' वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुये, उन्होंने कहा कि जेडी (यू) 8-10 सीटों से ज्यादा शायद ही जीत सके, जिसके कारण पार्टी सांसद एवं विधायक आशंकित है कि जेडी (यू) में उनका भविष्य अच्छा नहीं है।

इस बीच, सुशील मोदी ने जोर देकर कहा कि भाजपा नेतृत्व ने लोकसभा अध्यक्ष तथा राज्यसभा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'विज्ञापनों के लिए पैसा है तो सड़क निर्माण के लिए क्यों नहीं'

- सुप्रीम कोर्ट ने रीजनल रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम के लिए फंड नहीं देने पर दिल्ली की आप सरकार से सवाल किया और तीन साल के विज्ञापन खर्च की जानकारी मांगी।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जुलाई। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट दिल्ली सरकार पर बरसा क्योंकि वह रीजनल रैपिड ट्रांजिशन सिस्टम (आर.आर.टी.एस.) परियोजना के निर्माण के लिए धन उपलब्ध नहीं करवा रही है। कोर्ट ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में विज्ञापन्स पर खर्च हुए फंड की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सी.डब्ल्यु.सी. में पायलट को सीट ऑफर?

- कांग्रेसी सूत्रों के हवाले से खबर है कि, सचिन पायलट को दिल्ली में एक सीनियर पोस्ट ऑफर की गई है। एक सप्ताह में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की लिस्ट जारी हो जाएगी और पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने लिस्ट को अंतिम रूप दे दिया है।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जुलाई। कांग्रेस ने सोमवार को संगठनात्मक मसले सुलझा लिए जिसमें कांग्रेस वर्किंग कमेटी का गठन प्रमुख है, जिसकी जिम्मेवारी गत वर्ष अक्टूबर में मल्लिकार्जुन खड़गे को उनके पार्टी अध्यक्ष बनने के साथ ही उन्हें सौंपी दी गई थी।

राजस्थान के बागी नेता सचिन पायलट को दिल्ली में वरिष्ठ पद और सी.डब्ल्यू.सी. में सीट की पेशकश की गई है। सी.डब्ल्यू.सी. कांग्रेस की सबसे बड़ी निर्णयकारी संस्था है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि फेरबदल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्र.मंत्री मोदी ने चार घंटे मंत्री परिषद की बैठक ली

## मंत्रिमण्डल के पुनर्गठन पर चर्चा से लगा कि, लगभग दस मंत्रियों को ''ड्रॉप'' कर संगठन व चुनाव के कार्यक्रमों की जिम्मेवारी दी जायेगी

- महाराष्ट्र के मु.मंत्री एकनाथ शिंदे, उप मु.मंत्री देवेन्द्र फड़नवीस व एन.सी.पी. के प्रफुल्ल पटेल केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में स्थान पा सकते हैं।
- इस आशंका पर भी चर्चा हुई कि, अजीत पवार व उनके साथ आये व मंत्री बने एन.सी.पी. के नेताओं की संख्या पर्याप्त नहीं, दल-बदल कानून के दायरे में आने से बचने के लिये।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार की रात को चार घंटे तक अपनी मंत्रिपरिषद की मीटिंग लीं तथा ऐसी अटकले चर्चा में रही कि 10 मंत्री या तो भाजपा संगठन में भेज दिये गये हैं या फिर उन राज्यों में पहुंचा दिये गये हैं, जहाँ विधानसभा चुनाव इसी साल, अगले साल अप्रैल में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले, होने हैं।

एक अटकल यह भी है कि नेशनलिस्ट पार्टी के अजीत पवार, जिन्होंने तीसरी बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है, को पदोन्नति देकर, महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है तथा 59 वर्षीय वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे (शिवसेना) 52 वर्षीय उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस तथा एन.सी.पी. नेता प्रफुल्ल पटेल केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किये जा सकते हैं। ज्ञातव्य है कि अजीत पवार 1 जुलाई तक विपक्ष के नेता थे।

इस जमीनी हकीकत का आँकलन करने के बाद कि अजीत तथा आठ अन्य लोग, जिन्होंने मंत्रीपद की शपथ ली थी, के पास उतना संख्या बल नहीं है, जो पद पर बने रहने के लिये जरुरी है क्योंकि इन्हें कम से कम 36 विधायक चाहिये, क्योंकि एन.सी.पी. विधायक संख्या 53 है, एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार ने राज्य के एन.सी.अध्यक्ष जयन्त पाटिल से कहा कि वे दलबदल-विरोधी कानून के अन्तर्गत, इन सभी 9 नेताओं को डिसक्वालिफिकेशन का नोटिस दे दें।

अजीत ने पलटवार करते हुये, उन्हें एन.सी.पी. से निकालने के पत्र के मिलते ही, पाटिल को उनके पद से हटा दिया। सूत्रों ने यहां बताया कि जब अजीत ने यह देखा कि उनके समर्थन में आये विधायकों ने शरद पवार की ओर लौटना शुरु कर दिया है तो उन्होंने अपने चाचा शरद पवार से समझौता करने की कोशिश की। अजीत के शपथ लेने वाले दिन, उनके साथ 13 विधायक थे, लेकिन अब उनकी संख्या 10 ही रह गई है, जो कि अजीत की डिसक्वालिफिकेशन का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'विपक्ष की बैठक अब 17-18 जून को बैंगलूरू में होगी'

## कांग्रेस के महासचिव वेणु गोपाल ने ट्विटर पर यह घोषणा की

- भतीजे अजीत पवार की बगावत से प्रारंभ में तो शरद पवार कुछ हतप्रभ से लगे, पर फिर बाद में, जमीन से पार्टी पुनः खड़ी करने की बात कही और इस मकसद से पूरे महाराष्ट्र के दौरे पर निकल पड़े।
- पुणे से कराड़ पहुंचे शरद पवार के स्वागत में हजारों लोग इकट्ठे हुए। स्थानीय विधायकों के अलावा कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण भी स्वागत में मौजूद थे, विपक्ष की एकता का मैसेज देने के लिये।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जुलाई। कांग्रेस ने आज घोषणा की कि विपक्षी दलों की अगली बैठक बेंगलुरू में 17 और 18 जुलाई को होगी। पार्टी ने कहा कि भाजपा वॉशिंग मशीन के ''मुंबई ऑपरेशन्स'' ने भाजपा को हराने के उसके इरादों को और मजबूत का दिया है।

यह बैठक 20 जुलाई से आरंभ होने वाले संसद के सत्र की पूर्व संध्या पर होगी और यह भाजपा को स्पष्ट संदेश है कि विपक्षी एकता को तोड़ने के उसके मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे।

कांग्रेस के महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने विपक्ष की बैठक की तिथियां ट्विटर पर घोषित की और कहा, ''हम फासिस्टों और अलोकतांत्रि ताकतों के खिलाफ संघर्ष हमारे संकल्प पर अटल है।''

वेणु गोपाल ने कहा, ''पटना में सभी विपक्षी दलों की सफल बैठक के बाद अगली बैठक बेंगलुरू में 17 एवं 18 जुलाई 2023 को होगी। हम फास्सिटों और अलोकतांत्रिक ताकतों को हराने और देश को आगे ले जाने के दृष्टिकोण पर अडिग है।

कांग्रेस के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने एन.सी.पी. के अजीत पवार और आठ अन्य नेताओं को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में शामिल करने को लेकर भाजपा पर प्रहार किया।

उन्होंने कहा, ''कल जब भाजपा वॉशिंग मशीन की मुंबई में अपने आई.सी.ई. (इन्कम टैक्स, सी.बी.आई., ई.डी.) डिटर्जेंट के साथ दोबारा शुरू हुई तो भाजपा के इशारे पर विपक्षी एकता को श्रद्धांजलियाँ दी जाने लगीं। लेकिन शोक संदेश लिखने वालों को निराशा होगी कि 23 जून को पटना में जिन पार्टियों की बैठक हुई थी वे 17-18 जुलाई को फिर मिलेगी।

रमेश ने ट्विटर पर कहा, ''मुंबई ऑपरेशंस'' ने विपक्ष के इरादे और मजबूत कर दिए हैं।''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर चुटकी लेते हुए रमेश ने ''मोदी वॉशिंग पाउडर'' की एक फोटो टैग करेत हुए लिखा, ''सारे दाग चुटकियों में धुले।''

राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने वेणु गोपाल के ट्वीट को टैग करते हुए लिखा, ''बेंगलुरू सम्मेलन। सब एक के लिए, एक सबके लिए।''

इससे पहले एन.सी.पी. के प्रमुख शरद पवार ने कहा था कि विपक्ष की अगली बैठक बेंगलुरू में 13-14 जुलाई को होगी। वे तिथियां कुछ राज्यों में विधानसभा सत्रों से टकरा रही थीं।

विपक्षी पार्टियों की पहली बैठक 23 जून को पटना में हुई थी।

हालांकि रविवार को लगे झटके से शरद पवार को भारी शर्मिंदगी हुई है क्योंकि भाजपा के विरूद्ध महागठबंधन बनाने के पीछे उन्हीं का हाथ है, लेकिन भाजपा के शीर्ष रणनीतिकार भूल रहे हैं कि महाराष्ट्र के ये वरिष्ठ नेता प्रतिद्वंदियों का दांव पलटने में माहिर हैं। भगवा पार्टी के कर्ता-धर्ता और उसके हथियार जैसे सी.बी.आई., ई.डी. और आयकर आदि को जनता के साथ पवार के सम्पर्क का अंदाज नहीं है।

शरद पवार ने आज शक्ति प्रदर्शन किया और भाजपा पर विपक्षी पार्टियों को नष्ट करने का आरोप लगाया। पवार ने एन.सी.पी. के पुनरूत्थान की भी शपथ ली।

अपने भतीजे के विद्रोह से राजनैतिक शर्मिंदगी झेलने के अगले दिन ही उन्होंने अपनी ताकत दिखा दी, जब वे अपने संरक्षक और महाराष्ट्र के पहले मुख्यमंत्री यशवंत राव चव्हाण के सतारा स्थित स्मारक पर गुरू पूर्णिमा को श्रद्धांजलि देने गए थे। अपने समर्थकों से भावपूर्ण अपील करते हुए उन्होंने कहा कि, भाजपा सभी विपक्षी पार्टियों को नष्ट कर रही है और उन्होंने एन.सी.पी. के पुनर्गठन की शपथ ली।

पवार ने कहा, ''आज महाराष्ट्र और देश में कुछ गुटों द्वारा धर्म और जाति के नाम पर समाज में दरार डाली जा रही है। उन्होंने कहा कि बागी वापस आ सकते हैं लेकिन इसकी समय सीमा है।

कल 82 वर्षीय नेता ने दावा किया था कि वे अपने भतीजे अजीत पवार के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# शराब व्यापारी महेन्द्रू को अंतरिम जमानत

- सुप्रीम कोर्ट ने व्यापारी समीर महेन्द्रू को 6 सप्ताह की अंतरिम जमानत मंजूर की तथा जमानत के विरूद्ध दायर की गई ई.डी. की याचिका को खारिज कर दिया।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को शराब व्यापारी समीर महेन्द्रू को दी गई 6 हफ्ते की अंतरिम जमानत के विरूद्ध प्रवर्तन निदेशालय की अपील खारिज कर दी। जमानत में कई प्रतिबंध

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नई काया पलट के साथ सुप्रीम कोर्ट खुला

- सोमवार को ग्रीष्मावकाश के बाद सुप्रीम कोर्ट पुनः खुला। डिजिटल स्क्रीन, लायब्रेरी और वाय-फाय कनैक्टिविटी जैसा आधुनिक सुविधाएं आने से किताबों ओर फाइलों की अलमारियाँ हटा दी गई हैं।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जुलाई। ग्रीष्मवकाश के बाद, जब सर्वोच्च न्यायालय सोमवार को फिर से खुला तो उसका काया पलट हो चुका था, अदालत के कक्षों से किताबों की अल्मारियाँ हटा दी गई हैं तथा इस प्रकार, कक्षों में ज्यादा जगह निकल आई है, तथा वकीलों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

चापलूस आपको हानि पहुंचा कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है। –हरिऔध

# मणिपुर पर मोदी का मौन कब टूटेगा?

गत दो माह से पूर्वोत्तर भारत का एक प्रमुख राज्य मणिपुर स्थानीय समुदायों की आपसी हिंसा के कारण एक प्रकार से जल रहा है। अब तक समय में 100 से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। 50,000 से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हो कर शरणार्थी शिविरों में रहने पर विवश हैं। इन राहत शिविरों की संख्या 350 के लगभग है जिनमें अलग-अलग जातियों के लिए अलग-अलग शिविर बनाये गये हैं। लोगों के घर बड़ी संख्या में जला दिए गए हैं, बच्चों की पढ़ाई समाप्त हो गई है। बहुत ही खराब स्थिति में वहां के विस्थापित लोग अपने ही देश में शरणार्थी की तरह जीवन यापन कर रहे हैं। विस्थापित लोगों में दोनों ही समुदाय के लोग हैं नागा-कुकी और मैती।

इतनी अराजकता के लगातार चलते रहने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी का इस संबंध में अब तक कोई वक्तव्य नहीं आना आश्चर्यजनक है। यह आश्चर्यजनक इसलिए और भी अधिक है क्योंकि मोदी अपने संबोधनों में पूर्वोत्तर भारत को अतिरिक्त महत्त्व देने की बात कहते रहे हैं। उन्होंने वहां प्रधानमंत्री बनने के बाद कई बार यात्रा भी की है। इस क्षेत्र का महत्व इसलिए भी अधिक है कि इसकी सीमा म्यांमार और बांग्लादेश से लगती है। यह उल्लेख है कि इन दो महीनों में प्रधानमंत्री ने तमाम व्यवस्थाओं के बावजूद इसके लिए समय निकाला कि वह नए संसद भवन का उद्घाटन करें, अमेरिका की यात्रा करें एवं वहाँ विभिन्न स्वागत समारोहों में भारतीय लोकतंत्र के यश का गुणगान करें। साथ ही अपने आप को विश्व के प्रमुख नेता के रूप में स्थापित करने का कोई अवसर वे नहीं छोड़ते हैं। उन्होंने मन की बात के कार्यक्रम में मणिपुर का जिक्र तक नहीं किया। ऐसा लगता है कि मणिपुर को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है। केंद्र सरकार विशेषकर प्रधानमंत्री जी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। इससे पहले कि हम प्रधानमंत्री जी की आश्चर्यजनक चुप्पी पर और बात करें, पाठकों को मणिपुर की समस्या के मूल में क्या है, इससे अवगत कराना उपयुक्त होगा।

मणिपुर के कुल क्षेत्रफल का लगभग 90 प्रतिशत पर्वतीय क्षेत्र है जहां पर आदिवासी कुकी एवं नागा जाति निवास करती है जिनकी संख्या कुल जनसंख्या का लगभग 40 प्रतिशत है। शेष जनसंख्या मैती समुदायों की है जो इस राज्य के लगभग 10 प्रतिशत घाटी क्षेत्र में रहती है। उल्लेखनीय है कि 1949 में मणिपुर का भारत में विलय हुआ था। उस समय मैती समुदाय को जनजाति का दर्जा प्राप्त था, किंतु भारत में विलय के बाद इसको समाप्त कर दिया गया। तब से आदिवासी नागा-कुकी और मैती जातियों में संघर्ष की छुट-पुट घटनाएँ होती रही हैं। वर्ष 2012 में मैती समुदाय को जनजाति का दर्जा देने निर्णय लिया गया दिया, किंतु इस पर लगभग 10 वर्ष तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। हाल ही में गौहाटी उच्च न्यायालय द्वारा निर्देश दिए गए कि मैती समुदाय जो जन जाति में शामिल कराने हेतु राज्य सरकार कार्यवाही करे। इसी के अनुसरण में राज्य सरकार ने आदेश जारी किया कि अति समुदायों को अनुसूचित जनजाति में सम्मिलित किया जाए। इससे पूरे राज्य में बवाल आ गया। ऑल स्टूडेंट ट्राइबल काउंसिल ने एक 'जनजाति एक जुटता मार्च' 3 मई को आयोजित किया, जिसके कारण हिंसा की लहर पूरे राज्य में व्याप्त हो गई। यहां यह उल्लेख करना भी उचित होगा कि राज्य सरकार ने अपनी ओर से कोई पैरवी स्पष्ट रूप से उच्च न्यायालय के सामने नहीं की। उन्हें यह भी नहीं बताया गया कि किसी जाति को जनजाति में सम्मिलित करने का निर्णय लेने का अधिकार केवल केंद्र सरकार का है। यदि ऐसा किया होता तो संभवतः उच्च न्यायालय द्वारा इस प्रकार का निर्णय लिया ही नहीं जाता और जो हिंसा भड़की उसे बढ़ने से रोका जा सकता था।

नागा कुकी, मैती को जनजाति का दर्जा दिए जाने का विरोध इस आधार पर कर रहे हैं कि पहले से प्रभावशाली मैती लोगों का पूरा आधिपत्य राज्य पर हो जाएगा। इसके बाद मणिपुर की पूरी आबादी जनजाति में शामिल होने के कारण नागा कुकी की भूमि भी मैती खरीद सकेंगे। बढ़ती हिंसा के कारण पर्वतीय क्षेत्रों से मैती समुदाय के लोग घाटी क्षेत्रों में आ गए। इसी प्रकार आदिवासी जातियां जो कि घाटी क्षेत्रों में रह रही थीं, उनको वहां से पलायन करना पड़ा। सामूहिक बस्तियां जलाने की अनेक घटनाएं प्रदेश में हुईं। स्थिति ऐसी बन गई कि और सरकार अपने आपको लाचार महसूस करने लगी। एक मंत्री का आवास पूरी तरह जला कर खाक कर दिया गया। कुकी जनजाति को यह आशंका है कि उन्हें अब तक जो विशेष अधिकार मिले हुए हैं वह सब समाप्त हो जाएंगे। यदि मैती को जनजाति में सम्मिलित कर लिया जाता है तो फिर विभिन्न प्रकार के जो आरक्षण अनुसूचित जनजाति के लिए हैं उसका पूरा लाभ भी यही वर्ग ले जाएगा और कुकी नागा एवं अन्य आदिवासी सभी प्रकार से वंचित हो जाएंगे।

ऐसा नहीं है कि अब तक यह दोनों समुदाय बिना किसी मनमुटाव के साथ रह रहे हों, किंतु इस समस्या में आग में घी डालने का काम राज्य सरकार द्वारा मैती जाति को अनुसूचित जन जाति में सम्मिलित करने से हुआ। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मैती समुदाय की कुछ जातियां अनुसूचित जाति में दर्ज है, कुछ ओबीसी में तथा कुछ सामान्य वर्ग में है। ये अधिकांशतया हिंदू हैं। दूसरी ओर नागा-कुकी जनजाति अधिकांशतया ईसाई धर्म को अपना चुकी है। एक प्रकार से मणिपुर की समस्या हिंदू एवं ईसाईयों के मध्य संघर्ष के रूप में परिवर्तित होती हुई भी दिखाई देती है। मणिपुर में भाजपा की सरकार है और उसके मुख्यमंत्री द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों के कुछ चर्चों को तोड़ने के आदेश दिए गए।

**भारत सरकार एवं विशेष कर प्रधानमंत्री जी का इस विषय में शांति की अपील तक भी ना करना इस आशंका को बढ़ाता है कि कहीं भारतीय जनता पार्टी जो कि राज्य एवं केंद्र सरकार दोनों में सत्ता में है वह अपने हिंदू राष्ट्र की कल्पना को ही तो आगे बढ़ाने की दिशा में इस स्थिति को नहीं देख रही है। अगर ऐसा होता है, तो यह भारत के सीमावर्ती प्रदेश के लिए विस्फोटक स्थिति उत्पन्न कर सकता है।**

भारत सरकार एवं विशेष कर प्रधानमंत्री जी का इस विषय में शांति की अपील तक भी ना करना इस आशंका को बढ़ाता है कि कहीं भारतीय जनता पार्टी जो कि राज्य एवं केंद्र सरकार दोनों में सत्ता में है वह अपने हिंदू राष्ट्र की कल्पना को ही तो आगे बढ़ाने की दिशा में इस स्थिति को नहीं देख रही है। अगर ऐसा होता है, तो यह भारत के सीमावर्ती प्रदेश के लिए विस्फोटक स्थिति उत्पन्न कर सकता है।

वैसे तो घटना की गंभीरता को देखते हुए एवं उसके भविष्य पर होने वाले प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए, प्रधानमंत्री जी को अब तक एक बार मणिपुर जाकर के सभी वर्गों के लोगों से संवाद स्थापित करना चाहिए था। यदि ऐसा नहीं भी हो पाया तो उनके द्वारा शांति की अपील तो राज्य के लोगों से की ही जानी चाहिए थी। विडंबना यह है कि जो प्रधानमंत्री हर छोटे-छोटे मामले में अत्यंत सक्रियता दिखाते हैं वही इस गंभीर एवं बड़े प्रकरण में अब तक मौन साधे हुए हैं। सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री जी का कोई भी कदम बिना सोचे विचारे हुए नहीं होता है एवं इसके पीछे भी संभवतया कोई न कोई कारण होगा जो समय आने पर अधिक स्पष्ट हो पाएगा। दूसरी ओर, कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने मणिपुर जाकर हिंसा पीड़ित लोगों से राहत शिविरों में बात की एवं उन्हें सांत्वना प्रदान की। पहले तो सरकार में उन्हें वहां जाने से रोकने का प्रयास किया किंतु बाद में उन्हें कुछ राहत शिविरों में जाने की अनुमति दी गई। सोशल मीडिया पर राहुल गांधी की यात्रा के समय जो दृश्य दिखाई दिए और जिस प्रकार की संवेदनशीलता के साथ राहुल गांधी ने मणिपुर के पीड़ित लोगों के साथ बात की है, उसने घाव पर मरहम लगाने का काम किया है। सत्ताधारी दल को इसे सकारात्मक पहल के रूप में देखना चाहिए।

मणिपुर एवं अन्य पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के निवासी अपने आप को वैसे ही वेशभूषा, रहन-सहन, खानपान आदि के कारण अलग-थलग सा महसूस करते हैं और समय-समय पर भारत के अन्य भागों के लोग भी उन्हें ऐसा महसूस कराने से नहीं चूकते। इस समय, भारत सरकार और विशेषकर सत्ताधारी दल के लोगों का यह दायित्व था कि वह लोगों में सद्भावना स्थापित करने का प्रयास करते। वहां के समुदायों में आपसी मनमुटाव बहुत पुराना है किंतु उसे इस स्थिति तक पहुंचने से रोकने का दायित्व तो राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार का ही था। प्रधानमंत्री जी सभी स्थानों पर राज्य में भी भाजपा की सरकार बनाने की बात कहते रहे हैं ताकि डबल इंजन की सरकार होने पर अच्छी शासन व्यवस्था राज्य के नागरिकों को दे पायें। संयोग से मणिपुर भी उन राज्यों में है जहां पर राज्य में भी भाजपा की सरकार होने के कारण वहां डबल इंजन की सरकार है। इसके बावजूद इसे उपेक्षित किया जा रहा है, तो यह विडंबना ही कहा जाएगा। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने तो यहां तक कह दिया कि स्थिति उनके बस में नहीं है। इसी बीच मुख्यमंत्री के इस्तीफे का एक नाटक भी किया गया, जहां मीडिया के द्वारा यह प्रसारित किया गया कि मुख्यमंत्री राज्यपाल को इस्तीफा सौंपने जा रहे हैं किंतु रास्ते में ही लगभग 3000 लोगों की भीड़ ने उन्हें रोककर उनके द्वारा दिया जा रहे इस्तीफे को फाड़ दिया, जिसके दृश्य मीडिया पर दिखाए गए। मुख्यमंत्री ने अपने हाथ से अपना इस्तीफा प्रदर्शनकारियों को दिया था जिन्होंने उसे वाट फाड़ दिया और उसके बाद मुख्यमंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया।

अब, जबकि प्रधानमंत्री अमेरिका दौरे से आ चुके हैं एवं दिल्ली में दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में भाग लेने के लिए मेट्रो की यात्रा भी कर चुके हैं तो उन्हें कुछ समय निकालकर मणिपुर जाकर एक बार इन पीड़ित लोगों से मिलकर उन्हें विश्वास में लेना चाहिए। अन्यथा, आदिवासियों एवं मैती समुदाय के बीच जो खाई इस बार बनी है वह कहीं और चौड़ी होकर स्थाई ना हो जाए। वर्तमान में घाटी में जो नागा-कुकी परिवार रहते थे, उनके घर जला दिए गए और इसी प्रकार पर्वतीय इलाकों में रहने वाले मैती समुदाय के लोगों को शिकार होना पड़ा। दोनों ही समुदाय के लोगों कि जो भी अपनी समस्या रही हो, दोनों में एक समानता है और वह यह कि, इस समय दोनों समुदायों के परिवार बुरी तरफ से प्रभावित हैं एवं वह एवं उनके बच्चे बहुत खराब स्थिति से गुजर रहे हैं। प्रधानमंत्री को तत्काल मणिपुर के सम्बन्ध में अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए, अन्यथा स्थिति नियंत्रण से बाहर होने में अधिक समय नहीं लगेगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# पर्यावरण : बिना रीढ़ वाले जीव ही जीवन की रीढ़ हैं



डॉ. रामावतार शर्मा

हम अक्सर लोगों को कहते सुनते हैं कि फलां व्यक्ति बिना रीढ़ का इंसान है। किसी को धमकाते हैं कि कीड़े-मकोड़े की तरह मसल दूंगा या फिर किसी व्यक्ति विशेष की औकात हमारी नजरों में चींटी से अधिक नहीं होती है। इस संदर्भ में यदि गहन अध्ययन किया जाए तो जो निष्कर्ष निकल कर सामने आते हैं वे हमारे विचारों को झकझोर कर उन्हे नई सोच प्रदान करते हैं। हममें से अधिकांश लोग अपने अति निकट अवस्थित प्रकृति से अनभिज्ञ रहते हैं जिसके फलस्वरूप उपरोक्त अहंकार भरी बातों का जन्म होता है। हमें रोजाना दिखाई देने वाली चींटी का जीवन अत्यंत रोचक है और उसका अध्ययन हमें उसे सम्मान देने को मजबूर कर देगा। मनुष्य अपने आप को प्रकृति का अद्वितीय एवम् अति विशिष्ट प्राणी घोषित कर सकता है परंतु चींटी के होने या न होने का प्रभाव पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व को कहीं ज्यादा प्रभावित करता है। मनुष्य जहां पृथ्वी पर जीवन का विनाश करता है, चींटी इस जीवन को स्थायित्व देने में सहायक होती है और इस फर्क को समझना बदलती स्थितियों में बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है। चींटियां अपने बिल के जाल बुन कर मिट्टी में हवा का प्रवाह बढ़ाती हैं।

वे कई प्रकार के बीज इधर-उधर ले जाकर घास, पौधे एवम् पेड़ों का रोपण करती हैं। चींटी, दीमक और अन्य कीड़ों के बिलों के ऊपर मिट्टी का छोटा सा टीला कई तरह के पोषक तत्वों को अपने में समाहित रखता है जिन पर कितने ही अन्य जीवन पनपते हैं। समुद्र में मछली की तरह धरती पर चींटियां और अन्य कीट कितने ही पक्षियों का भोजन बनकर जीवन श्रृंखला की रक्षा करते हैं। चींटी पृथ्वी पर चिपककर चलने वाले जीवन का सबसे सफल उदाहरण है जो बदलते समय के साथ अपने आप को सुरक्षित रख पाने में सफल हुआ है। असंख्य पैर, वाहन के टायर, सेनाओं के काफिले, तोप के गोले, मिसाइल्स की बरसात, धरती की खुदाई, पहाड़ों जंगलों के दोहन आदि विनाशकारी क्रियाओं के बीच चींटी ने अपने अस्तित्व को बचा कर रखा है। एक अत्यंत लघु जीव की समझदारी और जीवनी शक्ति का इससे बड़ा प्रमाण और क्या हो सकता है? गांव हो या महानगर, कार्बन विहीन बालू हो या शहरों का दूषित कंक्रीट, स्वच्छ जलधारा बहे या गंदा नाला, चींटी हर स्थान और हर परिस्थिति में हर समय कुछ न कुछ कार्य करती नजर आती है जिसके फलस्वरूप उसका जीवन सुरक्षित बना रहे। परिस्थितियों के अनुसार ढलने की कला का चींटी शायद सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है।

मनुष्य धरती पर अंदाजन तीन लाख वर्ष से है और प्रारंभ से अब तक धरती पर कुछ न कुछ विनाश का कारण बना रहा है। दूसरी तरफ चींटियां और अन्य रेंगने वाले जीव 14 करोड़ वर्षों से धरती पर मौजूद हैं। इस समयकाल में इन सबने धरती पर जीवन को फलने-फूलने में सहायता की है और एक तरह से धरती के प्राथमिक पारिस्थितिकी तंत्र (प्राइमरी इकोसिस्टम) के इंजीनियर्स हैं। चींटियां धरती पर करीब 6 करोड़ सालों से खेती भी कर रही हैं जिसमें उन्होंने कुछ तरह की फंगस को पालतू बना लिया और आज भी अपनी कॉलोनी के पास उसे उगाती हैं। इसके अलावा चींटियां कई किस्म के एफिड्स (चेपा या मांहू) को भी पालतू बना चुकी हैं। ये एफिड्स पेड़ों का रस चूसते हैं तो चींटियां इसके चीनी युक्त तरल पदार्थ का दोहन करती हैं। चींटी एक तरह की मास्टर आर्किटेक्ट (कुशल वास्तुकार) होती हैं। बड़ी चींटियां वक्त पड़ने पर आक्रामक भी हो सकती हैं परंतु सामान्यतया ये शांति और सहयोग से ही जीवन जीती हैं।

आपसी संघर्ष कभी कभी प्रकट करने के बावजूद वे सहयोग के महत्व को जल्द ही सीख जाती हैं। अपने इसी गुण के कारण चींटियां सुपर कॉलोनी बनाने में सक्षम हैं। यूरोप में अर्जेंटिन चींटी की एक सुपर कॉलोनी (चींटी महानगर) 6000 किलोमीटर से भी अधिक क्षेत्र में इटली, फ्रांस और स्पेन के कई भूभागों में फैली हुई है। यह पृथ्वी की सबसे बड़ी बसावट है। इस कॉलोनी में चींटियां जनतांत्रिक विधि से शांति, परस्पर सहयोग एवम् सामंजस्य के साथ रहती है जो मनुष्य के लिए एक बड़ा उदाहरण है। हांगकांग विश्वविद्यालय के एक शोध के अनुसार धरती पर 20 क्वाड्रिलियन (बीस पद्म) से भी ज्यादा चींटी की जनसंख्या है यानि एक मनुष्य के पीछे (2.5 मिलियन) पच्चीस लाख से भी ज्यादा चींटियां हैं और यह संख्या कहीं ज्यादा भी हो सकती है। अपने शानदार प्राकृतिक जीवन में हर चींटी पूरे दिन व्यस्त रहकर काम करती है और उसका हर कार्य सुचारू रूप में होता है और कोई भी चींटी मुफ्तखोर और निकम्मी नहीं होती है। हर चींटी व्यक्तिगत की बजाय सहभागिता का जीवन जीती है और उनमें कठिन परिस्थितियों में गजब का आपसी सहयोग देखा जाता है। रसायनिक संकेतों और सूंघने की कमाल की सिद्धि के कारण एक अतिविकसित संचार और सूचना तंत्र होता है जिसकी सहायता से चींटियां चमत्कारिक तरीके से अपने आपको सुरक्षित रख पाती हैं। इनका जीवन प्राकृतिक चेतना और गणितीय एल्गोरिथम पर आधारित होता है तथा सामूहिक बुद्धिमता से सुरक्षित रहता है।

इन रीढ़हीन जीवों के कारण प्रकृति की कोई भी हानि नहीं होती है बल्कि निर्माण ही होता है। विश्व के जाने-माने सोशियो बायोलॉजिस्ट और एंट एंटोमोलॉजिस्ट ई ओ विल्सन के अनुसार चींटी और कीट अपने रहने के स्थानों पर ऐसी परिस्थियां पैदा करते हैं जिनके फलस्वरूप ही यह दुनिया चल रही है। आदमी की बढ़ती संख्या और उससे भी तेजी से बढ़ती अर्थहीन महत्वाकांक्षाओं के कारण धरती की असंख्य रीढ़विहीन जीव कीटनाशक रसायनों के निर्दोष शिकार हो रहे हैं। दुनिया में फूलों को परागित करने वाले कीटों की संख्या में तीस से चालीस प्रतिशत की कमी आई है। यदि इसे रोका नहीं गया तो फूल फलों में कैसे बदलेंगे? क्या हर फूल का मनुष्य के हाथों परागीकरण संभव है? यदि हमने धरती को चींटी और कीट से विहीन कर दिया तो न सब्जी होगी, ना अन्न, न कोई फल और ना ही नए पेड़ पौधे। रीढ़विहीन जीव ही धरती पर जीवन की रीढ़ हैं इस तथ्य को जानिए और इन्हें बचाने के लिए पुर असर आवाज उठाइए।

–डॉ. रामावतार शर्मा,
(चिकित्सक एवं लेखक)

# 'गुरु हमें अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाते हैं'

**टोंक,** (निसं)। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा टोंक की प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने सभी को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर सद्गुरु शिव बाबा की ओर से हार्दिक शुभकामनाए एवं बधाई देते हुए कहा कि गुरु का हमारे जीवन में बहुत महत्त्व है। 'गु' का अर्थ होता है अंधकार (अज्ञान) एवं 'रु' का अर्थ होता है प्रकाश (ज्ञान)। गुरु हमें अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाते हैं। गुरु हमारे जीवन की नैया के खिवैया है।

उन्होंने कहा कि परमपिता परमात्मा आदिगुरु शिव बाबा हमारा सतगुरु बनकर हमें मुक्ति और जीवन मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। नित्य ज्ञान की मधुर मुरली सुनकर वरदानों से हमारी झोलिया भर रहे है। हमे जन्म जन्मांतर के लिए सुख शांति से भरपूर बना रहे है। मनमनाभव के महामंत्र द्वारा सर्व दुरूखों से मुक्त कर सदा सुखी जीवन बना रहे हैं। ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने कहा कि स्व परिवर्तन को आधार बनाकर विश्व परिवर्तन के लिए वासुदेव कुटुंबकम की मानव कल्याण भावना को विकसित कर रहे हैं।आत्म स्मृति का तिलक लगाकर त्रिकालदर्शी बना रहे हैं। आज इस गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उनको कोटि-कोटि धन्यवाद। वही संस्थान से जुड़े भाई बहनों ने माला एवं गिफ्ट देकर दीदी के साथ बीके बीना दीदी व बीके पांचू भाई का स्वागत सत्कार किया।



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा टोंक की प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर सद्गुरु शिव बाबा की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# घुमंतू जाति के लोगों ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया

## मकान, बिजली-पानी और न्याय की मांग को लेकर तीसरे दिन भी प्रदर्शन जारी

**चाकसू,** (निसं)। चाकसू विधानसभा क्षेत्र की माधोराजपुरा पंचायत समित में भारत जोड़ो मिशन समिति के नेतृत्व में घुमंतू जातियों का तहसीलदार, विकास अधिकारी तथा पटवारियों द्वारा किए जा रहे दोयम दर्जे के बर्ताव एवं काबिज भूमि का पट्टा, बिजली, पानी के कनेक्शन के लिए चल रहा आंदोलन तीसरे दिन भी जारी रहा। इस बीच आंदोलनकारियों ने अर्धनग्न प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए।

■ **आंदोलनकारियों ने अर्धनग्न प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए**

भारत जोड़ो मिशन समिति के अध्यक्ष अनीष कुमार ने बताया कि आश्चर्य होता है देश की आजादी के 50 वर्ष बाद भी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के 2021 से पूर्व सरकारी भूमि पर बसे हुए बस्तियों को नियमन करने के आदेश के बाद भी जयपुर जिले में लगभग एक लाख घुमंतु जातियों को बिजली, पानी तथा स्वयं का मकान नसीब नहीं हो पा रहा है। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि, माधोराजपुरा तहसीलदार तथा विकास अधिकारी एवं अन्य अधिकारी मिलकर स्वयं द्वारा 2013 में काबिज होना बताने के बावजूद भी कालबेलिया जाति की काली बाई को बेदखल करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। जबकि जिस खसरे में कालीबाई 50 वर्षों से रह रही है उसी खसरे में दूसरे हिस्सों में दूसरे लोगों को पंचायत समिति द्वारा पट्टा दे दिया गया है। ऐसे में घुमंतू जाति के लोगों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार असहनीय है और इस प्रकार पीड़ित परिवारों की संख्या जयपुर जिले में हजारों में है। यही नहीं तहसीलदार तथा विकास अधिकारी जब चाहे तब किसी भी घुमंतु परिवार के झुग्गी झोपड़ी में पहुंचकर उन्हें डराते धमकाते रहते हैं।

पीड़ित कालीबाई को धमकाने वाले कर्मचारी अधिकारियों के निलंबन की मांग करते हुए अध्यक्ष अनीष कुमार ने प्रशासन के अधिकारियों के धरना स्थल पर पहुंच कर तुरंत समाधान नहीं देने तक धरना प्रदर्शन चलाने एवं शीघ्र समाधान नहीं निकला तो आमरण अनशन की घोषणा की है। पीड़ित काली देवी ने बताया कि बेदखली करने से पहले पट्टे के एवज में प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों ने पैसे की मांग कर पट्टा देने को कहा था पैसे नहीं देने पर उन्होंने बेदखली के आदेश दिए हैं वहीं इसी खसरे में अन्य लोग भी काबिज है जिन्हें नहीं हटाया जा रहा है।

प्रदर्शन में सुरेश बावरिया के नेतृत्व में टोंक जिले के लावा कबीले से भारी संख्या में कार्यकर्ता लगभग पचास किलोमीटर पैदल चलते हुए माधोराजपुरा धरना स्थल पर पहुंचे, इसके अलावा जयपुर तथा टोंक जिले के डिडावता पंचायत, हरसूलिया अमेरिया, चांदमा, मक्खनपुरा, नयागांव, समेलिया हथेली, मांधी, खेड़ा ,फागी, चाकसु, मेदवास, मडालिया, कआग्यआ, भोजपुरा, लधाना, मुहाना, नारायणपुरा, बाणियावाली, नारायणपुरा, धोली मियां की ढाणी, बालापुरा आदि पंचायत तथा ढाणियों से लगभग घुमंतू जाति के छह सौ पुरुष, महिला तथा बच्चों ने माधोराजपुरा स्थित धरना प्रदर्शन में भाग लिया।

वहीं मामले में विकास अधिकारी बृजेंद्र धाकड का कहना है कि यह भूमि पंचायत समिति कार्यालय के लिए आवंटित की जा चुकी है। इन लोगों के रहने के लिए सामने ही आबादी भूमि पड़ी है।



घुमंतू जाति के लोगों ने अर्धनग्न होकर तीसरे दिन भी सरकार से मकान, बिजली-पानी और न्याय की मांग की।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**मंगलवार 4 जुलाई, 2023**


प्रथम सावन (शुद्ध), कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र प्रातः 8:25 तक, ऐन्द्रयन योग दिन 11:44 तक, कौलव करण दिन 1:39 तक, चन्द्रमा दिन 1:44 से मकर राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-धनु, मंगल-सिंह, बुध-मिथुन, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।


आज त्रिपुष्कर योग दिन 1:39 से बुधवार प्रातः 5:39 तक है। आज अशून्य शयन व्रत, मंगला गौरी पूजा है।


**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:06 से 10:49 तक, लाभ-अमृत 10:49 से 2:13 तक, शुभ 3:56 से 5:38 तक।


**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:42, सूर्यास्त 7:21


### मेष

परिवार में नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### वृष

मित्रों/रिश्तेदारों से वाद-विवाद टालने का प्रयास करें। आपसी अनबन बढ़ने का भय बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।

### कर्क

अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### सिंह

परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।


### कन्या

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी और व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

### तुला

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


### वृश्चिक

व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

### धनु

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे और अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मकर

अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। अनावश्यक धन खर्च में वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

### कुंभ

आर्थिक/वित्तीय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।


### मीन

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

# गुरू के बिना खुशियां व सफलता अधूरी, गुरू का आशीर्वाद सबसे बड़ी पूंजी : मुकेश मुनि



गुरू पूर्णिमा के अवसर पर अजमेर में श्री जैन श्वेताम्बर संस्था पार्श्वनाथ कॉलोनी वैशालीनगर के तत्वावधान में आयोजित धर्म सभा में काफी जने उपस्थित रहे।



अजमेर में श्री जैन श्वेताम्बर संस्था पार्श्वनाथ कॉलोनी वैशालीनगर के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा को मुकेश मुनि ने संबोधित किया।

**अजमेर**, (कासं)। हमारे जीवन में चाहे कितनी भी सफलताएं व खुशियां आ जाए लेकिन जब तक गुरू का आशीर्वाद हमे प्राप्त नहीं होगा तब तक वह अधूरी है। गुरू ही है जो हमे जीवन में सफलता की राह पर आगे बढ़ाता है। गुरू के आशीर्वाद से बड़ी इस जग में कोई पूंजी नहीं हो सकती। जिसे गुरू का आशीर्वाद मिल जाए वह शिष्य भाग्यशाली होता है। ये विचार सोमवार को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर अजमेर में श्री जैन श्वेताम्बर संस्था पार्श्वनाथ कॉलोनी, वैशालीनगर के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा में पूज्य वरिष्ठ प्रवर्तक पूज्य गुरूदेव श्रीरूपचंदजी म.सा. के शिष्य, युवा तपस्वी श्री मुकेश मुनिजी म.सा ने व्यक्त किए।

उन्होंने जीवन में गुरू का महत्व समझाते हुए कहा कि किसी भी सफल साधक या महापुरूष का जीवन देखे उसे आगे बढ़ाने वाला गुरू ही मिलेगा। गुरू ही होता है जो मिट्टी को सोना बना देता है ओर उसके आशीर्वाद से असंभव कार्य भी संभव हो जाते है। हमारे माता-पिता भी हमारे लिए गुरू के समान है जो हमे संसार सागर की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते है।

वहीं शतावधानी साध्वी मनोहर श्रीजी महारासा सोमवार को श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ श्री जिनदत्तसूरि दादाबाड़ी में आयोजित गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर आयोजित धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरू का स्थान जीवन में उस नींव के पत्थर के समान होता है जो दिखता नहीं पर सारी ईमारत उसी पर टिकी होती है। गुरू ही हमारे जीवन का आधार है। गुरू का हाथ थामिये गुरू जीवन को सफल बनायेंगे। गुरू ही अज्ञान के अन्धेरे में सत्य का दीप जलायेंगे।

खरतरगच्छ संघ के रिखब सुराना ने बताया कि दादाबाड़ी में गुरू पूर्णिमा महोत्सव की शुरूआत गुरूवन्दन से की गई जिसमें उपस्थित श्रदाजुओं ने महासतियों श्री की गुरूवन्दना की तत्पश्चात् साध्वी निरन्जना श्रीजी महारासा ने मंगलाचरण से गुरूपूर्णिमा महोत्सव की शुरूआत की।गुरू पूर्णिमा महोत्सव में अनिल कुमार गोलेच्छा, विक्रमसिंह पारख, सुशील वेद सहित सैकडो भक्तो ने उपस्थित रहकर दादा गुरूदेव की पूजा अर्चना की। गुरू पूर्णिमा महोत्सव को सम्बोधित करते हुये साध्वी डॉ. स्मितप्रज्ञा श्रीजी महारासा ने कहा की गुरू ऐसी नदी है जिसका प्रभाव हमारे जीवन में अविचल बहता रहता है। गुरू वह प्रसाद है जिसको लेने पश्चात् अन्य प्रसाद की आवश्यकता नहीं रहती है। मनुष्य के जीवन में 3 गुरू मुख्य है। प्रथम माता द्वितीय पिता तृतीय गुरू/ गुरू पूर्णिमा कर चांद है। गुरू की शक्ति को पहचानें। गुरू के उपदेश अमल में लाओं। गुरू पूर्णिमा के समस्त कार्यक्रम झालरापाटन निवासी बहादुर सिंह, नितिन, क्रियांष, खुष्बू भंडारी परिवार की तरफ से आयोजित हुई। दादागुरूदेव की बड़ी पूजा संगीतकार महक गोलेच्छा द्वारा पढ़ाई गई।

इस दौरान दादा गुरूदेव की महा आरती में श्रावक-श्राविका ने दीपक से महा आरती कर साध्वी मनोहर महारासा से मंगलिक ग्रहण किया।

## सार-समाचार

### गुरु पूर्णिमा पर गुरूओं का सम्मान

**अजमेर**, (कासं)। गुरु की शिक्षा से भी जब तक समर्पण का भाव मन में पैदा नहीं हो तो वह शिक्षा निरर्थक ही होती है। गुरु शिष्य के मध्य संकल्प व समर्पण का भाव होना जरूरी है । यह विचार सोमवार को आगरा गेट स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती निर्वाण स्मारक न्यास (भिनाय कोठी ) में गुरु पूर्णिमा पर विशेष यज्ञ के उपरांत न्यास के प्रधान व पूर्व विधायक डॉ. श्रीगोपाल बाहेती गोपाल ने व्यक्त किए। इस मौके पर पंडित जागेश्वर निर्मल के ब्रह्मत्व में विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त एम एल अठावाल व भंवर लाल शर्मा का डॉ .बाहेती द्वारा माल्यार्पण, दुपट्टा व स्वामी दयानंद सरस्वती व दंडी गुरु विरजानंद की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर मुकेश शर्मा, पप्पू लाल चोयल, एडवोकेट ईश्वर देवड़ा, डॉ. नेमीचंद तंबोली, राहुल आर्य, प्रकाश किशोर खन्ना, मेहराज खान, सत्यनारायण शर्मा, सेठ गुलाब खंडेलवाल, दिलीप चौहान, सुरेश आर्य, उमेश शर्मा, चेतन पवार आदि ने भी हवन में मंत्रोच्चारण के साथ विशेष आहुति दी।

### जयपुर घाट पर दो युवक डूबे

**पुष्कर**, (निसं)। पुष्कर पवित्र सरोवर के जयपुर घाट पर सीकर जिले के दो युवक डूबे गए। सिविल डिफेंस, पुलिस मित्र और स्थानीय गोताखोर ने बहुत मशक्कत के बाद दोनों युवकों को सरोवर से बहार निकाला। दोनों युवक सीकर के रहने वाले बताए जाते है। युवकों का नाम राकेश व श्रवण बताया जा रहा है । पुष्कर थाने के उप निरीक्षक छीतर मल ने बताया कि सीकर के रहने वाले तीन युवक सोमवार को गुरु पूर्णिमा पर पुष्कर सरोवार में स्नान के करने के लिए पुष्कर आए थे। तीनो युवक स्नान करने के लिए जयपुर घाट जो सन सेट कैफे कहलाता है वहां पर पहुंचे यहां पर श्रवण और राकेश पैर फिसलने के कारण गहरे पानी में चले गए। बताया जाता है कि लोगों ने इन्हें काफी सचेत भी किया था पानी गहरा है संभल कर स्नान करें लेकिन यात्री तीर्थ पुरोहितों का कहना मानते ही नहीं है । लगभग 6:30 बजे दोनो को निकाल लिया गया । घर वालों को सूचना दे दी गई है। देर रात तक घर वाले पुष्कर पहुंच जाएंगे। एक साथी बच गया इनका जिसका नाम सुनील है।

### चरागाह से पक्के व कच्चे मकान तोड़े

**सरवाड़**, (निसं)। सातोलाव में चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा। कई वर्षों से चल रहे चरागाह भूमि पर अतिक्रमण को लेकर हाईकोर्ट के निर्देशन पर आज सतोलाव ठाम में उपखंड अधिकारी विकास मोहन भाटी, तहसीलदार राहुल पारीक, पुलिस उपधीक्षक खिव सिंह राठौड़, सरवाड़ थाना प्रभारी सुरेंद्र गोदारा सहित राजस्व टीम ने मौके पर मौजूद रहकर जेसीबी मशीन की सहायता से कई पक्के व कच्चे मकानों को धवस्त कराया व चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। एकाएक कार्रवाई से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पशुपालकों को काफी समय से अतिक्रमण होने से परेशान हो रहे थे। अतिक्रमण हटाने के साथ ही चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटने से पशुपालकों को राहत मिलेगी। अजमेर से भी विशेष जाब्ता पहुंचा काफी संख्या में पुलिस जाब्ता के बीच अतिक्रमण को हटाया गया।

### श्रीराम छात्रावास का कार्यक्रम संपन्न

**बिजयनगर**, (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर बिजयनगर के नव प्रकल्प श्री राम छात्रावास शिलान्यास (नींव मुहूर्त) शुभ मुहूर्त में विधि विधान के साथ संपन्न हुआ । मसूदा प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह मीनूकंवर राठौड़ प्रधान राठौड़ के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में विद्या भारती संस्थान अजमेर मन्त्री विद्या भारती जय सिहं शेखावत , जिला सचिव संजय शर्मा स्थानीय समिति अध्यक्ष विजय कुमार बिन्दल, उपाध्यक्ष जिनेश कांठेड, सचिव संजीव कोठारी, कोषाध्यक्ष अभिषेक नाहर, जितेन्द्र पीपाडा, भागचन्द चोरडिया, तरुण शर्मा,नवीन शर्मा,बालमुकन्द कोगटा राजेश तिवाडी, प्रेम राज बोहरा,अजय शर्मा, दिनेश शर्मा, निर्मल बाफणा, पुखराज मेहता, प्रकाश अब्बानी, रतनलाल नाहर, विद्यालय आचार्य दीदी आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी संस्था प्रधान उदय सिंह ने दी। अंत में सभी ने पौधा रौपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति कृत संकल्प लिया।

### यज्ञ में आहुति दी

**मदनगंज-किशनगढ़**, (निस)। पतंजलि योग समिति द्वारा आर्य समाज भवन में पूजा अर्चना के साथ यज्ञ में आहुति देकर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया। प्रभारी गिरधारी अमरवानी ने बताया कि पं दिलीप शास्त्री ने यज्ञ कराया। सुमन-सुरेश गोयल यज्ञ के मुख्य यजमान रहे। मंजू कुमावत, कैलाश कुमावत ने भजन प्रस्तुत किये। महिला प्रभारी सरोज शर्मा, गिरधारी अमरवाणी, प्रकाश गंगवाल, योग शिक्षक प्रभुदयाल कुमावत ने गुरु महिमा को लेकर विचार व्यक्त किए। योग शिक्षक विष्णु कुमावत, सुमन शर्मा, ममता बेनावत, संगीता अग्रवाल, सुमित्रा शर्मा, मंजू मेवाड़ा, मंजू कुमावत, अंजू दोषी को सेवाकार्यो के लिए सम्मानित किया। तनु-करण मेघानी ने प्रसाद वितरण किया। दिनेश मालू, चंदू शर्मा, सुनीता सेकसरिया, सुरेश अजमेरा, नंदकिशोर कुमावत सहित कई बंधु मौजूद रहे।

### भील बस्ती व मंदिर में वृक्षारोपण

**मदनगंज-किशनगढ़**, (निस)। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपना संस्थान किशनगढ़ द्वारा हाउसिंग बोर्ड भील बस्ती मंशापूर्ण महादेव मंदिर व नागा बाबा मंदिर में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के साथ भील बस्ती में स्वच्छता का भी कार्यक्रम रखा गया। भील समाज अध्यक्ष गोपसिंह व रामस्वरूप शर्मा अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संस्था के सत्यनारायण पंवार, रूपेंद्र सिंह, ओमप्रकाश भाटी, विष्णु शर्मा भगवानदास मोटवानी, गोदावरी मोटवानी आदि उपस्थित रहे। रूपेंद्र सिंह ने स्वच्छता के बारे में जानकारी देकर गुरु पूर्णिमा पर प्रत्येक व्यक्ति को अपने गुरु के नाम एक वृक्ष लगाने के लिये प्रेरित किया।

### महर्षि वेदव्यास की जयंती मनाई

**मदनगंज-किशनगढ़**, (निस)। पाराशर ब्राह्मण समाज किशनगढ़ शहर की और से मोहन बेरी मंदिर प्रांगण में गुरु पूर्णिमा पर महर्षि वेदव्यास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। समाजसेवी प्रकाश पाराशर, रामरतन पाराशर व किशोर पाराशर के सानिध्य में आयोज्य कार्यक्रम में पं. मनसुख पाराशर ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। महामंत्री सतीश पाराशर ने समाज से संगठित होने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में समाज को संगठित होकर कार्य करना चाहिये, ताकि प्रगति कर सके। इस अवसर पर राजकुमार, नवीन, दिनेश, उमेश, गोविंद सहित महिला मोर्चा में उषा पाराशर, संपत पाराशर, अंजू पाराशर, प्रेमा पाराशर, शतविभा पाराशर उपस्थित रही। संचालन पीयूष पाराशर ने किया।

### युवती ने आत्महत्या की

**भीलवाड़ा**, (नि.सं.)। शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र की आरके कॉलोनी में एक युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। युवती ने किन कारणों के चलते यह कदम उठाया, इसका अभी खुलासा नहीं हो पाया है। सुभाष नगर थाना पुलिस ने बताया कि आरके कॉलोनी निवासी कुलदीप वैष्णव की 20 साल की बेटी गुनगुन ने घर पर ही फांसी लगा ली। इस बात की परिजनों को जानकारी मिली तो वे गुनगुन को फंदे से उतार कर एमजी अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। जहाँ सोमवार सवेरे शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### हथकरघा प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास

**अजमेर**, (कासं)। दिगंबर जैन आचार्य संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज की आशीर्वाद एवं प्रेरणा से राजस्थान के अजमेर शहर में हथकरघा प्रशिक्षण केंद्र का प्रथम शिलान्यास ज्ञानोदय तीर्थ क्षेत्र के सामने नारेली बाईपास पर आज संपन्न हुआ। आचार्य श्री के निर्देशन में प्रशिक्षु गुरु भैया शशांक, भैया आकाश, भैया व उनकी टीम की निर्देशन में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में वास्तु विशेषज्ञ राजेंद्र इंदौर से उपस्थित हुए। उनके निर्देशन में भूमि पूजन करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र राठौड़ राज्यमंत्री एवं चेयरमैन आरटीडीसी व उनकी पत्नी हनसा कंवर उपस्थित थे।

### पुष्कर कथा स्थल का जायजा लिया

**अजमेर**, (कासं)। आरटीडीसी चेयरमैन राज्यमंत्री धर्मेंद्र राठौड़ ने सोमवार पुष्कर के मेला मैदान में पंडित प्रदीप मिश्रा की होने वाली कथा को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों व कथा के आयोजकों से चर्चा की। साथ ही कथा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व विधायक डॉक्टर गोपाल बाहेती विवेक पाराशर, शैलेंद्र अग्रवाल डिप्टी मेयर, नीरज जैन, विवेक पाराशर आदि मौजूद रहे।

## गुलर गांव में तीन घर बने चोरों का निशाना

**परबतसर**, (निस) पीलवा थाना क्षेत्र के गुलर गांव में बीती रात तीन घरों में चोरी वारदात हो गई। यहां रात के वक्त किसी को भी चोरों की भनक तक नहीं लगी और चोर घरों के पिछवाड़े स्थित खिड़कियां तोड़कर 10.20 लाख के सोने-चांदी के गहने और नकदी चुरा ले गए। चोरों ने 9 लाख रुपए के सोने के गहने, 1 लाख रुपए के चांदी के गहने और 1.20 लाख रुपए नकद चुरा लिए। सुबह ग्रामीणों ने पीलवा पुलिस को भी मामले की सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके के लिए रवाना हुई।

चोरों के मकानों में घुसने का एक ही तरीका रहा। एक मकान में आगे की तरफ से घर में घुसे, जबकि दो मकानों में पीछे की जाली तोड़कर अंदर घुसे और लाखों रुपए की नगदी और जेवरात पार कर ली। इन तीन मकानों में से दो मकान तो पास-पास ही बने हैं, जबकि एक मकान थोड़ा दूरी पर था। इन सभी घरों के लोग गर्मी की वजह से अपने घरों की छत पर या फिर बाहर खुले में चारपाई बिछाकर सो रहे थे और पीछे चोर घर में घुसे और चोरी वारदात को अंजाम दे दिया। इस चोरी वारदात के बाद क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों ने पुलिस से जल्द चोरियो का खुलासा करने की मांग की है। बता दें 7 जून की रात को क्षेत्र के ललाणा गांव में चोरी के 26 दिन बाद गुलर गांव में चारी वारदात हुई है। इधर... इस मामले में पीलवा थानाधिकारी सूरजमल चौधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के गुलर गांव में चोरी वारदात की सूचना मिली है। मामले की इंवेस्टिगेशन के लिए मौके के लिए टीम रवाना हुई है।

राजूराम पुत्र बोदूराम माली का घर यहां चोरों ने घर में घुसकर 10 तोला सोने के गहने और 1 किलो चांदी के गहने चुरा लिए। साथ ही 25 हजार रुपए नकद भी चुरा लिए। राजूराम जोधपुर में पत्थर की खान में काम करते हैं। प्रभुराम पुत्र तेजाराम माली का घर, यह भी पत्थर की खान पर ही काम करते हैं। इनके घर से 75 हजार रुपए, डेढ़ा तोला सोने के जेवरात सहित कुछ चांदी के आभूषण चोरी हो गए। इन्हें भी सुबह ही चोरी वारदात का पता चला। राधेश्याम पुत्र प्रहलादराम मेघवाल का घरयह मेहनत-मजदूरी का काम करते हैं। इनके घर से तीन तोला सोने के आभूषण, पायजेब की 4 जोड़ी और 20 हजार रुपए नकद चोरी हो गए। चोरों ने घर में पूरा सामान बिखेर दिया।

7 जून को ललाणा में भी 4 घरों से 11 लाख की हुई थी चोरी आपको बता दें कि पिछली 7 जून को नागौर जिले के गच्छीपुरा थाना क्षेत्र के ललाणा कलां गांव में भी चोरों ने इसी तरीके से चोरी वारदात को अंजाम देते हुए 5 घरों को निशाना बनाया था और 4 घरों से करीब 11 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने और नकदी चुरा ली थी। इनमें 9 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने और 2 लाख रुपए शामिल थे।

## शिष्यों ने गुरू पूजन किया

**भीलवाड़ा**, (नि.सं.)। शहर में आज गुरु पूर्णिमा उत्साह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। शहर के प्रमुख मंदिर और आश्रम में श्रद्धालुओं ने गुरु की पूजा कर आशीर्वाद लिया।

गुरु पूर्णिमा को लेकर भीलवाड़ा शहर के संकट मोचन हनुमान मंदिर के साथ ही जिले भर के मंदिरों में गुरू पूजन के विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किए गए। संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी महाराज ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व को लेकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूजा और प्रसादी का कार्यक्रम रखा है। बालाजी को विशेष चोला चढ़ाया गया। लगभग दो हजार श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी रखी गई है। रेलवे स्टेशन स्थित हठीले हनुमान मंदिर के पुजारी बालकिशन शर्मा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के मौके पर सुंदरकांड पाठ वषिणु सांगावत द्वारा किया गया। जबकि गुरु पूर्णिमा पर गुरु पूजा और भंडारे का आयोजन रखा गया है। पेच के बालाजी मंदिर के पुजारी पंडित आशुतोष शर्मा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के मौके पर गुरु पूजा के साथ ही अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी प्रकार शहर के अन्य मंदिरों में भी गुरु पूजा के कार्यक्रम हो रहे है। मांडल क्षेत्र के समेलिया में श्री गुरू जम्भेश्वर मंदिर में गुरू पूजन व प्रसादी का आयोजन रखा गया है। श्री पंचमुखी दरबार के महंत त्यागी लक्ष्मण दास ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज प्रात: 9.15 बजे गुरु चरणों (चरण पादुका) पूजन कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमे संतों ने गुरु पूजन और इसके बाद भक्तों द्वारा भी गुरु चरण पादुक पूजन किया जा रहा है और शाम को 5 बजे से लेकर 8 बजे तक प्रसाद वितरण किया गया।

**बान्दनवाड़ा संवाददाता के अनुसार :-** गुरु पूर्णिमा पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भिनाय में नवनिर्मित जल मंदिर (प्याऊ) का फीता काटकर उदघाटन संत अमित भारती द्वारा किया गया। जल मंदिर का निर्माण भिनाय निवासी भामाशाह रामधन चंदेल द्वारा करवाया गया है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य लालाराम रेगर,उप प्राचार्य अब्दुल रब मंसूरी,रामदयाल रेगर, राजेंद्र शर्मा, स्टाफ व छात्र-छात्राएं ने उपस्थित रहे।

## मसूदा मंडल का सम्मेलन हुआ

**मसूदा**, (निसं)। सोमवार को भाजपा प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश में अजमेर देहात के मसूदा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मसुदा मंडल की बूथ कार्यसमिति एव पन्ना प्रमुख का सम्मेलन का आयोजन अखाड़े वाले बालाजी मंदिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अल्पकालीन विस्तारक हिमाचल प्रदेश विजय जरयाल एव विधानसभा विस्तारक मोहन मेहरा के नेतृत्व में बूथ अध्यक्षो एव बूथ समिति , पन्ना प्रमुख का सम्मेलन किया गया। बूथ अध्यक्ष व कार्यकारी और शक्ति केंद्र संयोजक की मीटिंग आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में मसुदा विधानसभा समन्वयक वीरेन्द्र सिंह कानावत, विस्तारक मोहन सिंह मेहरा ,मण्डल अध्यक्ष योगेन्द्र सिह राठौड़, मण्डल महामंत्री मनोज जैथलिया , पूर्व मंडल अध्यक्ष उमराव सिह ,किसान जिला उपाध्यक्ष हरि सिंह राठौड़ , राजेश मंडल उपाध्यक्ष खुमानसिंह ,जसराज पंवार , लादू जी गुर्जर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व प्रधान वीरेंद्र कानावत ने मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

## युवा कांग्रेस की बैठक हुई

**अजमेर**, (कासं)।अजमेर शहर जिला युवा कांग्रेस के तत्वाधान में अजमेर सर्किट हाउस में सोमावर को 11 बजे अजमेर शहर युवा कांग्रेस की प्रथम बैठक संपन्न हुई।

जिलाध्यक्ष मोहित मल्होत्रा ने बताया कि अजमेर शहर युवा कांग्रेस की आज प्रथम बैठक में भारतीय युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन और युवा कांग्रेस का आगामी कार्यक्रम 'युथ जोड़ो-बूथ जोड़ों' कार्यक्रम पर चर्चा की गई जिसमे पधारे प्रभारीगण का माला साफा पहना कर स्वागत किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल ही में होने वाले देश में 11 साल बाद भारतीय युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन बेहतर भारत की बुनियाद कार्यक्रम 3 दिवसीय 26, 27, 28 जुलाई को बैंगलोर में होने जा रहा है। जिसमे देश प्रदेष जिले के पदाधिकारी भाग लेंगे, जिसके लिए आज प्रभारी नेशनल को-आर्डिनेटर श्रुति कुमारी, प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी अरबाब खान, प्रदेश महासचिव व अजमेर जिला प्रभारी टिकम जाट, जिला सह प्रभारी प्रदेश सचिव सुनील डूडी और नरेंद्र गुर्जर ने मीटिंग में सभी पदाधिकारिया को राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मलित होने के लिए प्रेरित किया साथ ही युथ जोड़ों बूथ जोड़ों कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अजमेर शहर युवा कांग्रेस आगामी दिनों में बूथ पर उतर कर हर बूथ पर 5 युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जोड़ कर बूथ स्तर पर कार्य का शुभारम्भ करेगी।

जिला प्रभारी टिकम जाट ने बताया की जो पदाधिकारी मासिक बैठक में उपस्थिति नही देंगे और बैठक को गंभीरता से नहीं लेंगे उन सभी पदाधिकारियो को नोटिस देकर अगली बैठक में अंतिम अवसर दिया जाएगा। उसके पश्चात् युवा कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी।

आज की प्रथम बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों में अकबर हुसैन, पवन ओड, शीतल जोनवाल, शोएब अख्तर, काजल यादव, परवेज खान, पायल जैन, अनुराग रायपुरिया, तोसिफ अहमद, ओमप्रकाश मंडावरा, राजकुमार बाकोलिया, धीरज खोरवाल, वालिउदिन चिश्ती, विलास, तोहीद खान, हाशिम कुरैशी, गफ्फार शेख, शुभानुदीन, ताहिर खान, फजलू खान, तपन प्रजापति, हनीश मारोठिया आदि मौजूद रहे।

## कुंड का लांबा में दो पक्ष लड़े

**मसूदा**, (निसं)। मसूदा थाना अंतर्गत कुंड का लांबा में सोमवार को दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया । संघर्ष में एक ही परिवार के करीब एक दर्जन महिला व पुरुष घायल हो गए।

एक पक्ष अपने खेत पर जेसीबी चला रहा था तभी दूसरे पक्ष ने जेसीबी चलाने से मना कर दिया जिसको लेकर दोनों पक्षों में झड़प हो गई । बीच बचाव करने आए एक व्यक्ति भी घायल दोनों पक्षों ने झड़प के दौरान लकड़ियो व कुल्हाड़ी जमकर चलाये, जिसमें दोनों ही परिवार के महिला सहित एक दर्जन लोग घायल हो गए सभी घायलों को मसूदा चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। तीन जनों को ब्यावर चिकित्सालय रेफर किया। मसुदा पुलिस मौके पर पहुंची।


### खोया पाया

मैं सुमित्रा पत्नी नरेंद्र जाट निवासी 23 ए रघुनाथ जी का मंदिर, महतगांव जयपुर दांतरी हाल फतेहलाल नगर किशनगढ़ अजमेर, जो की में फतेहलाल नगर स्थित बी ब्लॉक में प्लॉट नं 12 की मूल पंजीयन रजिस्ट्री की फोटो कॉपी कराने जा रही थी, इस दौरान प्लॉट की खुली रजिस्ट्री होने के कारण ऊपरी तीन पन्ने मुख्य बाजार मदनगंज में गिर गये। इनकी मदनगंज थाना में 3 जुलाई 2023 को गुमशुदगी दर्ज कराई है, जिस किसी को रजिस्ट्री के तीन पन्ने मिले, उपरोक्त पते पर पहुंचाने का कष्ट करे।

प्रार्थी-सुमित्रा पत्नी नरेंद्र जाट
निवासी फतेहलाल नगर, मदनगंज-
किशनगढ़ जिला अजमेर


## देवनानी ने संतों की वंदना की

**अजमेर**, (कासं)। गुरु पूर्णिमा के मौके पर पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने 11 संतों के पास पहुंचकर उनका श्रीचरण वंदन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। देवनानी ने निंबर्ककोट स्थित निंबकाचार्य जगतगुरु पीठाधीश श्री श्याम शरण महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने मसानिया भैरव राजगढ़ धाम के परम पूज्य महाराज चंपालाल जी के दर्शन किए, साथ ही नरसिंह मंदिर होलिदडा के महन्त श्याम सुंदरशरण देवाचार्य, प्रेमप्रकाश आश्रम के स्वामी ब्रह्मानंद शास्त्री, मेहंदीपुर बालाजी कोटड़ा धाम के महंत विष्णु कुमार जोशी, श्री ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम अजयनगर के महंत स्वरूप दास महाराज, झूलेलाल धाम ट्रस्टी प्रभु लौंगानी, जतोई दरबार महाराज फतन दास, पुरानी मंडी स्थित श्री राम द्वारा उत्तम राज जी, गंज स्थित सन्यास आश्रम के भी चरण वंदन किए। देवनानी ने परिवार और समाज में खुशहाली की प्रार्थना और आशीर्वाद लिया।


### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट, अजमेर

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि- श्री भंवर सिंह पुत्र औंकार, सिंह जाति राजपूत निवासी 350, छोटा रावला ग्राम भांवता तहसील अजमेर ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम भांवता की कृषि आराजियात के खाता संख्या 307 के ख0न0 1645 रकबा 02-07-00, ख0न0 1648 रकबा 02-16-10 बीघा हाल ख0न0 2193 रकबा 0.38, 2197 रकबा 0.22 व 2203 रकबा 0.22 है0 का श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी, अजमेर द्वारा राजस्व वाद संख्या 135/1976 उनवान सरकार बनाम पूसा दिनांक 30.03.1977 के आधार पर नामा0 दर्ज करने हेतु निवेदन किया है। ग्राम भांवता की चौसाला जमाबंदी (खेवट खतौनी) सं0 2024 से 27 में ख0न0 1645 रकबा 02-07-00, 1648 रकबा 02-16-10 बीघा भूमि पूसा वल्द सोबक्ष कोम ढोली सा0 देह के नाम दर्ज थी। जिसे पूसा की पत्नी बसन्ती बेवा पूसा द्वारा एक बेनामा दिनांक 01.12.1960 के द्वारा श्री ऊंकार सिंह व छीतर सिंह पि0 बाल सिंह कौम राजपूत सा0 भांवता तहसील व जिला अजमेर को विकय किया गया है। अत: यदि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अनुसार ग्राम भांवता के हाल ख0न0 2193 रकबा 0.38. 2197 रकबा 0.22 व 2203 रकबा 0.22 है0 का श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी, अजमेर द्वारा राजस्व वाद संख्या 135/1976 उनवान सरकार बनाम पूसा दिनांक 30.03.1977 के आधार पर नामा0 दर्ज करने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो विवरण सहित इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी तथा विधि सम्मत आदेश पारित कर दिया जायेगा। सूचित रहे। तहसीलदार, अजमेर

### कार्यालय नगर पालिका मण्डल, जहाजपुर जिला - भीलवाडा

E-Mail: mbjahazpur@gmail.com | Contact : 01485-230101
क्रमांक नपाज/2023-24/480-484 | दिनांक : 03-07-2023

**उजरदारी सूचना**

एदत् द्वारा सार्वजनिक उजरदारी सूचना जारी की जाती है कि नगर पालिका जहाजपुर में नीचे अंकित आवेदक अपनी क्रय शुदा सम्पति जो कि नगर पालिका क्षेत्र जहाजपुर में स्थित है का नामान्तरण/निर्माण स्वीकृती स्वयं के नाम से जारी किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | स्थान | पडौस | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री अब्दुल जब्बार पिता अब्दुल रहमान निवासी वार्ड नं. 17 जामा मस्जिद के पास, जहाजपुर (भील.) | वार्ड नं. 07 आशापुरा माताजी के पास जहाजपुर (भील.) स्थित आवासीय भूखण्ड जिसका नाप 1988 वर्गफीट | पूर्व - आम रास्ता<br>पश्चिम - आशापुरा माताजी का मन्दिर<br>उत्तर - कृष्ण वल्लभ भट्ट की जायदाद<br>दक्षिण - श्याम सांखला की जायदाद | आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति भू-तल व प्रथम तल |

उक्त नामान्तरण/निमार्ण स्वीकृति हेतु आवेदक के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/वारिसान को कोई आपति हो तो उक्त विज्ञप्ति के प्रकाशन दिनांक के 7 दिवस के भीतर-भीतर मय दस्तावेजो के लिखित रूप में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद उक्त सम्बन्ध मे कोई आपति मान्य नही होगी व आवेदक के पक्ष मे नामान्तरण/निमार्ण स्वीकृति जारी की जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। सूचित रहे।

**अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, जहाजपुर**


## आश्रमों में कार्यक्रम हुए

**पुष्कर**, (निसं)। तीर्थ नगरी पुष्कर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तो वही गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पवित्र सरोवर में हजारों श्रदालू आस्था की डुबकी लगाकर जगतपिता ब्रह्मा मंदिर के दर्शन किए।

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जहां श्रद्धालु पवित्र सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर जगतपिता ब्रह्मा मंदिर के दर्शन किए तो वहीं दूसरी तरफ पुष्कर में स्थित विभिन्न आश्रमों वह मठों में गुरु पूर्णिमा के दिन विभिन्न धार्मिक आयोजन हुआ इस दिन गुरु पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया गुरु पूर्णिमा के पर्व के पावन अवसर पर पुष्कर में काफी संख्या में भक्तों की भीड़ देखने को मिली और विभिन्न आश्रमों से भक्तों के द्वारा अपने अपने गुरुजनों की शोभायात्रा कस्बे में गाजे बाजे के साथ निकाली गई। सभी आश्रमों मठों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और काफी संख्या में भक्त अपने गुरु की चरण पादुका पूजने के बाद अपने गुरु को गुरु दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया तो अंतरराष्ट्रीय संत कृष्णानंद जी महाराज का दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव पारीक भवन में आयोजित किया गया अंतरराष्ट्रीय संत कृष्णानंद जी महाराज ने बताया कि 2 जुलाई की शाम को भजन संध्या का आयोजन हुआ तो वही गुरु पूर्णिमा की सुबह गुरु पूजन और पादुका पूजन तथा महा प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमे काफी संख्या में भक्त उमड़े और चरण पादुका की पूजा कर गुरूजी से आशीर्वाद लिया।

पुष्कर में आई डी एस एम टी कॉलोनी में स्थित जोगनियाधाम मंदिर में भक्तो की तरफ से जोगणिया धाम में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। मंदिर के उपासक भंवर लाल वर्मा ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जोगणिया धाम में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए इस अवसर पर भगवान शिव का दुग्धअभिषेक किया गया तो वही भव्य भजन संध्या का भी आयोजन किया गया तथा इस दिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया तथा भगवान का भव्य श्रृंगार भी किया गया।इस अवसर पर पूर्व विधायक गोपाल बाहेती वरिष्ट पत्रकार एस पी मित्तल सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद थे।

**आसीन्द संवाददाता के अनुसार:-** अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज मंदिर परिसर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विशाल भजन संध्या एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर ट्रस्ट के मैनेजर अंबा लाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर सैकड़ों संख्या में देव भक्त दर्शन करने आते हैं। वही मंदिर में छाछ राबड़ी का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसके साथ ही यहां पर गौशाला भी स्थित है जिसमें देसी गाये भी मौजूद है। कई राज्यों से देव भक्त दर्शन करने आते हैं।


### कार्यालय ग्राम पंचायत देवमाली पंचायत समिति मसूदा (अजमेर)

क्रमांक/निर्माण महानरेगा/ई-निविदा/2023-24/349 | दिनांक 03/07/23

**ई-निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत के लिए 01.04.23 से 31.03.24 तक की अवधि में मनरेगा तथा अन्य योजनाओं में स्वीकृत कार्यों के लिए निम्नांकित निर्माण सामग्री के क्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | विवरण | अनुमानित लागत राशि लाखों में | निविदा फार्म एवं प्रोसेसिंग फीस | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सीमेन्ट (प्रवर्ग अ) | 15.00 | 1000 | 30000 |
| 2. | इन्टरलोकिंग ब्लॉक (प्रवर्ग ब) | 15.00 | 1000 | 30000 |
| 3. | लोहे की सामग्री अन्य निर्माण सामग्री - एवं विद्युत एवं सेनेटरी (प्रवर्ग स) | 40.00 | 1000 | 80000 |

UBN No. ZAJ2324GLOB00240
निविदा फॉर्म अपलोड करने की अन्तिम तिथि 17/07/23 अपरान्ह 5.00 बजे तक
2. ग्राम पंचायत में धरोहर राशि तथा निविदा फार्म शुल्क ई प्रोक्यमेन्ट पोर्टल पर अपलोड आईनलाईन दस्तावेज एवं स्टाम्प संबंधित संस्था में नाम से व्यक्तिश: रूप से उपस्थित होकर दिनांक 17/07/23 को अपरान्ह 5.00 बजे तक जमा कराना सुनिश्चित करावे।
3. प्रोसेसिंग फीस MD SRIL Jaipur दिनांक 17/07/23 तक अपरान्ह 5.00 बजे तक ग्राम पंचायत में जमा कराना सुनिश्चित करावे।
4. तकनीकी ई-निविदा खोलने की दिनांक 18.07.23 से
5. वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक 18.07.23 से
6. ई-पोक्युरमेन्ट पोर्टल तथा SPPP पोर्टल तथा ग्राम पंचायत स्तर पर निविदा फार्म मय शर्तों के विक्रय के लिये दिनांक 10/07/23 से 17/07/23 तक उपलब्ध रहेगा।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देवमाली
पंचायत समिति मसूदा (अजमेर)

सरपंच
ग्राम पंचायत देवमाली
पंचायत समिति मसूदा (अजमेर)

# 17 हजार की रिश्वत लेते गिरदावर, पटवारी व ड्राइवर गिरफ्तार

## प्रथम जांच में तहसीलदार घसीटाराम बैरवा की भी इस रिश्वत कांड में संलिप्तता पाई गई है

**बौंली, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सवाई माधोपुर की टीम ने मलारना डूंगर तहसील कार्यालय पर भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरदावर विमल कुमार अग्रवाल, पटवारी राम प्रसाद बैरवा व तहसीलदार के ड्राइवर सईद खान को अलग-अलग स्थान पर 17 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एवं प्रथम जांच में तहसीलदार घसीटाराम बैरवा की भी इस रिश्वत कांड में संलिप्तता पाई गई है।

एसीबी सवाई माधोपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि परिवादी ने एक प्रार्थना पत्र पेश कर बताया था कि जमीन की पैमाइश के लिए गिरदावर विमल कुमार अग्रवाल व पटवारी राम प्रसाद बैरवा पांच 5 हजार की एवं तहसीलदार का ड्राइवर सईद खान तहसीलदार के लिए 10 हजार की रिश्वत राशि मांग रहा है। इस पर एसीबी ने प्रथम सत्यापन के दौरान पटवारी ने 3 हजार व गिरदावर ने 2 हजार ले ली एवं सोमवार को बकाया राशि गिरदावर विमल कुमार अग्रवाल ने 3 हजार व पटवारी राम प्रसाद बैरवा ने 2 हजार एवं तहसीलदार के चेंबर में तहसीलदार के ड्राइवर सईद खान ने 10 हजार की रिश्वत ली तीनों को अलग-अलग स्थान से 17 हजार की नगद राशि रिश्वत की लेते गिरफ्तार कर 17 हजार बरामद किए गए हैं।



ए.सी.बी. की टीम ने गिरदावर, पटवारी व तहसीलदार के ड्राइवर को अलग-अलग स्थान पर रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

- **जमीन की पैमाइश के लिए गिरदावर व पटवारी एवं तहसीलदार के ड्राइवर ने रिश्वत राशि मांगी**
- **भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सवाई माधोपुर की टीम ने मलारना डूंगर तहसील कार्यालय पर कार्रवाई की**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम द्वारा की गई कार्रवाई से पूरे तहसील कार्यालय में हड़कंप मच गया एवं कर्मचारी कार्यालय छोड़कर भूमिगत हो गए। एसीबी की सवाई माधोपुर टीम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में सर्किल इंस्पेक्टर विवेक सोनी, कांस्टेबल जुगलाल, भोलाराम, मनोज कुमार, राजवीर सिंह, हमीर सिंह, रमेश कुमार व संजय कुमार शामिल थे। एएसपी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि मलारना डूंगर तहसील कार्यालय में कर्मचारियों व दलालों के खिलाफ काफी समय से शिकायत प्राप्त थी एवं एक विशेष अभियान चलाकर कार्यालय में दलाल व कर्मचारियों को भी पकड़ा जाएगा।

# मालगाड़ी की चपेट से महिला और दो बच्चों की मौत

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के नागौर रोड स्थित मंडलनाथ से आगे ओटीसी होटल के सामने सोमवार की सुबह एक महिला और उसके दो मासूम बच्चों की मालगाड़ी चपेट में आने से मौत हो गई। तीनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मालगाड़ी फलोदी से जोधपुर की तरफ आ रही थी। मृतका की पहचान के साथ दोपहर में तीनों शवों का पोस्टमार्टम करवाया गया है। महिला ने आत्महत्या की या वह ट्रेक पार कर रही थीं, इस बारे में पुलिस की तरफ से अनुसंधान किया जा रहा है।

करवड़ थाने के एएसआई मोहनराम ने बताया कि सुबह नौ सवा नौ बजे के करीबन एक मालगाड़ी फलोदी से जोधपुर की तरफ आ रही थी। मालगाड़ी जब मंडलनाथ रोड से आगे ओटीसी होटल के सामने पहुंची तो एक महिला और उसके दो मासूम बच्चे मालगाड़ी चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पहले मंडोर रेलवे स्टेशन पर रखवाया गया। बाद में पहचान के प्रयास किए गए। इस पर उनकी पहचान उम्मेद नगर, मथानिया की निरमा (25) पत्नी सुरेश विश्नोई और कार्तिक (7) और विशाल (3) के रूप में की गई। एएसआई मोहनराम ने बताया कि मृतका का पीहर पल्ली विश्नोईयो की ढाणी और ससुराल उम्मेद नगर में है। आज सुबह वह ससुराल से बच्चों को लेकर निकली थी। उसने आत्महत्या की या फिर ट्रेक पर मालगाड़ी की चपेट में आई। इस बारे में अग्रिम जांच की जा रही है।

- **सुबह ससुराल से बच्चों को लेकर निकली थी, शवों का एमजीएच में कराया पोस्टमार्टम**
- **महिला ने आत्महत्या की या वह ट्रेक पार कर रही थीं, इस बारे में पुलिस जांच कर रही है**

सूत्रों की माने तो सोमवार सुबह 7 बजे निरमा बेटे कार्तिक (7) और विशाल (3) को लेकर मथानिया से बस में चढ़ी। वह मंडलनाथ इलाके में उतर गई और बच्चों को लेकर ट्रैक पर आ गई। वह ट्रैक पर आई और वहां ओटीसी के पास खड़ी हो गई। निरमा ने ट्रेन का इंतजार किया। सुबह 9.15 बजे फलोदी की ओर से मालगाड़ी आते देखकर उसने दोनों बच्चों का हाथ पकड़ा और ट्रेन के आगे कूद गई। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनो की तरफ से दी जाने वाली रिपोर्ट पर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

# हादसे में एक घायल

**मालपुरा, (निसं)।** दूदू छाण स्टेट हाईवे पर गनवर के पास सोमवार की सवेरे ट्रेक्टर व बाईक में हुई भिंडत हादसे में गंभीर घायल बाईक चालक कचोलिया निवासी अर्जुन सिंह घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को मालपुरा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया।

# गैंगरेप के आरोपी का डी.एन.ए. टेस्ट होगा

**बीकानेर, (निसं)।** दलित युवती के साथ गैंगरेप और इसके बाद हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त दिनेश बिश्नोई का डीएनए टेस्ट करवाएगी। इस टेस्ट की रिपोर्ट के आधार पर ही तय होगा कि दिनेश गैंगरेप में शामिल रहा है या नहीं। इस मामले में दो तत्कालीन पुलिस कॉन्स्टेबल मनोज और भागीरथ की भूमिका का भी पता लगाया जा रहा है। माना जा रहा है कि दिनेश बिश्नोई का डीएनए टेस्ट एक-दो दिन में हो जाएगा। इसके लिए उसे बीकानेर लाया जाएगा। यहां पीबीएम अस्पताल में ये टेस्ट होगा और इसकी रिपोर्ट के बाद ही जांच आगे बढ़ सकेगी।

जानकारी के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुलिस को जो तथ्य मिले हैं, उसके कारण ही डीएनए टेस्ट करवाया जा रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं हुई है। उधर, मनोज और भागीरथ गैंगरेप में शामिल थे या नहीं, ये भी दिनेश बिश्नोई से पूछताछ और रिपोर्ट्स के आधार पर ही तय होगा। इस मामले में पुलिस अब तक छह जनों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसमें मुख्य अभियुक्त दिनेश बिश्नोई के अलावा बर्खास्त कॉन्स्टेबल मनोज, सस्पेंड कॉन्स्टेबल भागीरथ, दिनेश के पिता ओमप्रकाश, मकान किराए पर लेने वाले जस्सा, कार में पीड़िता को अस्पताल पहुंचाने वाला राकेश भी शामिल है। अब इस मामले में दिनेश को भागने में मदद करने वाले और उसे पनाह देने वालों की भूमिका का पता लगाया जा रहा है। हालांकि पुलिस रिपोर्ट्स के मुताबिक दिनेश ने जिन लोगों को फोन किया, उनमें अधिकांश ने उसकी मदद नहीं की।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी थाना क्षेत्र के डेंचवास गांव में हुई लाखों की चोरी मे लिप्त एक आरोपी को डिग्गी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि डेंचवास निवासी भवानीसिंह बडवा के यहां बीते दिनो तीन लड़कियों की शादी के आयोजन से एक दिन पूर्व मकान के पास आयोजित महिला संगीत मे व्यस्तता का मौका देख चोरों ने मकान मे घुस तकरीबन 3 लाख रूपये नगदी व आभूषण सहित मोबाईल चोरी की वारदात कर फरार हुए चोरो की तलाश के लिए पुलिस ने साईबर सेल व मुखबीर से जुटाई सूचना के आधार पर चोरी के आरोपी कालू उर्फ जीतराम उर्फ काल्या पुत्र प्रेमा मोग्या उम्र 21 साल निवासी भवानीपुरा को गिरफ्तार किया। आरोपी को पूछताछ की जा रही है। शेष आरोपियों की तलाश का प्रयास जारी है।

# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव क्या अलवर सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी में लगे हैं?

## सांसद कोष से अलवर की 11 विधानसभा सीटों पर विकास के लिए स्वीकृत की गई राशि व भाजपा नेताओं व विधायकों से बढ़ती नजदीकी बनी संकेत

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** राज्यसभा सांसद व भारत सरकार में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव अलवर जिले में सांसद निधि के बजट को आवंटन कर विधायक और जनता को खुश करने में लगे हैं। इसके पीछे बताया जा रहा है कि भूपेंद्र यादव की अलवर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी है। यह कयास विपक्ष के नेताओं से लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच लगाए जा रहे हैं। वैसे चुनाव होने में अभी करीब एक साल और बाकी है और ना ही अभी तक कोई ऐसे संकेत भूपेंद्र यादव की ओर से दिए गए हैं।

अलवर लोकसभा सीट 1977 से यादव बाहुल्य रही यहां से ज्यादातर चुनाव यादव प्रत्याशी जीत कर लोकसभा पहुंचे हैं। वर्तमान में सांसद महंत बालक नाथ यादव जाति से आते हैं और करीब 3 लाख से अधिक वोटों से जीत कर लोकसभा पहुंचे हैं। इससे पहले महंत चांदनाथ भी यादव जाति से रहे हैं। इसके अलावा डॉ. जसवंत यादव भाजपा, डॉ. करण सिंह यादव कांग्रेस, राम सिंह यादव कांग्रेस, घासीराम यादव कांग्रेस व रामजी लाल यादव चुनाव जीतकर लोकसभा में अलवर से नेतृत्व कर चुके हैं।

- **1977 से अलवर लोकसभा सीट पर केवल तीन बार ही गैर यादव चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं**

इस यादव बाहुल्य अलवर सीट पर ऐसा नहीं है कि यादव ही बार-बार चुनकर लोकसभा पहुंचे है। यहां से अलवर राजघराने की बहू युवरानी महिंद्रा कुमारी व पंडित नवल किशोर शर्मा सांसद बने व अलवर राजघराने के युवराज भंवर जितेंद्र सिंह केंद्र सरकार में मंत्री रहे हैं। भंवर जितेंद्र सिंह का कांग्रेस पार्टी में बड़ा नाम है और वह गांधी परिवार के करीबी माने जाते हैं। लोकसभा के 2024 में चुनाव होने हैं और करीब 1 साल अभी चुनाव में शेष हैं। इससे पहले राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की अलवर जिले के भाजपा नेताओं व विधायकों से बढ़ती नजदीकी एवं किशनगढ़ बास, तिजारा, मुंडावर, बहरोड, बानसूर, अलवर, रामगढ़, राजगढ़, थानागाजी सहित विधानसभा क्षेत्रों में राज्यसभा सांसद निधि कोष से विकास कार्यों के लिए बजट आवंटन को होने वाले लोकसभा चुनाव की निगाहों से देखा जा रहा है। ऐसे में भूपेंद्र यादव यह भी चाहेंगे कि विधानसभा चुनाव में अलवर की 11 की 11 सीटें भाजपा जीते। जिससे होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिल सके।

# दुष्कर्म के बाद युवती की टांके में धक्का देकर हत्या

## आरोपी युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी की

**जोधपुर, (कासं)।** निकटवर्ती गांव में 1-2 जुलाई की आधी रात को युवक पड़ौस में रहने वाली युवती के घर में घुस गया। उससे दुष्कर्म किया और फिर उसे पानी के टांके में धक्का देकर गिरा दिया। युवती को जब तक बाहर निकाला जाता उसकी मौत हो गई। इस युवती का आज सोमवार को मुकलावा होना था। इधर इस घटना के साथ ही आरोपी युवक जोधपुर से भाग गया और पाली अपने घर जाकर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। युवती के भाई की तरफ से दुष्कर्म एवं हत्या की रिपोर्ट दी गई है। जांच प्रशिक्षु आरपीएस मीनाक्षी द्वारा की जा रही है।

- **युवती का आज होना था मुकलावा, युवक पाली का रहने वाला है**
- **मृतका के भाई ने रेप और हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी**

पुलिस ने बताया कि एक गांव में 1-2 जुलाई की आधी रात साढ़े तीन बजे एक युवक भरत मेघवाल अपने पड़ौस में रहने वाली युवती से मिलने उसके घर में घुस गया। घटना के समय युवती की मां और बहन छत पर सो रहे थे। कुछ देर बार मां की नींद खुली तो देखा कि युवती पास में नहीं है। इस पर वह छत से नीचे जाने लगी तो पता लगा कि पड़ौसी भरत दुष्कर्म कर रहा था। पता लगने पर उसने युवती को धक्का देकर पानी के टांके में गिरा दिया। शोर सुनकर घर में अन्य लोग जाग गए। इस पर युवती को पानी के टांके से बाहर निकाला गया तब तक वह मर चुकी थी।

मृतका के भाई ने भरत पर रेप और हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी है। इधर पुलिस के अनुसार आरोपी घटना के बाद अपने गांव पाली चला गया और उसने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। युवती का भी आज मुकलावा होने वाला था। फिलहाल मामले में प्रशिक्षु आरपीएस मीनाक्षी की तरफ से जांच की जा रही है।

# छह बाइक बरामद, दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने एमबी चिकित्सालय परिसर से बाइक चोरी की वारदात करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी की छह बाईकें बरामद की। प्रकरण के अनुसार 30 जून को नयन सेठ ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 28 जून को आरएनटी मेडिकल कॉजेल स्टाफ पार्किंग पर अपनी बाइक खड़ी की थी। सांय वापस देखा तो बाइक नहीं थी। जिसकी तलाश करने पर भी नहीं मिली। इस मामले में गठित पुलिस दल ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर फरहान कुरेशी उर्फ फैसल पुत्र मोहम्मद सिद्दिक निवासी मेवाफरोश मार्ग अंजुमन चौक धानमण्डी तथा सैजान हुसैन उर्फ सुजल पुत्र शहजाद हुसैन निवासी खेरादीवाड़ा सूरजपोल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस ने पूछताछ में आरोपियों की निशानदेही से चोरी की गई छह बाइक बरामद की है।

# डीलरशिप दिलाने के नाम पर 24 लाख की धोखाधड़ी

**हनुमानगढ़, (निसं.)।** कंपनी में डीलरशिप दिलाने के नाम पर कुछ लोगों ने एक युवक के साथ 24 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली। कंपनी के प्रतिनिधि बनकर आए लोगों ने न तो अमानत राशि वापस लौटाई और न ही डीलरशिप दी। ठगी का शिकार हुए शख्स ने जंक्शन पुलिस थाना में दो नामजद और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

अनुराग बिस्सु (36) पुत्र हसंराज जाट निवासी 24 पक्कासारणा सदर थाना हनुमानगढ़ ने रिपोर्ट दी, जिसमें बताया कि उसकी कलेक्ट्रेट के सामने बीबी क्लिक नाम से दुकान संचालित थी। 2021 में ब्रांड स्टार बीएसएस मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रतिनिधि विश्वदीप सरकार, इपशिता चौधरी और अन्य उसकी दुकान पर आए और कहा कि वे उनको अपनी कंपनी की डीलरशिप देना चाहते हैं। डीलरशिप के लिए इन लोगों ने स्टाम्प पेपर पर एग्रीमेंट लिखवाया और नोटेरी करवाकर कंपनी के हेड ऑफिस भिजवा दिया। इन लोगों ने उसको 3 राज्यों की डीलरशिप देने का आश्वासन दिया और सिक्योरिटी पेटे अलग-अलग समय में उसकी फर्म के बैंक खाता से 10 लाख 65 हजार रुपए अपनी कंपनी के खाते में ट्रांसफर करवा लिए। इसके अलावा 3 लाख 35 हजार रुपए नकदी भी ले लिए।

अनुराग ने बताया कि कुछ दिन बाद कंपनी के प्रतिनिधि विश्वदीप सरकार और इपशिता चौधरी उसके पास आए और कहा कि वह डिस्ट्रीब्यूटर पॉलिसी के तहत अपने नीचे सब डिस्ट्रीब्यूटर बनाकर उनका विवरण, एग्रीमेंट और सिक्योरिटी राशि उनकी कंपनी में जमा करवाए। उसने राधेश्याम प्रोपराइटर्स फर्म, जेएस ब्रदर्स गोलूवाला और विकास प्रोपराइटर्स फर्म केएस क्लिक पीलीबंगा को सब-डिस्ट्रीब्यूटर बनाकर उनकी एलओआई बनाकर कंपनी के माध्यम से भिजवा दिया। फर्म जेएस ब्रदर्स गोलूवाला की सिक्योरिटी राशि 2 लाख रुपए और फर्म केएस क्लिक पीलीबंगा की सिक्योरिटी राशि 2 लाख रुपए कंपनी में जमा करवा दिये। इस प्रकार उसने कुल 18 लाख रुपए जमा करवा दिए। इसके बाद कंपनी के प्रतिनिधियों ने कहा कि वह अपना ऑफिस तैयार करवा लें। जल्द ही उनको डिस्ट्रीब्यूटर नियुक्त कर देंगे। उसने 6 लाख रुपए खर्च कर अपना ऑफिस तैयार करवाया।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी के तीन केस दर्ज

**जोधपुर, (कासं)।** इंटरनेट और सोशल मीडिया साइट पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी का वीडियो अपलोड करना भारी पड़ेगा। बच्चों के अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। जोधपुर के ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के 3 मामले दर्ज किए हैं।

पिछले महीने कमिश्नरेट क्षेत्र में चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले सामने आए थे। बालेसर पुलिस ने बच्चों के वीडियो सोशल मीडिया पर डालने के मामले में कोनरी आगोलाई निवासी प्रकाश, बालेसर सत्ता निवासी अर्जुनराम और गोपालसर निवासी मोहम्मद शरीफ के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस को सेंट्रल टीम से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। यह सभी बच्चों के वीडियो वर्ष 2022 में अपलोड हुए थे। पिछले कई दिनों से सेंट्रल की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में ऐसे ही नाबालिग बच्चों और अश्लील वीडियो अपलोड करने वालों को ट्रेस कर रही है। जिले के चामू थाने में भी पुलिस ने सेंट्रल टीम से मिली एक सूचना के आधार पर आईटी एक्ट में मामला दर्ज किया। इसमें बरनाउ के रहने वाले गोपाराम ने चाइल्ड पॉर्नोग्राफी से जुड़े वीडियो अपलोड किए थे ।जिसके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# बेटी को छुड़वाने पहुंचे पिता की बदमाशों ने हत्या की

## वारदात से आक्रोशित लोगों ने थाने के सामने जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया

**लालसोट, (निसं)।** थाना क्षेत्र के डिगो ग्राम के रहने वाले नवल सिंह जागा की उसकी बेटी के अपहर्ताओं द्वारा पीट पीटकर निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। घटना बीती रात उस समय की है जब मृतक नवल सिंह जागा उसकी नाबालिग पुत्री को रात्री करीब एक से दो बजे के बीच अपहर्ताओं के चंगुल से मुक्त कराने के लिए तलाश कर रहा था। जिस समय नाबालिग का पिता बेटी को अपहर्ताओं के चंगुल से छुड़वाने के लिए खुद की पत्नी को बाइक पर बैठाकर इन्दावा के समीप पपलाज माता रोड से गुजर रहा था इसी दौरान उसकी नाबालिग बेटी के अपहर्ताओं द्वारा उसके ऊपर हमला बोल दिया।

किडनैप करने वाले बदमाशों द्वारा उसकी पत्नी के सामने किडनैप हुई बेटी के पिता को रात्रि में मोटरसाइकिल से गिरा कर बेरहमी से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई। इसी दौरान सामने से वाहन आता देख अपहर्ता नाबालिग लड़की को मौके पर छोड़कर फरार हो गए एवं जाते समय नाबालिग की मां से भी जमकर मारपीट कर उसे बेअदब कर दिया। इसके बाद वारदात से आक्रोशित लोगों द्वारा लालसोट थाने के सामने जाम लगाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया एवं पुलिस प्रशासन को जमकर खरी खोटी सुनाई गई। वारदात के बाद बढ़ती भीड़ को देखते हुए आसपास के थाना अधिकारियों सहित पुलिस जाब्ते की तैनाती की सुरक्षा की दृष्टि से लालसोट थाने पर की गई एवं एसडीएम विजेंद्र मीणा, तहसीलदार मदनलाल मीणा, पुलिस उपाधीक्षक अरविंद गोयल, थाना अधिकारी नाथू लाल मीणा आदि अधिकारियों द्वारा प्रदर्शन कर रहे लोगों से समझाइश की गई। जहां प्रदर्शनकारी हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पर एवं मृतक आश्रितों को उचित मुआवजा सरकारी नौकरियां आदि की मांग पर अड़े रहे। साथ ही मांगें पूरी नहीं होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने एवं मृतक के पोस्टमार्टम में गतिरोध पैदा कर दिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार गोयल द्वारा थाना अधिकारी नाथू लाल मीणा को निर्देशित कर पुलिस टीम को एक्शन मोड पर लिया है एवं बताए गए हुलिए के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। जहां पहाड़ों में पीछा करते हुए पुलिस टीम द्वारा तीन आरोपियों को डिटेन कर लिया गया।



हत्या की वारदात को लेकर थाने में जमा आक्रोशित लोगों की भीड़।

- **पुलिस ने पहाड़ों में पीछा कर तीन आरोपियों को डिटेन किया**

धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता रामविलास मीणा द्वारा भी मौजूद प्रदेश सरकार पर एवं प्रदेश में बढ़ रही अपराधिक वारदातों को लेकर जुबानी हमला बोला। वहीं थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों द्वारा सूचना देने पर प्रदेश के वंशावली बोर्ड के अध्यक्ष राम सिंह राव मौके पर पहुंचे एवं घटना की जानकारी लेकर पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर इस वारदात को शीघ्र खोलने एवं पीड़ितों को राहत देने के निर्देश दिए गए।

वहीं राव द्वारा मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर पीड़ित परिवार को ज्यादा से ज्यादा आर्थिक सहायता आदि उपलब्ध कराने के लिए भी आग्रह किया गया। घटना के बाद पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लालचंद कायल द्वारा घटनास्थल का जायजा लिया एवं डिटेन किए गए आरोपियों से पूछताछ की गई। पुलिस द्वारा मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द किया गया एवं सुरक्षा जाब्ते की मौजूदगी में मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिए घर पहुंचाया गया। वहीं मामले को लेकर थाने में हत्या अपहरण पोक्सो एक्ट आदि गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

राजस्थान सरकार वन विभाग

क्रमांक प.1 (15) वन/2023 जयपुर दिनांक 28.6.2023

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF)
राजस्थान, जयपुर

विषय: Diversion of 0.1828 ha Forest area for permission for laying Underground OFC in forest area along road from Vijaipur-Rooppura from Lat/ long 24.791558/ 75.718341 to 24.765172/ 75.740787 for total length of 4.063 KM and total area 0.1828 ha in Chittorgarh District, Rajasthan (Online Proposal: FP/RJ/OFC/144983/2021)

संदर्भ:-ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या FP/RJ/OFC/144983/2021

महोदय, उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित प्रस्ताव में Jio Digital Fiber Pvt Ltd (प्रयोक्ता अभिकरण) द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत सामान्य स्वीकृति के तहत धारा-2 में OFC Cable Line हेतु 0.1828 हेक्टयर वन भूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति चाही गई है। नोडल अधिकारी वन संरक्षण अधिनियम द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर विचारोपरान्त प्रस्ताव पर वन संरक्षक अधिनियम 1980 के अन्तर्गत धारा-2 में सामान्य स्वीकृति बाबत जारी दिशा निर्देशों एवं नवीन निर्देश दि. 27.07.2020 के परिपेक्ष्य में Diversion of 0.1828 ha Forest area for permission for laying Underground OFC in forest area along road from Vijaipur-Rooppura from Lat/ long 24.791558/ 75.718341 to 24.765172/ 75.740787 for total length of 4.063 KM and total area 0.1828 ha in Chittorgarh District, Rajasthan (Online Proposal: FP/RJ/OFC/144983/2021) की सैद्धान्तिक स्वीकृति बिना वृक्षों के पातन सहित निम्न शर्तों के अध्यधीन प्रदान करती है:-

1. वन भूमि की वैधानिक स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होगा।
2. प्रत्यावर्तित वन भूमि का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिये नहीं किया जावेगा।
3. याचक विभाग द्वारा परियोजना के निर्माण एवं रख रखाव के दौरान आस-पास के क्षेत्र की वनस्पतियों एवं जीव जन्तुओं को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुचाई जावेगी एवं उनके संरक्षण हेतु समस्त उपाय किये जावेगें।
4. प्रत्यावर्तित क्षेत्र में रोपित किये जाने वाले को वृक्षों वन विभाग की बिना पुर्वानुमति के नही काटा जावे। उक्त क्षेत्र में रोपित पेड परिक्व होने पर, वन विभाग के होगें।
5. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित स्थल/वनक्षेत्र के आस-पास मजदुरों/स्टाफ के लिए किसी भी प्रकार का कैंप नहीं लगाया जावेगा।
6. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा निर्माण कार्य के दौरान स्थल पर कार्यरत मजदूरों/ स्टाफ को रसोई गैस/केरोसिन तेल आपूर्ति की जावेगी, ताकि निकटवर्ती वनों को क्षति न हो।
7. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वनभूमि के अतिरिक्त आस -पास की वनभूमि से/ पर निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी/पत्थर काटने या भरने का कार्य नहीं किया जावेगा।
8. प्रयोक्ता अभिकरण वर्तमान एवं भविष्य में योजना पर लागू सभी नियम, कानून तथा दिशा निर्देशो का पालन करेगा।
9. प्रयोक्ता अभिकरण, सैद्धान्तिक स्वीकृति की पालना के साथ एफ.आर.ए. सटिर्फिकेट प्रस्तुत करावेगा तदोपरान्त ही विधिवत स्वीकृति पर विचार किया जावेगा।
10. राज्य सरकार द्वारा दी गई इस अनुमति का प्रबोधन संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा सकेगा।
11. भारत सरकार के पत्रांक 7-23/2012/एफसी दि.24.07.2013 से माननीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दिनांक 7.11.2012 को पारित निर्णय की पालना प्रकरण में सुनिश्चित की जावें तथा प्रकरण में जारी स्वीकृति को यूजर एजेंसी हिन्दी व अंग्रेजी में प्रकाशित होने वाले एक-एक समाचार पत्र में अक्षरशः प्रकाशित करावें एवं जारी स्वीकृति की प्रतियां स्थानीय निकाय पंचायत एवं नगर पालिका के राजकीय अधिकारीयों को स्वीकृति प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
(मोनाली सेन) विशेषाधिकारी, वन

राजस्थान सरकार वन विभाग

क्रमांक प.1 (24) वन/2023 जयपुर दिनांक 28.6.2023

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF)
राजस्थान, जयपुर

विषय: Diversion of 0.0482 ha. For permission for laying Underground OFC in ROW of existing PWD road from Ajmer to Harsore from Latitude/longitude point 26.6671/ 74.704598 to 26.666798/74.715323 for total and area in forest are 1.071 KM & 0.0482 ha (Online Proposal: FP/RJ/OFC/122165/2021)

संदर्भ:-ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या FP/RJ/OFC/122165/2021

महोदय, उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित प्रस्ताव में Jio Digital Fiber Pvt Ltd (प्रयोक्ता अभिकरण) द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत सामान्य स्वीकृति के तहत धारा-2 में OFC Cable Line हेतु 0.0482 हेक्टयर वन भूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति चाही गई है। नोडल अधिकारी वन संरक्षण अधिनियम द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर विचारोपरान्त प्रस्ताव पर वन संरक्षक अधिनियम 1980 के अन्तर्गत धारा-2 में सामान्य स्वीकृति बाबत जारी दिशा निर्देशों एवं नवीन निर्देश दि.27.07.2020 के परिपेक्ष्य में Diversion of 0.0482 ha. For permission for laying Underground OFC in ROW of existing PWD road from Ajmer to Harsore from Latitude/ longitude point 26.6671/ 74.704598 to 26.666798/ 74.715323 for total and area in forest are 1.071 KM & 0.0482 ha (Online Proposal: FP/RJ/OFC / 122165/2021) की सैद्धान्तिक स्वीकृति बिना वृक्षों के पातन सहित निम्न शर्तो के अध्यधीन प्रदान करती है:-

1. वन भूमि की वैधानिक स्थिति में कोई परिवर्तन नही होगा।
2. प्रत्यावर्तित वन भूमि का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिये नही किया जावेगा।
3. याचक विभाग द्वारा परियोजना के निर्माण एवं रख रखाव के दौरान आस-पास के क्षेत्र की वनस्पतियों एवं जीव जन्तुओं को किसी प्रकार की क्षति नही पहुचाई जावेगी एवं उनके संरक्षण हेतु समस्त उपाय किये जावेगें।
4. प्रत्यावर्तित क्षेत्र में रोपित किये जाने वाले को वृक्षों वन विभाग की बिना पुर्वानुमति के नही काटा जावे। उक्त क्षेत्र में रोपित पेड परिक्व होने पर, वन विभाग के होगें।
5. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित स्थल/वनक्षेत्र के आस-पास मजदुरों/ स्टाफ के लिए किसी भी प्रकार का कैम्प नहीं लगाया जावेगा।
6. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा निर्माण कार्य के दौरान स्थल पर कार्यरत मजदूरों/ स्टाफ को रसोई गैस/ केरोसिन तेल आपूर्ति की जावेगी, ताकि निकटवर्ती वनों को क्षति न हो।
7. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वनभूमि के अतिरिक्त आस -पास की वनभूमि से/ पर निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी/पत्थर काटने या भरने का कार्य नहीं किया जावेगा।
8. प्रयोक्ता अभिकरण वर्तमान एवं भविष्य में योजना पर लागू सभी नियम, कानून तथा दिशा निर्देशो का पालन करेगा।
9. प्रयोक्ता अभिकरण, सैद्धान्तिक स्वीकृति की पालना के साथ एफ.आर.ए. सटिर्फिकेट प्रस्तुत करावेगा तदोपरान्त ही विधिवत स्वीकृति पर विचार किया जावेगा।
10. राज्य सरकार द्वारा दी गई इस अनुमति का प्रबोधन संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा सकेगा।
11. भारत सरकार के पत्रांक 7-23/2012/एफसी दि.24.07.2013 से माननीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दिनांक 7.11.2012 को पारित निर्णय की पालना प्रकरण में सुनिश्चित की जावें तथा प्रकरण में जारी स्वीकृति को यूजर एजेंसी हिन्दी व अंग्रेजी में प्रकाशित होने वाले एक-एक समाचार पत्र में अक्षरशः प्रकाशित करावें एवं जारी स्वीकृति की प्रतियां स्थानीय निकाय पंचायत एवं नगर पालिका के राजकीय अधिकारीयों को स्वीकृति प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीया,
(मोनाली सेन) विशेषाधिकारी, वन

राजस्थान सरकार वन विभाग

क्रमांक प.1 (31) वन/2023 जयपुर दिनांक

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF)
राजस्थान, जयपुर

विषय: Diversion of 0.06143 ha Forest area for permission for laying Underground OFC in ROW of existing PWD road from Nathdwara to Iswal from Lat/long 24°53' 51.08" N/73°42' 33.72"E to 24°53' 34.36" N/73°41' 55.73" E in Rajsamand District Total length & area in Forest is 1.365 KM & 0.06143 ha in Rajsamand District, Rajasthan (Proposal No.: FP/RJ/OFC/153375/2022)

संदर्भ:- आपका पत्रांक एफ 14 (OFC) 2022/एफसीए/ प्रमुवस/9827 दिनांक 2.5.2023

महोदय, उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित प्रस्ताव में Jio Digital Fiber Pvt Ltd (प्रयोक्ता अभिकरण) द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत सामान्य स्वीकृति के तहत धारा-2 में OFC Cable Line हेतु 0.06143 हेक्टयर वन भूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति चाही गई है। नोडल अधिकारी वन संरक्षण अधिनियम द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर विचारोपरान्त प्रस्ताव पर वन संरक्षक अधिनियम 1980 के अन्तर्गत धारा -2 में सामान्य स्वीकृति बाबत जारी दिशा निर्देशों एवं नवीन निर्देश दि. 27.07.2020 के परिपेक्ष्य में Diversion of 0.06143 ha Forest area for permission for laying Underground OFC in ROW of existing PWD road from Nathdwara to Iswal from Lat/long 24°53' 51.08" N/73°42' 33.72"E to 24°53' 34.36" N/73°41' 55.73" E in Rajsamand District Total length & area in Forest is 1.365 KM & 0.06143 ha in Rajsamand District, Rajasthan (Proposal No.: FP/RJ/ OFC/153375/2022) की सैद्धान्तिक स्वीकृति बिना वृक्षों के पातन सहित निम्न शर्तो के अध्यधीन प्रदान करती है:

1. वन भूमि की वैधानिक स्थिति में कोई परिवर्तन नही होगा।
2. प्रत्यावर्तित वन भूमि का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिये नहीं किया जावेगा।
3. याचक विभाग द्वारा परियोजना के निर्माण एवं रख रखाव के दौरान आस-पास के क्षेत्र की वनस्पतियों एवं जीव जन्तुओं को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुचाई जावेगी एवं उनके संरक्षण हेतु समस्त उपाय किये जावेगें।
4. प्रत्यावर्तित क्षेत्र में रोपित किये जाने वाले को वृक्षों वनविभाग की बिना पुर्वानुमति के नही काटा जावे। उक्त क्षेत्र में रोपित पेड परिक्व होने पर, वन विभाग के होगें।
5. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित स्थल/वन क्षेत्र के आस-पास मजदुरों/स्टाफ के लिए किसी भी प्रकार का कैंप नहीं लगाया जावेगा।
6. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा निर्माण कार्य के दौरान स्थल पर कार्यरत मजदूरों/स्टाफ को रसोई गैस/ केरोसिन तेल आपूर्ति की जावेगी, ताकि निकट वर्ती वनों को क्षति न हो।
7. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वनभूमि के अतिरिक्त आस-पास की वनभूमि से/पर निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी/ पत्थर काटने या भरने का कार्य नहीं किया जावेगा।
8. प्रयोक्ता अभिकरण वर्तमान एवं भविष्य में योजना पर लागू सभी नियम, कानून तथा दिशा निर्देशो का पालन करेगा।
9. प्रयोक्ता अभिकरण, सैद्धान्तिक स्वीकृति की पालना के साथ एफ.आर.ए. सटिर्फिकेट प्रस्तुत करावेगा तदोपरान्त ही विधिवत स्वीकृति पर विचार किया जावेगा।
10. प्रयोक्ता अभिकरण, सैद्धान्तिक स्वीकृति की पालना के साथ सार्वजनिक निर्माण विभाग की अनापत्ति प्रस्तुत करावेगा तदोपरान्त ही विधिवत स्वीकृति पर विचार किया जावेगा।
11. राज्य सरकार द्वारा दी गई इस अनुमति का प्रबोधन संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा सकेगा।
12. भारत सरकार के पत्रांक 7-23/2012/एफसी दि.24.07.2013 से माननीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दि.7.11.2012 को पारित निर्णय की पालना प्रकरण में सुनिश्चित की जावें तथा प्रकरण में जारी स्वीकृति को यूजर एजेंसी हिन्दी व अंग्रेजी में प्रकाशित होने वाले एक-एक समाचार पत्र में अक्षरशः प्रकाशित करावें एवं जारी स्वीकृति की प्रतियां स्थानीय निकाय पंचायत एवं नगर पालिका के राजकीय अधिकारीयों को स्वीकृति प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
(मोनाली सेन) विशेषाधिकारी

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती के विवादित प्रश्नों को लेकर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 लेवल प्रथम और द्वितीय में विवादित प्रश्नों को लेकर कर्मचारी चयन बोर्ड के चेयरमैन व सचिव से जवाब मांगा है। अदालत ने चयन बोर्ड से पूछा है कि क्यों ना भर्ती का परिणाम रद्द कर प्रश्नों की जांच विशेषज्ञ कमेटी से कराई जाए और विवादित प्रश्नों का चयन करने वालों को आगामी परीक्षाओं के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया जाए। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश खुशवंत सिंह व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

- **अदालत ने कर्मचारी चयन बोर्ड से पूछा कि क्यों ना भर्ती का परिणाम रद्द कर प्रश्नों की जांच विशेषज्ञ कमेटी से कराई जाए और विवादित प्रश्नों का चयन करने वालों को आगामी परीक्षाओं के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया जाए**

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने 16 दिसंबर, 2022 को तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती लेवल प्रथम और लेवल द्वितीय के हिंदी, गणित-विज्ञान, उर्दू, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत व अंग्रेजी विषय के लिए भर्ती निकाली। भर्ती की लिखित परीक्षा गत 26 फरवरी को आयोजित की गई। वहीं चयन बोर्ड ने 18 मार्च को प्रथम उत्तर कुंजी जारी कर अभ्यर्थियों से आपत्तियां मांगी। जिसमें याचिकाकर्ताओं ने भी अपनी आपत्तियां पेश कर दी। याचिका में कहा गया कि 14 जून को बोर्ड ने परीक्षा का परिणाम जारी करते हुए दूसरी उत्तर कुंजी जारी कर दी। जिसमें कुछ प्रश्नों को डिलीट किया गया और कुछ सवालों के जवाब बदल दिए गए। जबकि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, हिंदी ग्रंथ अकादमी सहित अन्य मान्यता प्राप्त लेखकों की पुस्तकों के आधार पर याचिकाकर्ताओं के जवाब सही थे, लेकिन चयन बोर्ड ने उन्हें गलत मान लिया। वहीं याचिकाकर्ताओं की आपत्तियों का भी ठीक ढंग से निस्तारण नहीं किया गया। याचिका में कहा गया कि विवादित प्रश्नों की जांच के लिए विषय विशेषज्ञों की कमेटी का गठन कर प्रश्नों की पुन: जांच कराई जाए और भर्ती परिणाम रद्द कर कमेटी की रिपोर्ट की रिपोर्ट के आधार पर पुन: परिणाम जारी किया जाए।

इसके साथ ही जिन लोगों ने भर्ती के लिए इन विवादित प्रश्नों का चयन किया है, उन्हें आगामी परीक्षाओं के लिए ब्लैकलिस्ट किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।



**पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में जौहरी बाजार में 29 जून को बहादुरी दिखाते हुई डकैती की घटना को नाकाम करने वाले सक्षम खंडाका एवं उनके पिता महेश खंडाका को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।**

# राजधानी जयपुर जयगुरुदेव भक्तों के सैलाब से हुई गुलाबी



**जयपुर के ठीकरी स्थित जयगुरुदेव आश्रम में चल रहे गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक समागम में देश-विदेश से भक्तों का जन सैलाब उमड़ा।**

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर के ठीकरी स्थित जयगुरुदेव आश्रम में चल रहे गुरु पूर्णिमा के तीन दिवसीय आध्यात्मिक समागम में देश-विदेश से भक्तों का जन सैलाब उमड़ रहा है न केवल भारत के कोने-कोने से बल्कि दुबई, अमेरिका, अफ्रीका समेत अनेक देशों से अनेक भक्त, गुरु बाबा उमाकान्त के दर्शन के लिए एकत्र हुए। ना केवल आम जन बल्कि केंद्रीय मंत्री नवल किशोर समेत अनेक जनप्रतिनिधियों भी महाराज के दर्शन के लिए आ रहे है।

अपने सत्संग सन्देश में महाराज ने पांडाल में मौजूद लाँखो लोगों से आव्हान किया कि देश के नियमों का पालन करो। देश भक्ति बहुत बड़ी चीज है। देश की संपत्ति आपकी अपनी संपत्ति है तो आंदोलन,तोड़फोड़ में उसका नुकसान मत करो। किसी जाति की, किसी भाषा की, किसी धर्म की बुराई मत करो वरना कर्म कर्ज़ से दब जाओगे।

अपने सत्संग के माध्यम से देश और दुनियां में जीवों पर दया करने की प्रार्थना करते हुए कहा कि आप मुर्दा मांस अंडा डालकर इस पेट को कब्रिस्तान मत बनाओ वरना ये मंदिर गन्दा हो जाएगा। किसी भी जीव की हत्या का कारण मत बनो। अंडा,मांस, मछली मत खाओ। हमारी तो आप सबसे बस यही प्रार्थना है कि "हाथ जोड़कर विनय हमारी, तजो नशा बनो शाकाहारी।"

अपने संदेश में महाराज ने कहा हमारे गुरु महाराज बाबा जयगुरुदेव ने कहा था कि कलयुग में कलयुग जायेगा और कलयुग में सतयुग आयेगा और धर्म की किताबों में भी इसका उल्लेख है। तो समय से आयेगा ही, लेकिन अगर आप मेहनत कर ले जाओ तो ये जल्दी आ जाएगा, तो आपको करना क्या है? आप लोगों को सतयुग के लायक बनाना है। क्योकि जब-जब युग परिवर्तन होता है तब-तब बहुत जनहानि हुई। त्रेता गया तब बहुत मरें। जब द्वापर गया तो देखों 18 दिन की महाभारत में 11 अक्षरणी सेना खत्म हो गई। तो जब कलयुग जाएगा तब ज्यादा जनहानि ना हो इसके लिए लोगों को सतयुग के लायक बनाओ कि मानव मंदिर को गन्दा ना करें।

## चिकित्सा विभाग में 5500 पद भरेंगे

**जयपुर**। चिकित्सा संस्थानों के सुचारू संचालन के लिए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत चिकित्सा अधिकारियों व पैरामेडिकल के 5500 पद यूटीबी पर भरे जाएंगे। चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सा अधिकारियों और पैरामेडिकल स्टाफ़ के रिक्त पदों को सीधी भर्ती से नियुक्ति होने तक यूटीबी पर भरने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सा संस्थानों के सफल और सुचारू संचालन के लिए चिकित्सा अधिकारी के 500 व पैरामेडिकल के 5000 रिक्त पदों को यूटीबी पर भरा जाएगा।

# आर.पी.एस. कैलाश बोहरा को बर्खास्त करने पर मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने रिश्वत में अस्मत मांगने से जुड़े मामले में आरपीएस कैलाश बोहरा को बर्खास्त करने पर मुख्य सचिव, गृह सचिव, कार्मिक सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश कैलाश बोहरा की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि बिना सुनवाई का मौका दिए सीधे बर्खास्त करने के आदेश को क्यों न रद्द कर दिया जाए।

याचिका में अधिवक्ता मोहित खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि एक महिला की ओर से दर्ज एफआईआर पर राज्य सरकार ने 2 अप्रैल, 2021 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता को बर्खास्त कर दिया। जबकि याचिकाकर्ता पर कार्रवाई से पूछ न तो उन्हें नोटिस दिया गया और ना ही उन्हें पक्ष रखने का मौका दिया। यहां तक कि बर्खास्तगी आदेश देने से पहले प्रकरण की जांच भी नहीं की गई। वहीं विभाग ने मामले में जांच नहीं करने के जो कारण बताए हैं, वे विधि विरुद्ध हैं। वहीं दूसरी तरफ जिस महिला की एफआईआर पर याचिकाकर्ता को बर्खास्त किया गया है, उस महिला ने पूर्व में भी केस से जुड़े पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायत दी थी। इसके अलावा महिला ने झूठे मामले में दर्ज करा रखे हैं। ऐसे में याचिकाकर्ता को बर्खास्त करने के आदेश को रद्द कर उसे पुन: बहाल किया जाए। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# जुलाई के तीसरे सप्ताह में होगा ब्लॉक और मंडल कांग्रेस अध्यक्षों का सम्मेलन

**जयपुर**,(का.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस की ओर से इसी महीने राज्य के सभी ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। नई दिल्ली गए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की पार्टी नेताओं के साथ मुलाकात के बाद तय हुआ है कि जुलाई के तीसरे सप्ताह में यह सम्मेलन किया जाएगा। इसके लिए कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को आमंत्रित किया जाएगा।

पिछले दिनों गोविंद सिंह डोटासरा और प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित तीनों सह प्रभारी अमृता धवन, काजी निजामुद्दीन और वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ में बैठक की थी और उसके बाद में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तथा प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे से मिले थे। बैठक के बाद तय हुआ था कि राजस्थान के सभी ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों का सम्मेलन बुलाकर उन्हें चुनावी रणनीति समझाई जाए। अब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सोमवार को फिर से दिल्ली पहुंचे और वहां उन्होंने पार्टी नेताओं से मुलाकात की। उसके बाद तय किया कि जुलाई के तीसरे सप्ताह में राजस्थान कांग्रेस के सभी ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया जाए, जिसमें संबोधन के लिए पार्टी अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को आमंत्रित किया जाए।



**राजस्थान पुलिस अकादमी में महिला शारीरिक शिक्षकों का 10 दिवसीय कोर्स ''ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर सेल्फ डिफेंस टेक्निक्स फॉर वूमेन'' सोमवार से प्रारम्भ हुआ। पहले दिन उद्घाटन सत्र के बाद आत्मरक्षा के बारे में प्रतिभागियों को शारीरिक हमले से बचाव की सामान्य जानकारी दी गई। उपमहानिरीक्षक पुलिस व आरपीए सहायक निदेशक प्रदीप मोहन शर्मा ने बताया कि उदघाटन सत्र में शिक्षा निदेशक श्रुति भारद्वाज, आरपीए के उपनिदेशक कैलाश जाट, गर्ल्स एजुकेशन के डीसी वजीबी सागर मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीणा द्वारा किया गया। सहायक निदेशक ने बताया कि शिक्षा विभाग के 500 महिला पीटीआई को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देकर पारंगत करने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस अकादमी में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। पहले चरण में लगभग 100 महिला पीटीआई भाग ले रही है।**

## 69 पुलिस निरीक्षकों के तबादले

**जयपुर**। प्रदेश में नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए 3 साल से लगे हुए 69 पुलिस निरीक्षकों के पुलिस महानिदेशक ने रेंज के बाहर तबादले किए है। चुनाव आयोग ने गृह विभाग को यह निर्देश जारी किए थे कि जो थाने अधिकारी 3 साल से एक ही जिले में नियुक्त हैं उन्हें हटाया जाए। चुनाव को ध्यान में रखकर महानिदेशक ने यह तबादले आदेश जारी किए हैं।

## आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** । जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने युवती से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया गिरफ्तार आरोपित प्रशांत सिंह राजावत उर्फ़ किट्टू बना (23) वाटिका, सांगानेर सदर का रहने वाला है। आरोपित ने इंस्टाग्राम पर युवती से दोस्ती कर उसे मिलने के लिए जयपुर बुलाया और इलाके स्थित दो होटलों में दुष्कर्म किया था।

## राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण का गठन

**जयपुर**। मानसिक रोगियों की देखभाल के लिए राज्य सरकार ने राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण का गठन किया है। इसके लिए गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। इस प्राधिकरण का गठन मानसिक स्वास्थ्य देखरेख अधिनियम-2017 एवं राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण नियम-2018 की पालना में किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण में अतिरिक्त मुख्य सचिव अध्यक्ष, मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक जनस्वास्थ्य को सदस्य सचिव के रूप में नामित किया गया है। साथ ही इस प्राधिकरण में इनके अलावा पदेन एवं गैर सरकारी सदस्य भी होंगे। वहीं शीघ्र ही मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण की बैठक आयोजित कर राज्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी नियम और उपनियम बनाए जाएंगे।

# एस.एम.एस. के चरक भवन की ओटी से नहीं फैला स्यूडोमोना इंफेक्शन

- **ओटी की शुरूआती जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई,**
- **अब तीन दिन बाद ऑपरेशन शुरू होंगे**
- **ए.सी.एस. ने एस. एम. एस. मेडिकल कॉलेज प्रिंसीपल व अस्पताल अधीक्षक से फीडबैक लिया**

**जयपुर**। राजधानी के सवाई मानसिंह चिकित्सालय के चरक भवन में आंखों के ऑपरेशन के बाद स्यूडोमोनास इंफेक्शन फैलने के मामले में पहली जांच रिपोर्ट में ऑपरेशन थियेटर की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। ऐसे में अब यहां के लैंस, मशीन, ड्रेसिंग की पट्टियां, दवाईयां के सैंपल को दुबारा जांच के लिए भेजा जाएगा।

वहीं अब ओटी को तीन दिन बाद फिर शुरू करने की तैयारी की जा रही है। यहां वायरस में प्रभावित हुए 17 मरीजों में से 9 मरीजों का इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर में ऑपरेशन किया है, जबकि वहीं अन्य भर्ती मरीजों को एंटीबायोटिक्स देकर इलाज किया जा रहा है। इंफेक्शन से संक्रमित 17 मरीजों में से करीब 6 मरीज फोलॉअप के बाद ठीक हो चुके है। उधर चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. राजीव बगरट्टा और अधीक्षक डॉ.अचल शर्मा को बुलाकर मामले में फीडबैक दिया है। चरक भवन की ओटी में किसी भी तरह का संक्रमण नहीं मिला है लेकिन ओटी के बाहर से आने वाली वस्तुओं में से कुछ में ग्रोथ मिली है। ऐसे में अब इन सभी वस्तुओं की बायो-टाइपिंग स्टडी कराई जा रही है, ताकि स्यूडोमोनास इंफेक्शन के मूल सोर्स का पता लगाया जा सके।

चिकित्सकों के अनुसार 71 मरीजों का ऑपरेशन किया गया था जिसमें से 17 मरीजों में ही ये स्यूडोमोनास इंफेक्शन डिटेक्ट हुआ है। अन्य दूसरे मरीज ठीक है और उन पर निगरानी रखी जा रही है। वायरस से डिटेक्ट हुए सभी मरीजों की आंखों में से बैक्टीरियल सैंपल लेकर उनकी कल्चर जांच के लिए सैंपल माइक्रोबायोलॉजी लैब में भिजवा दिए है। वहीं दूसरी ओर अस्पताल में इंफेक्शन की जानकारी मिलने के बाद सभी ऑपरेशन टाल दिए गए हैं। सोमवार को पांचवे दिन भी कोई रूटीन ऑपरेशन नहीं हुआ है।

ऐसे में पिछले चार दिनों में 160 से अधिक मरीजों के ऑपरेशन पैंडिंग हो गए हैं।

## रिश्वत लेते हैड कांस्टेबल गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सोमवार को प्रताप नगर थाने के हैड कांस्टेबल शोभाराम मीणा को 10 हजार रुपए रंगे हाथ लेते गिरफ्तार किया। कार्यवाहक डीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी कि उसके परिवार के खिलाफ जमीन धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ। अनुसंधान अधिकारी शोभाराम परिवादी के भाई व मां को गिरफ्तार करने की धमकी दे रहा है। गिरफ्तार नहीं करने के बदले में एक लाख रुपए रिश्वत मांगी। मामले की जांच एसीबी के एएसपी बलराम सिंह मीणा को सौंपी गई। एएसपी मीणा ने बताया कि प्रताप नगर थाने में दर्ज धोखाधड़ी मामले में परिवादी और आरोपी पक्ष में समझौता हो गया था। शोभाराम एक लाख रुपए की बजाय परिवादी से 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग करने लगा। सोमवार को परिवादी 10 हजार रुपए रिश्वत के लेकर प्रताप नगर थाने के बाहर चाय की थड़ी पर पहुंचा। वहां पर शोभाराम आ गया, परिवादी ने 10 हजार रुपए दिए तो कहने लगा कि 20 हजार की बात हुई थी।

# डॉ. सतीश पूनिया ने 21 से अधिक मंदिरों में दर्शन किये



**गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर और आमेर के 21 से अधिक मंदिरों में दर्शन कर संतों से आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन लिया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की खुशहाली की कामना की।**

# शैक्षिणक सत्र 2023-24 के लिए आरटीई की गाइडलाइन पर रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने शैक्षिणक सत्र 2023-24 में आरटीई कानून के तहत प्री-प्राइमरी व प्रथम कक्षा में प्रवेश के लिए राज्य सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन की क्रियान्विति पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य सरकार और शिक्षा विभाग सहित अन्य से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम स्कूल व संस्कार स्कूल सहित एक अन्य की याचिकाओं पर दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि यह आदेश याचिकाकर्ताओं की हद तक ही लागू रहेगा।

याचिकाओं में अधिवक्ता अनुरूप सिंघी ने बताया कि राज्य सरकार की स्कूलों में शैक्षिणक सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए जारी की गई गाइडलाइन ही आरटीई कानून विपरीत है। इसके अलावा राज्य सरकार धारा 12(2) के तहत हर स्टूडेंट को पुनर्भुगतान करने के लिए जवाबदेह है। इसके बावजूद राज्य सरकार ने इस गाइड लाइन के तहत पुनर्भुगतान नहीं करने और प्री-प्राइमरी सहित कक्षा प्रथम में प्रवेश देने का प्रावधान किया है। जबकि इस सत्र के प्रवेश पूर्व में ही हो चुके हैं। ऐसे में गाइडलाइन को भूतलक्षी प्रभाव से लागू नहीं किया जा सकता। ऐसे में राज्य सरकार की नई गाइडलाइन गलत हैं और इनकी क्रियान्विति पर रोक लगाई जानी चाहिए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने गाइडलाइन पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## धीरज श्रीवास्तव, इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो में भाग लेंगे

**जयपुर**, (का.सं.)। इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो-2023 राजस्थान असोसिएशन ऑफ केन्या, राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री के फेडरेशन (फोर्टी), राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन कॉन्सिल (आरईपीसी), और केन्या राष्ट्रीय वाणिज्य और उद्योग मंडल (केएनसीसीआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो द्वारा किया जायेगा। यह प्रयास भारत और पूर्वी अफ्रीकी देशों के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत करने और आर्थिक संबंधों को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य रखता है।

गौरतलब है कि इस दौरान राजस्थान फाउंडेशन के कमिश्नर धीरज श्रीवास्तव केन्या एवं केन्या के पड़ोसी देशों में रह रहे राजस्थानी प्रवासियों से वार्तालाप करेंगे। राजस्थान फाउंडेशन ने हाल ही में जोधपुर में राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय एक्सपो को संयुक्त रूप से आयोजित किया था, जिसका उद्देश्य भी यही था कि राजस्थानी डायस्पोरा का अपने प्रदेश के प्रति जुड़ाव को मज़बूत किया जा सके और उनका प्रदेश के विकास में सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

## सार-समाचार

### रामकरण पंवार अध्यक्ष निर्वाचित



**जयपुर** । जयपुर मेट्रो संयुक्त कर्मचारी संघ के सोमवार को हुए चुनाव में रामकरण पंवार अध्यक्ष व शंकरलाल शर्मा महामंत्री निर्वाचित हुए हैं। चुनाव अधिकारी विनीत मान ने बताया कि मेंटेनर रामकरण पंवार ने अनिल कुमार को 95 वोटों के अंतर से पराजित किया। वहीं, महांत्री पद के प्रत्याशी मेंटेनर शंकरलाल शर्मा 11 मतों के अंतर से विजयी रहे। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रामकरण पंवार को 202, अनिल कुमार 107, पूर्व अध्यक्ष विकास क्षित्रय को 56 तथा महामंत्री पद के प्रत्याशी शंकरलाल शर्मा को 134, ब्रजेश कुमार सैनी को 123 तथा गजेंद्र सिंह गुर्जर को 108 मत प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि कुल 376 में से 365 वोटर्स ने मताधिकार का उपयोग किया। रामकरण पंवार ने बताया कि जल्द ही संगठन की मीटिंग आयोजित कर उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री, संयुक्त मंत्री, प्रचार मंत्री का सर्वसम्मति चयन किया जाएगा।


### प्रताप नगर के जैन मंदिर में चोरी

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के जैन मंदिरों में चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही। वहीं, चोर भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। अब रविवार रात को प्रताप नगर स्थित हल्दी घाटी मार्ग पर श्री आदिनाथ जैन मंदिर से चोर 150 किलो वजनी दानपात्र ले गए। चोरों ने मंदिर की खिड़की तोड़कर उसमें से एक बच्चे को अंदर भेजा। इसके बाद बच्चे ने मंदिर के अंदर से गेट की कुंदी खोल दी। सीसीटीवी कैमरे में नकाब पहने 5 चोर नजर आ रहे हैं। चोरों ने मंदिर को अच्छी तरह से खंगाला और वहां से 150 किलो वजनी दानपात्र ले गए। मंदिर के पडौस में रहने वाले विकास सेठी ने सोमवार तड़के मंदिर का गेट खुला देख अन्य लोगों को सूचना दी। जैन मंदिर के अध्यक्ष राजेश अजमेरा मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस संबंध में प्रताप नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि दानपात्र में करीब 2 लाख रुपए थे। उधर, पुलिस को प्रताप नगर स्थित घोड़ा सर्कल के पास खाली दानपात्र पड़ा मिला। जैन मंदिरों में आए दिन चोरियां होने से समाज के लोगों में आक्रोश है।

# डकैती व फायरिंग मामले में गिरफ्तार आरोपी पुनः रिमाण्ड पर

## आरोपियों ने नकजनी की 28 वारदातें स्वीकार की

■ इंदासर में सरपंच के घर में घुसकर चोरी व डकैती का मामला



इन्दासर में डकैती, चोरी व फायरिंग प्रकरण में आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ तहसील की गोठ्या बड़ी में इन्दासर गांव में सरपंच सुनील कुमार गोस्वामी के घर में घुसकर 24 जून को अल सुबह सोने-चांदी के जेवरात व 8 लाख 40 हजार रूपये की चोरी, डकैती व फायरिंग की घटना में रिमाण्ड पर चल रहे आरोपियों को सोमवार को रिमाण्ड अवधि समाप्त होने पर न्यायालय में पेश किया, जहां से 6 जुलाई तक पुनः पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

सुभाष चन्द्र पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी राजगढ़ ने बताया कि गोठया बड़ी के सरपंच सुनील कुमार गोस्वामी के घर गाँव इन्दासर में घूसकर उनके पुत्र पुनीत कुमार गोस्वामी पर फायरिंग करने, चोरी व डकैती के मामले में आरोपी भूरा पुत्र विजयपाल कश्यप, गुलशन उर्फ पोली पुत्र राजू उर्फ नन्हे कश्यम, राजू उर्फ नन्हे पुत्र भवानी कश्यप, सागर पुत्र छोटू उर्फ श्याम सिंह कश्यम निवासीगण बनथला पुलिस थाना लोनी जिला गाजियाबाद व राजकुमार पुत्र विजयपाल कश्यप निवासी बनथला पुलिस थाना लोनी जिला गाजियाबाद हाल बवाना रोड़ शाबा डेयरी दिल्ली को पुलिस रिमाण्ड अवधी समाप्त होने पर सोमवार दोपहर को राजगढ़ न्यायालय में पेश किया, जहां से अदालत के आदेश पर उक्त पाँचों आरोपियों अन्य मामलो में पुछताछ हेतु 6 जुलाई तक के लिए पुनः रिमाण्ड पर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि आरोपियों से क्षेत्र में अन्य वारदातों की गहनता से पुछताछ की जायेगी तथा गहन अनुसंधान हेतु साईबर सेल चूरू की मदद ली जा रही है। ज्ञात रहे कि डकैती की घटना के दौरान चोरी, डकैती व फायरिंग के एक आरोपी द्वारा सरपंच के पुत्र पुनीत गोस्वामी निवासी इन्दासर के जाग आने पर गोली मार दी थी, जो उसके हाथ में लगी थी। अनुसंधान अधिकारी सुरेन्द्र बिश्रोई ने बताया कि आरोपी चुस्त, चालाक व बदमाश प्रवृति के हैं, जिनके द्वारा पूर्व की घटनाओं को खुलासा नहीं करने पर आरोपियों के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल व विश्लेषण हेतु साईबर टीम के धर्मवीर कास्टेबल को बुलाया जाकर कॉल डिटेल व विश्लेषण के बारे में बार-बार आरोपियों से पुछताछ की गई, जिसमें पूर्व की नकबजी घटना में गौठया बड़ी की एक, मेड़ता सिटी की करीब तीन, पाली की दो, गुजरात की दो एवं हरियाणा की करीबन 20 वारदातों का खुलासा हुआ है। आरोपी लूटपाट व डकैती की घटनाओं को अंजाम देते समय अपन पास अवैध हथियार रखते है तथा संबन्धित मालिक के जागने पर पकड़े जाने पर जान से बचने के लिए निःसंकोच हथियार का प्रयोग करते हैं।

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि आरोपियों से शेष परहे माल की गहन पूछताछ की जाकर पूर्व की घटनाओं का पूर्ण रूप से खुलासा किया जाकर आरोपियों द्वारा दी जानकारी की तस्दीक लोनी गाजियाबाद यूपी तथा ग्राम इन्दासर व रोही इन्दासर में करने हेतु पुलिस रिमांण्ड पर लिया गया है। तथा पुलिस मुठभेड़ में जवाबी कार्यवाही करने के दौरान की गई फायरिंग में पैर में गोली लगने से एन्काउंटर में घायल एक आरोपी लखमी उर्फ लखमीचन्द्र पुत्र श्रीराम उर्फ सरनाम कश्यम निवासी रामविहार बनथला पुलिस थाना लोनी जिला गाजियाबाद अभी तक बीकानेर अस्पताल में उपचाराधीन है।

# इंग्लिश मीडियम स्कूलों को नहीं मिल रहे टीचर

## संविदा भर्ती के लिए लेवल सैकेंड इंग्लिश विषय में 3751 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट

■ रिक्त पदों से दो-तीन गुना कैंडिडेट को बुलाया जा रहा है

**बीकानेर, (निसं)।** शिक्षा विभाग को अपने इंग्लिश मीडियम स्कूल के लिए संविदा पर भी टीचर नहीं मिल रहे हैं। पहले से विभाग में काम कर रहे टीचर्स को लगाने के बाद भी पद खाली रहे तो संविदा पर टीचर्स लगाने की योजना बनी। अब संविदा पर भी पर्याप्त टीचर्स नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में रिक्त पदों से दो-तीन गुना कैंडिडेट को बुलाया जा रहा है।

राज्य के इंग्लिश मीडियम स्कूलों में संविदा पर होने वाली भर्ती प्रक्रिया के तहत लेवल सेकेंड में इंग्लिश विषय के 1 हजार 219 रिक्त पदों को भरने के लिए शिक्षा विभाग में सेकेंड फेज में 3751 विद्यार्थियों को शॉर्ट लिस्ट किया है। इनके दस्तावेजों का सत्यापन 3 से 4 जुलाई को संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक की ओर से किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने जिलेवार सूची जारी कर दी है। बीकानेर में करीब 130 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का ऑफलाइन सत्यापन होगा। दरअसल, विभाग ने 29 जून को सहायक अध्यापक लेवल प्रथम व सहायक अध्यापक लेवल द्वितीय संविदा भर्ती- 2023 के कट ऑफ मार्क्स जारी कर 9712 पदों पर 4242 अभ्यर्थियों का चयन किया था।

नॉन टीएसपी क्षेत्र में लेवल सैकंड अंग्रेजी विषय के 1219 पदों के लिए पात्र अभ्यर्थी नहीं मिलने के कारण कट ऑफ जारी नहीं की गई। अब विभाग ने शेष रहे 3751 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन का मौका दिया है। दस्तावेज सत्यापन के लिए अभ्यर्थियों को जिला आमंत्रित कर दिया गया है। सूची में शामिल अभ्यर्थियों को 3 व 4 जुलाई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आवंटित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक कार्यालय में मूल दस्तावेजों का सत्यापन करवाना होगा।

टीचर्स का अभाव इन दिनों प्राइवेट स्कूल्स में भी देखने को मिल रहा है। स्कूल संचालकों के सामने हर साल जुलाई में ये परेशानी होती है। बड़ी संख्या में स्कूल्स एजेंसियों के माध्यम से भर्ती कर रहे हैं लेकिन इसके बाद भी कई विषयों में टीचर्स उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। बड़े प्राइवेट स्कूल्स में भी ऐसे ही हालात है, जहां भारी भरकम सैलेरी देने के बाद भी टीचर्स का अभाव है।

# युवक का शव मिला

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में रेल के समीप अज्ञात युवक शव मिला।

शहर के प्रतापनगर थाना क्षैत्र मेघवाल घाटी के समीप स्थित रेल्वे ट्रेक के समीप सोमवार सवेरे अज्ञात युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिलने पर एसआई मांगीलाल, हेडकांस्टेबल अमरसिंह मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर मृतक को एमबी चिकित्सालय मोर्चरी मेंरखवाया।

मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष रंग सावला मध्यम कद, ब्ल्यू शर्ट एवं जिंस पेंट पहने है। प्रारंभिक अनुसंधान में रेल दुर्घटना में मृत्यु होने की संभावना जताई जा रही है। मृतक की जेब से नीमच का टिकिट मिला है। पुलिस शिनाख्तगी के प्रयास में जुटी है।

# पत्नी पर फायरिंग करने वाला कांस्टेबल गिरफ्तार

■ वारदात में प्रयुक्त पिस्टल बरामद

**उदयपुर, (निसं)।** पत्नी पर फायरिंग करने वाले पुलिस कांस्टेबल को पुलिस ने गिरफ्तार कर इसके कब्जे से हथियार बरामद किया। प्रकरण के अनुसार रविवार सवेरे टीडी पुलिस थाने के कांस्टेबल कारछा खेरवाड़ा निवासी मुकेश पुत्र मीरा कुमार सालवी ने आपसी मनमुटाव के चलते नया गांव खेरवाड़ा में ससुराल जाकर अपनी पत्नी खुशबू पर फायरिंग कर दी थी।

इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव के निर्देश पर पुलिस उप अधीक्षक हेरम्भ जोशी, खेरवाड़ा थानाधिकारी सबीर खान मय टीमों ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर फायरिंग करने वाले कांस्टेबल मुकेश को कारछा गांव से गिरफ्तार कर इसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त पिस्टल बरामद की। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भिजवाया। मुकेश टीडी पुलिस थाने में कांस्टेबल पद पर तैनात था। मनमुटाव के चलते पत्नी के पीहर चली गई थी।

जिससे तनाव मे था। इसी बात को लेकर रविवार सवेरे पुष्पा मालखाना इंचार्ज से बरसाती निकालने के बहारे चाबी लेकर मालखाने से पिस्टल मय दस कारतूस छिपा कर निकाल कर साथी पुलिस कर्मी की गाडी लेकर सिधे ससुराल नया गांव पहुंचा। जहां पत्नी पर फायरिंग कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके से नो कारतूस जब्त कर लिए थे। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक ने आरोपी कांस्टेबल मुकेश को सस्पेंड कर पीआई शुरू की जानकारी दी है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# गुरु पूर्णिमा पर जोधपुर में जमा हुए आसाराम के साधक

## सेंट्रल जेल के आगे लगी भक्तों की भीड़, पुलिस पहुंची और मुख्य गेट से हटाया

**जोधपुर, (कासं)।** सनातन संस्कृति में गुरु के प्रति आस्था कितनी गहरी है, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण आज फिर देखने को मिला।

गुरुकुल की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में ताउम्र के लिए जेल में सजा काट रहे आसाराम बापू के साधक एक बार फिर जोधपुर में एकत्रित हो गए। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जोधपुर सेन्ट्रल जेल के आस-पास महिला व पुरुष समर्थकों का जमावड़ा लगा रहा। इन साधकों को अपने गुरु पर विश्वास है कि वे कभी कोई ग़लत काम कर ही नहीं सकते, इन्हें फंसाया गया है।

जानकारी के अनुसार आसाराम बापू नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोप पर ताउम्र के लिए सजा काट रहा है। गुरु पूर्णिमा के चलते आसाराम बापू के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में समर्थक जोधपुर पहुंचे हैं। जेल के बाहर विश्राम स्थल व आस-पास महिलाओं व पुरुष साधकों की भीड़ सुबह सुबह जुटनी शुरू हो गई। कई साधक जेल के मुख्य गेट के बाहर से ही दण्डवत कर रहे हैं। जेल के बाहर साधकों की भीड़ अधिक होने पर रातानाडा थाना पुलिस भी पहुंची और उन्हें मुख्य गेट से हटाया। लेकिन साधक कुछ देर बाद फिर गेट के सामने पहुंच जाते।

गौरतलब है कि आसाराम बापू के साधक वर्षों से गुरू पूर्णिमा पर गुरु पूजन करते आए हैं। दुष्कर्म मामले में सजा के बाद भी उन्होंने अपनी आस्था को कम नहीं होने दिया। ये साधक हर गुरू पूर्णिमा को जोधपुर पहुंच कर जेल के आगे शीश नवाते हैं। कई साधकों की आंखों से अश्रु धारा बहती देखी जा सकती है।

## बीकानेर में लोग उमस से परेशान

**बीकानेर, (कासं)।** यहां छूते हुए मानसून ने पूरे देश को छह दिन पहले ही कवर कर लिया। इसके बाद भी बीकानेर में बारिश नहीं हुई। बीकानेर शहर में सुबह से शाम तक बादलों की आवाजाही बनी रही लेकिन बारिश तो दूर रिमझिम के रूप में भी राहत की बरसात नहीं हुई। बीकानेर में तापमान भी अब 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। साथ ही उमस ने हाल बुरा कर दिया। मौसम विभाग की माने तो मानसून को आठ जुलाई तक पूरे देश को कवर करना था। लेकिन छह दिन पहले दो जुलाई को समूचे देश तक मानसून पहुंच गया है। अंतिम दिन मानसून ने जिन जिलों को छुआ उनमें राजस्थान के बीकानेर और दौसा शामिल है। हालांकि इसके बाद भी बीकानेर में बारिश नहीं हुई। शाम तक लोग बादलों की ओर ताकते रहे कि बारिश होगी, लेकिन निराशा ही हाथ लगी। भारत-पाक बॉर्डर पर खाजूवाला में मूसलाधार बारिश हुई थी।

# नाबालिग लड़की के मामले में बाजार बंद रहे

**बीकानेर, (निसं)।** श्रीडूंगरगढ़ में नाबालिग लड़की के किडनैप का मामला बढ़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर सोमवार को श्रीडूंगरगढ़ के बाजार बंद रहे और कार्रवाई करने की मांग की।

परिवार के लोग धर्मांतरण और बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते रहे। इधर, इस विरोध के बीच नाबालिग और महिला टीचर का एक वीडियो सामने आया। इसमें नाबलिग अपनी मर्जी से महिला टीचर के साथ जाने की बात कह रही है। वहीं श्रीडूंगरगढ़ में आक्रोशित लोगों ने सोमवार सुबह दस बजे ही बाजार बंद करवा दिए। राजनीतिक तौर पर भी ये मुद्दा जोर पकड़ता जा रहा है। श्रीडूंगरगढ़ में सुबह से ही बाजार बंद करवाने का सिलसिला चल रहा था। बड़ी संख्या में लोगों ने बाजार में पहुंचकर दुकानें बंद करवाई। परिजनों की ओर से प्राइवेट स्कूल की टीचर और मैनेजमेंट पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया था। इसी को लेकर रविवार को थाने का घेराव भी किया। इन दोनों का वीडियो सामने आाया है।

इसमें नाबालिग बार-बार कह रही है कि उसके साथ किसी तरह की जबरदस्ती नहीं की गई है। ऐसा भी नहीं है कि ये वीडियो भी किसी ने जबरदस्ती बनाया है। वहीं घरवालों का कहना है कि ये वीडियो जबरन बनाया गया है। अगर लड़की किसी के कब्जे में है तो वो कैसा भी वीडियो बनवा सकते हैं। लड़की नाबालिग है, ऐसे में उसे तुरंत परिजनों के हवाले किया जाना चाहिए। वहीं एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि वीडियो के आधार पर दोनों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। नाबालिग के परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# बीकानेर में दो जगह से बोलेरो चोरी

**बीकानेर, (निसं)।** यहां औसतन हर रोज एक से दो बाइक चोरी हो रही है। इन पर अंकुश नहीं लगने से अब चोर बड़ी गाड़ियों पर हाथ साफ कर रहे हैं। एक जुलाई की रात बीकानेर में दो स्थानों से चोर दो बोलेरो गाड़ी उठाकर ले गए। दो अलग-अलग थाने में इसकी एफआईआर दर्ज हुई है।

कोटगेट थाने में कमला कॉलोनी में रहने वाले दिनेश मेहता ने रिपोर्ट दी है कि उनकी बोलेरो मैक्स ट्रक घर के आगे खड़ी थी। रात के समय अज्ञात चोर इसे ले गए। घटना एक जून की रात दस बजे बाद की है। माना जा रहा है कि नकली चाबी लगाकर चोर इस गाड़ी को ले गए हैं। वहीं सदर थाने में निंबाराम गोदारा की बोलेरो गाड़ी भी चोरी हो गई। सफेद रंग की इस गाड़ी पर जय वीर तेजाजी और गोदारा बज्जू तेजपुरा लिखा हुआ है। माहेश्वरी धर्मशाला की पार्किंग में ये गाड़ी रात साढ़े दस बजे खड़ी की गई थी लेकिन साढ़े ग्यारह बजे देखने पर गायब हो गई। इसके बाद आसपास ढूंढा गया लेकिन कहीं नहीं मिली। इस पर दो जुलाई को एफआईआर दर्ज कराई गई है।

बीकानेर में हर रोज एक से दो बाइक चोरी की एफआईआर हो रही है। दो-तीन महीने में पुलिस एक-दो चोर को पकड़ते हैं। कुछ बाइक्स बरामद होती है लेकिन फिर मामला ठंडा पड़ जाता है। वर्तमान में हर रोज चोरी पर पुलिस की कोई कार्रवाई नहीं है।

# सूने मकान का ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चोरी

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के सुखेर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ पीडित के मकान से सोने के जेवरात व नकदी चुरा ले जाने का मामला दर्ज किया। अन्यत्र शहर के प्रतापनगर थाना क्षैत्र में सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुराले गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात में कैलाशपुरी निवासी रोशनलाल पुत्र डालचंद माली के मकान में पिछवाडे से छत पर चढ़कर चोर निचे उतरे। जहां कमरे का कुंदा लगा कर दूसरे कमरें में रखी अलमारी से सोने का नेकलेस, चूड़िया चार, अंगुठियां, टीका सहित करीब ग्याहर तोला सोने के जेवर, 50 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। इसका पता चलने पर चेतक पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण कर प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की।

इसी तरह शहर केप्रतापनगर थाना क्षैत्र माउण्ट व्यू स्कूल के पिदे श्रीनाथनगर बेडवास निवाी फिरोज खां पुत्र मोहम्मद खां के सूने मकान का एक जुलाई रात में चोर तालातोड़ कर सोने चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गए। फिरोज परिवार सहित अपने गांव कुराबड़ गया था। 1 जुलाई को लौटे तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामानबिखरा पड़ा था। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया है तथा चोरी गए माल की सूची बाद में देने की रिपोर्ट दी है।

## शराब बेचते एक युवक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** शहर के एसएसबी रोड पर पुलिस ने छापा मारकर एक रेस्टोरेंट पर शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी चाय-नाश्ते की दुकान चलाता था। इसकी आड़ में वह यहां लोगों को शराब भी परोसता था। जवाहर नगर थाना पुलिस को जानकारी मिली तो करीब आठ बजे रेस्टोरेंट पर पहुंची। मौके पर पुलिस को देख दुकान संचालक घबरा गया। तलाशी में 48 पव्वे देशी शराब बरामद हुई।

पूछताछ में शराब के बारे में जवाब नहीं दे पाया। रेस्टोरेंट पर कार्रवाई जवाहर नगर थाने के एएसआई कंवरपाल ने की। गश्त के दौरान उन्हें एसएसबी रोड पर एक दुकान पर शराब बिकने की जानकारी मिली। मौके पर दबिश दी तो नागौरी कॉलोनी का रहने वाला महावीर पुत्र संपतराम पुलिस को देखकर घबरा गया। वह मौके पर देशी शराब बेचते हुए मिला। उससे पूछताछ की तो वह शराब लाने के बारे में कोई जवाब नहीं दे पाया। उसके पास शराब बिक्री के 2800 रुपए भी मिले।

# मानूसन सक्रिय, पश्चिमी राजस्थान बारिश को तरसा

## 8 जुलाई के बाद पश्चिमी विक्षोभ के असर से बारिश के आसार!

**जोधपुर, (कासं)।** प्रदेशभर में सक्रिय मानूसन के बावजूद पश्चिमी राजस्थान अभी भी अच्छी बरसात को तरस रहा है। मानसून को प्रदेश में प्रवेश सप्ताह भर पहले ही हो गया था। सोमवार को जोधपुर में बादलों की आवाजाही बनी रही, मगर बारिश के इंतजार कर रहे लोगों को निराशा ही हाथ लगी।

मगर मारवाड़ में अब तक मानसून की एक भी अच्छी बारिश देखने को नहीं मिली है। पश्चिमी राजस्थान जोधपुर, जालोर, सिरोही, पाली जैसमेर एवं बाड़मेर में कहीं भी मानसून की एक भी अच्छी बारिश अभी तक नहीं हुई है। मौमस विभाग की मानें तो आगामी 7 जुलाई तक प्रदेश में गर्मी और उमस के साथ पार चढ़ेगा। 8 से 10 जुलाई तक बनने वाले पश्चिमी विक्षोभ से अच्छी बारिश की उम्मीद है।

फिलहाल मानसूनी बादल की आवाजाही मारवाड़ पर बनी रहेगी। जोधपुर संभाग में गत दिनों चक्रवाती तूफान बिपरजॉय की बारिश से मारवाड़ तरबतर हो गया था। मगर उसके बाद इस मानसून की अभी तक अच्छी बारिश नहीं हो पाई है। बारिश नहीं होने के साथ उमस से लोगों केभी बेजा हाल हो रखे हैं।

सोमवार को जोधपुर में बादलों की आवाजाही बनी रही, मगर बारिश के इंतजार कर रहे लोगों को निराशा ही हाथ लगी। आगामी चार पांच दिनों तक गर्मी और उमस का असर रहने से आमजन बेचैन हो सकता है। 8 जुलाई के बाद पश्चिमी विक्षोभ के असर से बारिश के आसार बन सकते हैं।

## हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** भाई की हत्या करने के आरोपी को कोटड़ा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 1 मई को पीडित भेरिया पुत्र कानिया निवासी चक साण्डमारिया ने रिपोर्ट दी कि एक मई को रात में मेर जमाई लाला पुत्र लक्ष्मण निवासी दाता जिला बनासकांठा मेरे पुत्र अजीत के मकान पर आया जहां दूसरे पुत्र रावा के साथ शराब पी। जहां बहन के साथ मारपीट करने की बात को लेकर कहासूनी होने पर लाला ने धारदार हथियार से पुत्र रावा के पिठ पर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में प्रकरण दर्जहोने पर जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव के निर्देश पुलिस उप अधीक्षक बलवीरसिंह के सुपरविजन में कोटड़ा थानाधिकारी रामसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर रावा की हतया करने के मामले में उसके भाई अजीत को गिरफ्तार किया। शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर कहासूनी होने पर अजीत रे छूरी मार दी थी।

# ट्रक और लोडिंग टैंपो में भिड़ंत, दो की मौत

■ ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ हादसा

**सूरतगढ़, (निसं)।** सूरतगढ़-श्रीगंगानगर नेशनल हाईवे संख्या 62 पर सूरतगढ़ के भगवानगढ़ गांव के पास लोडिंग टैंपो और ट्रक की भिड़ंत हो गई। हादसे में टैंपो सवार दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने मौका मुआयना कर दोनों शवों को राजकीय अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

सदर थाना प्रभारी सुभाष बराला ने बताया कि हाईवे पर भगवानगढ़ के पास दो वाहनों में भिड़ंत की सूचना मिली। जिसके बाद वे एएसआई श्योपत राम और जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। एसएचओ ने बताया कि ट्रक श्रीगंगानगर से सूरतगढ़ की ओर आ रहा था। वहीं लोडिंग टैंपो सूरतगढ़ से कैंचियां की ओर जा रहा था। इसी दौरान भगवानगढ़ के पास लोडिंग टैंपों ने एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया तो सामने से आ रहे ट्रक के साथ उसकी भिड़ंत हो गई।

हादसे में लोडिंग टैंपो में सवार चूनावढ़ थाना क्षेत्र के ठाकरांवाली निवासी संतराम (29) पुत्र श्याम लाल बाजीगर और ताराचंद्र (40) पुत्र मनीराम नायक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में ट्रक का भी आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। एसएचओ ने बताया कि मौके पर जुटे ग्रामीणों और ट्रैक्टरों की मदद से ट्रक और लोडिंग टैंपो को सड़क से हटवाया गया। साथ ही शवों को सूरतगढ़ सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाया। पुलिस ने दोनों मृतकों के परिजनों को जानकारी दे दी है।

# सूरतगढ़ को जिला बनाने की मांग ने जोर पकड़ा

## 17 जुलाई से सूरतगढ़ को अनिश्चितकाल के लिए बंद किए जाने का निर्णय

■ 17 जुलाई से अनिश्चितकालीन बाजार बंद, 9 जुलाई को बुलाई बैठक

**सूरतगढ़, निसं)।** जिला बनाने की मांग को लेकर जिला बनाओ अभियान समिति की ओर से एक बैठक कर 17 जुलाई से सूरतगढ़ को अनिश्चितकाल के लिए बंद किए जाने का निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष विष्णु शर्मा की अध्यक्षता में सेन मंदिर में हुई बैठक में सर्वसम्मति से 17 जुलाई से बाजार बंद, अनाज मंडी बंद, शिक्षण संस्थाएं बंद और सरकारी कार्यालयों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया।

इसके लिए सभी संस्थाओं, सभी संगठनों, स्टीयरिंग कमेटी के सदस्यों, व्यापारी एसोसिएशन, व्यापार मंडल, पंचायत समिति के प्रधान, सरपंच, चेयरमैन, पार्षद और डायरेक्टर तक के जनप्रतिनिधियों की 9 जुलाई को एक आवश्यक बैठक भी आहूत की गई है। जिसमें जिले की मांग को लेकर किए जाने वाले अनिश्चितकालीन शहर बंद के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

समिति के अध्यक्ष एडवोकेट विष्णु शर्मा ने बताया कि सूरतगढ़ को जिला बनाने की मांग करते हुए क्षेत्र की जनता को 40 साल से अधिक का समय हो गया है। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा घोषित किए गए 19 जिलों में भी सूरतगढ़ का नाम नहीं आना केवल राजनीतिक उपेक्षा है।

जिसे लेकर पिछले एक 104 दिन से महाराणा प्रताप चौक पर क्षेत्र के लोग आंदोलित है और धरना प्रदर्शन तथा क्रमिक अनशन का दौर जारी रखे हुए हैं। जिले की मांग को लेकर इन साढ़े तीन माह में समिति अब तक बाजार बंद, हाईवे जाम, ब्लैकआउट, कैंडल मार्च, रैली, उपखंड कार्यालय का घेराव, ज्ञापन, पेयजल टंकी पर प्रदर्शन, नुक्कड़ सभाएं, पोस्टर प्रचार, महासभा और काली पट्टी बांधने के विरोध समेत अनेकों क्रियाकलाप कर चुकी, मगर फिर भी राज्य सरकार ने इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई।

बैठक में समिति के संयोजक के किशोर कुमार गाबा, पूर्व विधायक राजेंद्र भादू, पूर्व विधायक अशोक नागपाल, भाजपा नेता राकेश बिश्नोई, सत्यनारायण छींपा, पार्षद और पीसीसी सदस्य परसराम भाटिया, शिक्षाविद डॉ सचिन जेतली, प्रमोद ज्याणी, रमेश चंद्र माथुर, महावीर भोजक, योगेश स्वामी, राकेश नायक, घनश्याम भटेजा, लेखराज छाबड़ा, अवतार सिंह सरां समेत अनेक जन मौजूद रहे।

# फाईनेंसकर्मी ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (निसं)।** भीलवाड़ा से उदयपुर आए फाईनेंसकर्मी ने होटल में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। सहकर्मी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के सूरजपोल थाना क्षैत्र के होटल में ठहरे भीलवाड़ा चुंगीनाका निवासी जयंत गुर्जर पुत्र लादूराम ने रविवार अपरान्ह में फांसी लगा आत्महत्या कर ली।

जयंत फाईनेन्स का काम करता था एवं 1 जुलाई को घर से निकला था। दो जुलाई अपरान्ह में आत्महत्या करने से पहले परिजनों को वाट्हसप पर जानकारी देने के बाद फांसी लगा ली। इधर तलाश में आए परिजनों ने पुलिस के साथ तलाश कर होटल कृष्णा से मृतक को फंदे से निचे उतार एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में ममता गुर्जर ने मृतक भाई जयंत के साथी दुर्गभंवरसिंह निवासी पाठो की कोटडी भीलवाड़ा निवासी के खिलाफ लेनदेन की बात को लेकर परेशान करने से जयंत द्वारा आत्महत्या करने की आशंका व्यक्त करते हुए प्रकरण दर्ज करवाया है।

**युवक ने की होटल में आत्मत्या की :-** उदयपुर शहर के सविना थाना क्षेत्र में युवक ने होटल में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सविना थाना क्षैत्र सी ए सर्कल पर स्थित होटल में रोशन नगर सेक्टर 12 निवासी कमलेन्द्रसिंह (28) पुत्र महेन्द्रसिंह ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। कमलेन्द्रसिंह हिन्दुस्तान जिंक में नौकरी करता था एवं रविवार रात में बाइक लेकर घर से निकला था। घर नहीं पहुंचने पर तलाश में निकले परिजनों को सीए सर्कल पर स्थित होटल के बाहर बाइक खड़ी होने पर पूछताछ की तो रूम में ठहरे होने की जानकारी सामने आई।



हां मैं मनु भाकर को ट्रेनिंग दूंगा। यह सच है। यह मेरे और मनु के बीच है, मुझे इसके लिए किसी की अनुमति की जरूरत नहीं है। मैं सिर्फ मनु को कोचिंग दूंगा, पूरी पिस्टल टीम को नहीं। मैं उसका निजी कोच रहूंगा। -जसपाल राणा

पूर्व भारतीय निशानेबाज, मनु भाकर को पुनः कोचिंग देने

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — नाथन लियोन



**ऑस्ट्रेलिया** के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन दायीं पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण लॉर्ड्स मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट से बाहर हो गये। वह गुरुवार को दूसरे दिन के खेल के दौरान चाय के सत्र के बाद गेंद के पीछे भागते हुए चोटिल हो गये थे। उन्होंने इससे पहले जैक क्राउली को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को तीसरे दिन के खेल के दौरान एक बयान जारी कर बताया कि लियोन को चोट थोड़ी गंभीर है। इस बयान में हालांकि यह नहीं बताया गया कि वह कितने समय तक बाहर रहेंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में पहली गेंद 7 जून 1975 को लार्ड्स के मैदान पर भारत के मदनलाल द्वारा इंग्लैण्ड के डैनिश एमिस को फेंकी गई थी।

# विवादों भरा ऐशेज का दूसरा टेस्टः स्टार्क के कैच, बेयरस्टो के रनआउट पर सवाल

## एमसीसी मेंबर से भिडे ख्वाजा; फील्ड में घुसे प्रदर्शनकारी

लंदन, 3 जुलाई । द ऐशेज सीरीज का दूसरा टेस्ट लॉड्र्स में खेला गया। बेन स्टोक्स की 155 रनों की पारी के बावजूद इंग्लैंड हार गई। 5 टेस्ट मैचों की ऐशेज सीरीज में अब इंग्लैंड की टीम 2-0 से पीछे हो गई है।

यह टेस्ट मैच स्टोक्स की पारी के साथ 4 विवादों के लिए भी जाना जाएगा। मिशेल स्टार्क का विवादित कैच और जॉनी बेयरस्टो का रनआउट सबसे ज्यादा चर्चा में रहे। इसके अलावा क्रिकेट के नियम-कानून बनाने वाली संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के मेंबर की उस्मान ख्वाजा पर टिप्पणी विवादों में रही। टेस्ट के दौरान प्रदर्शनकारी भी मैदान में घुसे, जिन्हें इंग्लिश खिलाडियों ने कंधे पर टांगकर बाहर निकाला।

**पहला विवादः मेंबर्स से भिडे ख्वाजा, ने माफी मांगीः**-पहले सेशन के बाद जब ऑस्ट्रेलियाई टीम ड्रेसिंग रूम की तरफ जा रही थी, तभी एक मेंबर ने कमेंट किया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा ने पलटवार किया। इसके बाद बहस शुरू हो गई। बहस के बाद सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव किया।


5वें दिन पहले सत्र के बाद सभी खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम की ओर लौट रहे थे। तभी ख्वाजा लॉड्र्स स्टेडियम में बने लॉन्ग रूम में के सदस्यों से भिड गए। बहस बढने पर सुरक्षाकर्मी ने ख्वाजा और मेंबर्स को अलग किया। एक सोशल पोस्ट के जरिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से माफी मांगी। ने पोस्ट में लिखा, वर्ल्ड क्रिकेट में लॉन्ग रूम यूनीक है और वहां से पवेलियन तक जाना खिलाडियों का अधिकार है। सुबह के खेल के बाद सभी के इमोशंस हाई थे, आवेश में आकर हमारे कुछ सदस्यों ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाडियों से बहस की। हम ऑस्ट्रेलियाई टीम से इस व्यवहार के लिए माफी मांगते हैं। जिन सदस्यों ने अनुशासनहीनता की, उन पर एक्शन लिया जाएगा।

**दूसरा विवादः बेयरस्टो के रन आउट पर बवालः**-बेयरस्टो अपने कप्तान बेन स्टोक्स से बात करने के लिए क्रीज से निकले, तभी एलेक्स कैरी ने उन्हें रनआउट कर दिया। रनआउट होने के बाद बेयरस्टो फील्ड अंपायर से बात करते नजर आए। 5वें दिन इंग्लिश टीम 371 रन का टारगेट चेज कर रही थी।

कप्तान बेन स्टोक्स ने बेन डकेट के साथ 132 रन की साझेदारी की। डकेट के आउट होने के बाद विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स ने साझेदारी शुरू की, लेकिन 52वें ओवर की आखिरी गेंद पर बेयरस्टो रनआउट हो गए।

उनके रनआउट पर विवाद खड़ा हो गया। बेयरस्टो ओवर की आखिरी गेंद को छोड़ने के बाद स्टोक्स से बात करने के लिए क्रीज से बाहर निकल गए। उन्हें क्रीज से बाहर देख ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने बॉल को थ्रो किया और गिल्लियां बिखेर दीं।

बेयरस्टो विकेटकीपर, फील्डर या अंपायर को बता कर क्रीज से बाहर नहीं निकले थे। इसीलिए गेंद डेड नहीं हुई और ऑस्ट्रेलिया की अपील के बाद थर्ड अंपायर ने भी बेयरस्टो को आउट करार दे दिया। नियम के अनुसार, बेयरस्टो आउट थे, लेकिन यहां खेल भावना





का मुद्दा खड़ा हो गया। दरअसल, बेयरस्टो रन लेने के लिए क्रीज से बाहर नहीं निकले थे, वह तो ओवर खत्म होने के बाद अपने साथी से चर्चा करने के लिए जा रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर ने इसी बात का फायदा उठाया और डायरेक्ट थ्रो मार दिया। बेयरस्टो 10 रन बनाकर आउट हो गए। नियमों के अनुसार, बेयरस्टो आउट थे, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर के थ्रो को स्टेडियम में बैठे इंग्लिश फैंस ने पंसद नहीं किया। फैंस ने फिर पूरे मैच के दौरान चीटर्स..चीटर्स...कहकर ऑस्ट्रेलिया टीम की हूटिंग की। बेयरस्टो के विकेट के बाद उनके साथ रहे बेन स्टोक्स ने अपना रुख बदला और खुलकर शॉट्स लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने कैमरन ग्रीन के एक ओवर में 3 लगातार छक्के लगाए और अपना शतक पूरा किया। उन्होंने गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप भी की, लेकिन अपनी टीम को जीत दिलाने से पहले विकेट गंवा बैठे। उन्होंने 155 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया 43 रन से मुकाबला हार गई।

# विकेटकीपर रिचा घोष इंडिया विमेंस टीम से बाहर

नई दिल्ली । भारत की महिला क्रिकेट टीम से विस्फोटक विकेटकीपर बैटर रिचा घोष को बाहर कर दिया गया है। उन्हें बांग्लादेश दौरे की टीम इंडिया में शामिल नहीं किया गया। उनकी जगह इमर्जिंग एशिया कप में इंडिया-ए टीम का हिस्सा रहीं उमा छेत्री को मौका मिला। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और

> ■ **बांग्लादेश दौरे पर रेणुका सिंह और शिखा पांडे को भी मौका नहीं**

शिखा पांडे को भी टीम से बाहर किया गया। इंडिया विमेंस टीम का बांग्लादेश दौरा 9 जुलाई से शुरू होगा। टीम इंडिया यहां 3 टी-20 और 3 वनडे खेलेगी, दोनों ही फॉर्मेट में टीम की कप्तानी बैटर हरमनप्रीत कौर करेंगी।

**रिचा का स्ट्राइक रेट 130 से ज्यादा :**-रिचा टी-20 और वनडे दोनों ही फॉर्मेट में बहुत तेज गति से रन बनाती हैं। उन्होंने भारत के लिए 35 टी-20 में 133.41 के स्ट्राइक रेट से 563 रन बनाए हैं। उन्होंने टीम इंडिया के लिए 17 वनडे भी खेले। इनमें उन्होंने 2 फिफ्टी लगाकर 311 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 84.97 और औसत 22.21 का रहा। टीम इंडिया ने बांग्लादेश में 6 मैच के लिए 18 प्लेयर्स का स्क्वॉड चुना। इनमें 3 अनकैप्ड खिलाडियों को भी शामिल किया गया। रेणुका सिंह की जगह मिन्नु मणि को वनडे टीम में मौका मिला, मिन्नु पिछले दिनों विमेंस प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेली थीं। उनके अलावा 2 अनकैप्ड प्लेयर्स अनुषा बारेड्डी और राशि कन्नोजिया को भी मौका मिला। 2021 में भारत के लिए आखिरी बार वनडे खेलने वालीं मोनिका पटेल और प्रिया पूनिया की टीम में वापसी हुई। प्रिया पूनिया बांग्लादेश में सिर्फ वनडे खेलेंगी। टी-20 टीम में उनकी जगह सब्बिनेनी मेघना को शामिल किया, जिन्होंने पिछले में गुजरात जायंट्स से अच्छा परफॉर्म



किया था। टी-20 वर्ल्ड कप में पूजा वस्त्राकर की रीप्लेसमेंट बनकर टीम इंडिया में शामिल हुईं स्नेह राणा को टी-20 टीम में जगह नहीं मिली। हालांकि, उन्हें वनडे टीम में मौका दिया गया है। 9 जुलाई से शुरू होगा दौरा भारत का बांग्लादेश दौरा 9 जुलाई से शुरू होगा। टीम मीरपुर में पहले 3 टी-20 खेलेगी, फिर इसी वेन्यू पर 3 वनडे मैच भी होंगे। 3 टी-20 9, 11 और 13 जुलाई को होंगे, जबकि तीन वनडे 16, 19 और 22 जुलाई को खेले जाएंगे।

**टी-20 टीमः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्ज, यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देओल, देविका वैद्य, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, सब्बिनेनी मेघना, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, अंजलि सर्वनी, मोनिका पटेल, राशि कनोजिया, अनुषा बारेड्डी और मिन्नु मणि।

**वनडे टीमः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्ज, यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देओल, देविका वैद्य, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, प्रिया पूनिया, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, अंजलि सर्वनी, मोनिका पटेल, राशि कनोजिया, अनुषा बारेड्डी और स्नेह राणा।

# श्रीलंका ने वर्ल्ड कप के लिए किया क्वालिफाई जिम्बाब्वे को 9 विकेट से हराया

बुलावायो । 1996 की वर्ल्ड चैंपियन श्रीलंका ने भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम ने क्वालिफायर में होम टीम जिम्बाब्वे को 9 विकेट से हराया। इस जीत के बाद श्रीलंकाई टीम सुपर-6 पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। टीम के खाते में 8 अंक हो गए।

बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में सोमवार को श्रीलंका ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। मेजबान जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 165 रन बनाए। 166 रन का टारगेट श्रीलंका ने 33.1 ओवर में एक विकेट पर 169 रन बनाते हुए हासिल कर लिया। वनडे वर्ल्ड कप क्वालिफायर के सुपर-6 राउंड में श्रीलंका ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टीम ने ग्रुप स्टेज में भी अपने सभी 4 मुकाबले जीते थे। रविवार को जीत के बाद श्रीलंकाई टीम 8 अंकों के साथ टेबल के टॉप पर पहुंच गई। टीम अगर सुपर-6 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना आखिरी मैच हार जाए, तब भी वे टॉप-2 में ही फिनिश करेंगे। वनडे वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करने के लिए एक ही जगह बाकी है, इसके लिए 3





टीमें रेस में हैं। इनमें जिम्बाब्वे, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स शामिल हैं। वेस्टइंडीज और ओमान वर्ल्ड कप की रेस से बाहर हो चुके हैं। जिम्बाब्वे इस वक्त पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है। टीम के खाते में 6 पॉइंट्स हैं, जबकि स्कॉटलैंड 3 मैचों में 4 अंक लेकर तीसरे नंबर पर हैं। टीम को 2 मुकाबले और खेलने हैं।

1. न्यूजीलैंड 2. इंग्लैंड 3. भारत 4. ऑस्ट्रेलिया 5. पाकिस्तान 6. साउथ अफ्रीका 7. बांग्लादेश 8. अफगानिस्तान 9. श्रीलंका

वानखेडे में 2 नंवबर को हो सकता है भारत से मुकाबला। वर्तमान स्थिति के अनुसार वर्ल्ड कप में श्रीलंकाई टीम का भारत से मुकाबला 2 नवंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हो सकता है। हालांकि, फाइनल शेड्यूल क्वालिफायर मुकाबले खत्म होने के बाद ही तय होगा।

# बंग्लादेश दौरे के लिये महिला टीम घोषित

मुंबई, 02 जुलाई (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बंगलादेश के खिलाफ होने वाली महिला टी20 और एकदिवसीय शृंखलाओं के लिये 18-सदस्यीय स्क्वाड की घोषणा रविवार को की। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष टीम में जगह नहीं बना सकी हैं, जबकि असम की विकेटकीपर उमा छेत्री को पहली बार टीम में तलब किया गया है। यास्तिका भाटिया एकदिवसीय और टी20 दोनों टीमों में बरकरार हैं। राजस्थान की प्रिया पूनिया को दो साल के अंतराल के बाद राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। अंजली सरवानी टी20 टीम में बरकरार हैं और बंग्लादेश दौरे पर एकदिवसीय क्रिकेट में भी पदार्पण कर सकती हैं। अमनजोत कौर को पहली बार एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है, जबकि मोनिका पटेल पहली बार एकदिवसीय स्क्वाड में जगह बना सकी हैं। उत्तर प्रदेश की राशि कनौजिया, आंध्र प्रदेश की अनुषा बरेड्डी और केरल की मिन्नू मणि पहली बार राष्ट्रीय स्क्वाड का हिस्सा बनी हैं। भारत और बंगलादेश के बीच तीन महिला टी20 मैचों की शृंखला नौ जुलाई को शुरू होगी, जबकि तीन महिला एकदिवसीय मैच 16 जुलाई से खेले जायेंगे।

सभी छह मुकाबलों का आयोजन मीरपुर के शेर-ए-बंगला क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

भारत की महिला टी20 टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देओल, देविका वैद्या, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, सबभिनेनी मेघना, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, मोनिका पटेल, राशि कनौजिया, अनुषा बरेड्डी, मिन्नू मणि।

# क्रिकेटर उमेश यादव ने महाकाल के दर्शन किए

## पत्नी समेत की भस्म आरती, नंदी हॉल में मंत्रों का जाप किया; ट्विटर पर शेयर कीं तस्वीर

उज्जैन, 3 जुलाई। इंडियन क्रिकेट टीम के फास्ट बॉलर उमेश यादव पत्नी तान्या समेत गुरु पूर्णिमा के मौके पर सोमवार को उज्जैन पहुंचे। यहां दोनों ने तड़के 4 बजे महाकालेश्वर मंदिर में होने वाली भस्म आरती में हिस्सा लिया। उन्होंने भगवान महाकाल का जल से अभिषेक कर आशीर्वाद लिया।

भस्म आरती के दौरान उमेश धोती सोला पहने नजर आए। यादव दंपती ने नंदी हॉल में बैठकर मंत्रों का जाप भी किया। उमेश ने अपने ट्विटर अकाउंट पर ज्योतिर्लिंग दर्शन की तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने शिव मंत्र भी पोस्ट किया है। वे पहले भी महाकाल के दर्शन करने आ चुके हैं।

**उमेश यादव ने ट्विटर अकाउंट पर ये फोटो शेयर किए हैं:**-उत्तर प्रदेश का रहने वाला परिवार पिता की नौकरी के कारण नागपुर आया। टीम इंडिया के स्टार बॉलर



उमेश यादव बेहद गरीबी के बीच साधारण परिवेश में पले-बढे। उनका जन्म वेस्टर्न कोलफील्ड्स में काम करने वाले तिलक यादव के घर 25 अक्टूबर 1987 को हुआ था। उनके दो बेटियां और एक बेटा पहले से थे। उमेश के पिता तिलक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के छोटे से गांव के रहने वाले हैं। वे कोयला खदान में नौकरी के कारण नागपुर के पास खापरखेड़ा गांव में रहने लगे।

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज उमेश यादव ने नई दिल्ली की फैशन डिजाइनर तान्या वाधवा से शादी की है। दोनों की एक बेटी है। उमेश का क्रिकेट करियर चमकने से पहले तक उनके पिता की दिली तमन्ना थी कि वे पुलिस में भर्ती हो जाएं, उनकी सरकारी नौकरी लग जाए। पिता के कहने पर उमेश भी इसकी तैयारी कर रहे थे लेकिन किस्मत साथ नहीं दे रही थी। आखिरकार टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलने के शौकीन उमेश ने पिता से कह दिया था- या तो आप मेरे खेल से आबाद हो जाओगे या फिर...।

2008 में पहली बार उमेश को रणजी ट्रॉफी में खेलने का मौका मिला। मैच की पहली इनिंग में उन्होंने 75 रन देकर चार विकेट लिए। इसी परफॉर्मेंस के दम पर दलीप ट्रॉफी में मौका मिला और फिर 2010 में में दिल्ली डेयरडेविल्स की टीम ने उनके लिए बोली लगाई। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उमेश और तान्या की शादी 29 मई 2013 को हुई थी।

**महाकाल के सोमवार भस्म आरती दर्शनः**-बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक दक्षिणमुखी श्री महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार तड़के 4 बजे मंदिर के कपाट खोले गए। भगवान महाकाल को जल से स्नान कराने के बाद पंडे-पुजारियों ने दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, इत्र, फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक पूजन किया। मस्तक पर रजत त्रिपुंड और चंद्र के साथ सुगंधित पुष्प अर्पित कर राज-राजेश्वर स्वरूप में श्रृंगार किया गया।

## चोटग्रस्त लायन एशेज़ से बाहर

लंदन, 3 जुलाई (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑफ-स्पिनर नेथन लायन दाहिनी पिंडली की मांसपेशी फट जाने के कारण इंग्लैंड के विरुद्ध तीसरे एशेज़ टेस्ट से बाहर हो गये हैं जिसके बाद युवा प्रतिभा टॉड मर्फ़ी एकादश में उनकी जगह लेंगे। उल्लेखनीय है कि लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन फील्डिंग के दौरान लायन की दाहिनी पिंडली में चोट लगी थी। लायन भले ही दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिये उतरे, लेकिन उनके स्थान पर फील्डिंग मैट रेनशॉ ने की थी। लायन ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के मेडिकल स्टाफ से मुलाकात की, जिसके बाद उनके इंग्लैंड दौरे के समापन की पुष्टि हो गयी। लॉर्ड्स उनका लगातार 100वां टेस्ट था और ऑस्ट्रेलिया 101 टेस्ट मैचों में पहली बार लायन के बिना मैदान पर उतरेगी। इसी बीच, ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने पुष्टि की कि इस साल भारत में पदार्पण करने वाले ऑफ-स्पिनर मर्फ़ी आगामी तीन टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलियाई एकादश का हिस्सा होंगे।

## विंबलडन में स्वियातेक की विजयी शुरुआत

लंदन, 3 जुलाई (वार्ता)। विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने विंबलडन के पहले चरण में सोमवार को चीन की झू लिन को सीधे सेटों में हराकर साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम आयोजन की विजयी शुरुआत की। पोलैंड की 22 वर्षीय स्वियातेक ने अपनी चीनी प्रतिद्वंदी को 6-3, 6-1 से हराकर दूसरे चरण में कदम रखा, जहां उनका सामना स्पेन की सारा सोरिबेस टोर्मो या इटली की मार्टिना ट्रेविसान में से किसी एक से होगा। पिछले महीने फ्रेंच ओपन 2023 जीतने वाली स्वियातेक अपने करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब तलाश रही हैं, हालांकि वह इससे पहले कभी भी विंबलडन में चौथे चरण से आगे नहीं पहुंची हैं। स्वियातेक ने जीत के बाद कहा, मुझे सचमुच आत्मविश्वास महसूस हुआ। मुझे ऐसा लगा जैसे मैं बहुत अच्छा खेली। रोलां गैरो (फ्रेंच ओपन) के बाद मैं वास्तव में अच्छा महसूस कर रही हूं। रोलां गैरो के बाद जो कुछ हुआ उसकी सराहना करने में मुझे कुछ समय लगा।" उन्होंने कहा, पिछले साल यह (फ्रेंच ओपन) मेरा दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब था। इस बार मैं जश्न मनाने और वास्तव में अपने दिमाग में अधिक शांति के साथ वापस लौटने पर ध्यान केंद्रित कर सकी।

## पृथ्वी शॉ इंग्लैंड में वन-डे कप खेलेंगे

नई दिल्ली, 3 जुलाई। साल के पृथ्वी जुलाई में दलीप ट्रॉफी खेलने के बाद इंग्लैंड जाएंगे। यहां वह काउंटी चैम्पियनशिप और रॉयल लंदन वन-डे कप खेलेंगे। अगस्त में शुरू होगा वन-डे कप। जुलाई 2021 में भारत के लिए आखिरी इंटरनेशनल मैच खेलने वाले पृथ्वी शॉ नॉटिंघमशायर के लिए खेलेंगे। एक अगस्त से इंग्लैंड का घरेलू लिस्ट-ए टूर्नामेंट रॉयल लंदन वन-डे कप शुरू होगा। पृथ्वी इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगे। उनकी टीम का पहला मैच 3 अगस्त को एसेक्स से होगा। पृथ्वी भारत में मुंबई से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने अब तक लिस्ट-ए के 53 मैचों में 52.54 की औसत से 2627 रन बनाए हैं। इनमें उन्होंने 8 शतक लगाए और उनका स्ट्राइक रेट भी 123.27 का रहा।

## वन-डे के बाद काउंटी के मैच होंगे

नई दिल्ली, 3 जुलाई। इंग्लैंड का घरेलू सीजन जारी है। इस वक्त वहां टी-20 ब्लास्ट टूर्नामेंट हो रहा है। टी-20 टूर्नामेंट 15 जुलाई तक चलेगा, फिर अगस्त से वनडे कप शुरू होगा। इस दौरान मई से सितंबर तक काउंटी चैम्पियनशिप के फर्स्ट क्लास मैच भी जारी रहेंगे। शॉ काउंटी चैम्पियनशिप भी खेलेंगे पृथ्वी नॉटिंघम के लिए वनडे कप खेलने के बाद काउंटी चैम्पियनशिप का भी हिस्सा होंगे। नॉटिंघम काउंटी में डिवीजन-1 की टीम है, उनके 7 मैच हो चुके हैं और 7 ही लीग मैच बाकी हैं। भारत का घरेलू सीजन शुरू होने से पहले शॉ नॉटिंघम के लिए 4 काउंटी मैच भी खेल सकेंगे। भारत के लिए 6 टेस्ट मैच खेल चुके शॉ ने इंडिया-ए, मुंबई और वेस्ट जोन से भी फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेला है। उन्होंने 42 मैचों में 51.09 की औसत से 3679 रन बनाए हैं। इनमें 12 शतक भी शामिल हैं, पिछले सीजन तो उन्होंने मुंबई से खेलते हुए 379 रन की पारी भी खेली थी।

## ठाकुर ने की धवन से मुलाकात

गुरुग्राम/नयी दिल्ली, 3 जुलाई (वार्ता)। खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी के संपर्क से समर्थन महा अभियान के अंतर्गत भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन से मुलाकात की। ठाकुर ने कहा, हमने शिखर जी को सरकार की उपलब्धियां बताई हैं और उनका एवं खेल जगत का समर्थन मांगा है। पिछले नौ वर्षों में मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत में खेलों में 360 डिग्री का परिवर्तन देखने को मिला है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज धवन ने कहा, सरकार की उपलब्धियां देखकर हमें गर्व होता है। आज पूरे देश का खेल पर्यायवरण एवं बुनियादी ढांचा मजबूत हो रहा है। आज हम विदेश जाते हैं तो गर्व महसूस करते हैं। पहले हम सोने की चिड़िया कहे जाते थे और हम उसी तरफ दोबारा बढ़ रहे हैं। दूसरे खेलों को भी आगे बढ़ता देख हमें बेहद खुशी होती है। ठाकुर ने कहा कि खेलों को आगे बढाने और युवाओं को अवसर उपलब्ध कराने की मोदी सरकार की नीतियों की धवन ने सराहना की तथा भारत के बढ़ते दबदबे और आर्थिक मोर्चे पर भारत की सुखद स्थिति पर उत्साह एवं संतोष प्रकट किया।

## त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल ने जीता जीसीएल खिताब

दुबई, 3 जुलाई (वार्ता)। लेवोन एरोनियन की कप्तानी वाली त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) का पहला संस्करण जीत लिया है। त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल ने अपठौड मुंबा मास्टर्स के विरुद्ध रविवार रात खेले गये फाइनल में लंबी रस्साकशी के बाद डेनमार्क के युवा प्रतिभावान ग्रैंडमास्टर जोनास बेरे की मदद से जीत हासिल की। किसी शतरंज प्रतियोगिता में पहली बार विजेता का फैसला टाई-ब्रेक के तीन चरणों के बाद हुआ। फाइनल मैच में दो रैपिड राउंड ड्रॉ पर समाप्त होने के बाद मुकाबला ब्लिट्ज़ में पहुंचा। ब्लिट्ज के दो राउंड भी ड्रॉ रहे जिसके बाद चैंपियन का फैसला सडन-डेथ ब्लिट्ज गेम की सीरीज में किया गया। इस सीरीज के शुरुआती तीन मैच ड्रॉ रहे, लेकिन चौथे गेम में जोनास ने अपठौड मुंबा मास्टर्स के 17 वर्षीय जावोखिर सिंदारोव को शह-मात कर त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल को चैंपियन बना दिया। बेरे ने मैच के बाद कहा, आखिरी गेम अविश्वसनीय रूप से तनावपूर्ण था। यह वास्तव में रोमांचक था। मैं अभी भी कांप रहा हूं।

## खिताबी जंग में कुवैत से भिडेगा भारत

बेंगलुरु, 3 जुलाई (वार्ता)। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम मंगलवार को सैफ चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में कुवैत को हराकर लगातार दूसरी बार और कुल नौवीं बार दक्षिण एशिया का शीर्ष फुटबॉल खिताब जीतना चाहेगी। सैफ चैंपियनशिप का फाइनल 13 बार लड़ा गया है, जिसमें भारत ने आठ मौकों पर खिताब जीता। श्री कांतीरवा स्टेडियम पर मंगलवार रात 07:30 बजे भारत अपना नौंवा सैफ चैंपियनशिप फाइनल खेलकर इस टूर्नामेंट के सबसे प्रतिस्पर्धी और रोमांचक संस्करण का अंत करेगा। भारत ने शनिवार को हुए सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में लेबनान को 4-2 से हराया। दूसरी ओर, मेहमान पक्ष कुवैत ने बंगलादेश को 1-0 से हराकर फाइनल में कदम रखा। भारत और कुवैत लीग चरण में भी आमने-सामने आये थे जहां दोनों टीमों ने 1-1 से ड्रॉ खेला था। मुख्य कोच इगोर स्टिमाच को उस मुकाबले के अंतिम चरण में लाल कार्ड दिखाकर बाहर भेज दिया गया और बाद में उन पर दो मैचों का प्रतिबंध भी लगा दिया गया। इसका अर्थ है कि खिताबी मुकाबले में सहायक कोच महेश गवली साइडलाइन से भारत का नेतृत्व करेंगे।

## विम्बलडन आज से

नई दिल्ली 3 जुलाई । टेनिस के सबसे पुराने टूर्नामेंट विम्बलडन की शुरुआत आज से ऑल इंग्लैंड क्लब लंदन में हो रही है। 146 साल पुराने इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट का यह 136वां संस्करण है। 2 विश्व युद्ध और 2020 में कोरोना महामारी के दौरान ही विम्बलडन का आयोजन ब्रेक हुआ है। इसे टेनिस के चार ग्रैंड स्लैम में सबसे प्रतिष्ठित भी कहा जाता है। विम्बलडन में इस साल 2022 की तुलना में करीब 11 ज्यादा प्राइज मनी मिलेगी। दोनों सिंगल्स चैंपियन को करीब 24.49 करोड़ रुपए मिलेंगे, जबकि रनर-अप को 12.25 करोड़ रुपए की प्राइज मनी दी जाएगी। 2023 की प्रतियोगिता में करीब 465 करोड़ रुपए बांटे जाएंगे। पिछले साल पुरुष और महिला चैंपियन को करीब 20.85 करोड़ रुपए मिले थे। ओपन एरा (1968) से पहले विम्बलडन में प्राइज मनी नहीं दी जाती थी। 1968 में टेनिस प्रोफेशनल खेल बना। तब से अब तक के पीरियड को खेल में ओपन एरा कहा जाता है। 1968 में पुरुष चैंपियन को 2000 पाउंड और महिला सिंगल्स चैंपियन को 750 पाउंड दिए गए। 2007 तक महिला और पुरुष वर्ग को अलग-अलग प्राइज मनी मिलती थी। 2008 से ग्रैंड स्लैम में दोनों वर्गों को एक बराबर प्राइज मनी मिलने लगी। बॉल बॉय और बॉल गर्ल्स यहां के बॉल बॉय और गर्ल्स, इस चैम्पियनशिप को खास बनाते हैं। इन्हें के नाम से जाना जाता है। 2005 से 6 के दल में काम करते हैं, जिनमें से 2 नेट पर रहते हैं, 4 कोनों में रहते हैं। इनका काम बॉल को उठाकर खिलाड़ी तक पहुंचाना होता है। चैम्पियनशिप में 1920-30 के दशक में देखे गए थे। इन्हें स्कूल के प्रिंसिपल के द्वारा नामित किया जाता है, हालांकि इन सभी को टेनिस के नियमों पर बेस्ड एक लिखित परीक्षा पास करनी होती है ।

# सिर्फ मैडिकल डिविज़न की बात करें तो सेना में 8,129 अधिकारियों की कमी है

**अधिकारियों की कमी को दूर करने के लिए सेना सेवानिवृत्त अधिकारियों को पुनः नियोजित करने पर विचार कर रही है। मतबल कि, ब्रिगेडियर और कर्नल जैसे पदों की व्यवस्था पुनः चालू हो सकती है**

नई दिल्ली, 3 जुलाई। भारतीय सेना मेजर और कैप्टन स्तर के अधिकारियों की भारी कमी का सामना कर रही है। इस संकट से निपटने के लिए सेना विभिन्न मुख्यालयों में अफसरों की पोस्टिंग रद्द कर उसे आर्मी यूनिट में भेजने की योजना पर काम कर रही है। इसके अलावा ऐसे पदों पर पुनः नियोजित अधिकारियों की नियुक्ति पर विचार चल रहा है। सेना ने हाल ही में प्रस्तावित कदम की व्यवहार्यता पर विभिन्न कमांडों से जानकारी मांगी है।

- **इसके अलावा सेना ने अपने सभी डिवीज़न मुख्यालयों में तैनात मेजर रैंक के अधिकारियों को पुनः सेना मुख्यालय में पोस्ट करने का आदेश दिया है।**

मौजूदा व्यवस्था में मेजर रैंक के मध्य स्तर के अधिकारियों को लगभग छः साल की सेवा पूरी होने पर विभिन्न कोर, कमांड और डिवीजन मुख्यालय में नियुक्तियों के लिए पहला अनुभव दिया जाता है। मुख्यालयों में इनकी पोस्टिंग इसलिए होती है ताकि अधिकारी वहां रहकर विभिन्न विषयों की नीति-रीति समझें और समन्वय को संभालें, जबकि यूनिटों में अफसरों की नियुक्ति का मतलब मोर्चे पर कार्यों का जमीनी संचालन से होता है। हेडक्वार्टर में स्टाफ नियुक्तियों का अनुभव उन्हें उनकी सेवा के दौरान बाद की कमांड नियुक्तियों के लिए तैयार करता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिलहाल सेना में आर्मी मैडिकल कोर और आर्मी डेंटल कोर समेत 8,129 अधिकारियों की कमी है। इसके अलावा नौसेना और भारतीय वायु सेना में क्रमशः 1,653 और 721 अधिकारियों की कमी है। अधिकारियों की इस कमी को ध्यान में रखते हुए, सेना ने पहले जहां भी संभव हो, कुछ कर्मचारियों की नियुक्तियों में 461 गैर-सूचीबद्ध अधिकारियों को तैनात किया है।

मौजूदा संकट से निपटने के लिए हेडक्वार्टर में तैनात कर्मचारियों की कुछ नियुक्तियों में अस्थायी रूप से कटौती का प्रस्ताव है। प्रस्ताव के मुताबिक, कनिष्ठ और मध्य स्तर के अधिकारी, जो वर्तमान में विभिन्न मुख्यालयों में तैनात हैं, 24 महीने का निर्धारित कार्यकाल पूरा करने के बाद उन्हें बिना किसी राहत के यूनिट में भेज दिया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, इसके अलावा सेना पुनः नियोजित अधिकारियों की पुनर्नियुक्ति पर भी विचार कर रही है। पुनः नियोजित अधिकारी वे होते हैं, जो सेवानिवृत्ति के बाद दो से चार साल तक सेना में सेवा करते हैं और ब्रिगेडियर और कर्नल के पद पर तैनात होते हैं।

सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को सेना में अधिकारियों की कमी से निपटने के लिए फिर से नियोजित किया जाता है। वे अपने सेवानिवृत्त रैंक से नीचे की रैंक में काम करते हैं। पुनः नियोजित अफसर के तौर पर अधिकांश कर्नल और ब्रिगेडियर के रूप में सेवानिवृत्त अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल और कर्नल के पद पर सेवा देते हैं, जबकि लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले बहुत कम लोगों को मेजर के लिए नियुक्तियां मिलती हैं।

# सांसद निधि की एक पाई भी खर्च नहीं की हरिवंश ने

नई दिल्ली, 3 जुलाई। पटना के दो सांसद और सात राज्यसभा सदस्यों में से कई ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम (एमपी लैड) की राशि का तेजी से इस्तेमाल किया तो कुछ इस मामले में पीछे हैं।

दो-तीन सांसद के पास निधि के करोड़ों रुपये पड़े हैं। बिना स्वीकृति वाली राशि भी काफी शेष बची है। इनमें वित्तीय वर्ष 2021-22 से लेकर 2022-23 तक में आवंटित राशि और उनका खर्च शामिल है।

पटना के सांसद रविशंकर प्रसाद ने सांसद निधि खर्च करने में सबसे आगे हैं। उनके पास सांसद फंड में महज पांच लाख शेष हैं। पाटलिपुत्र सांसद रामकृपाल यादव के पास 3.21 करोड़ राशि शेष पड़ी है। पटना के कुछ क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले मुंगेर सांसद ललन सिंह ने भी खर्च करने में कोताही नहीं बरती है। उनके पास अब मात्र नौ लाख बचे हैं।

राज्यसभा सदस्यों की बात करें तो राशि खर्च करने में सबसे पीछे हरिवंश का नाम है। उन्होंने केंद्र से मिली राशि का एक पाई उपयोग नहीं किया है। जबकि सुशील कुमार मोदी और विवेक ठाकुर भी खर्च करने में धीमे चल रहे हैं।

# हाई कोर्ट का "अजमेर 92" फिल्म के प्रदर्शन पर रोक से इन्कार

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने यह आदेश देते हुए अंजुमन मोइनिया, दरगाह शरीफ व अन्य द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी।**
- **याचिकाकर्ताओं का कहना था कि, फिल्म के प्रदर्शन से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि, इसमें दरगाह शरीफ की छवि को धूमिल नहीं किया गया है।**

जयपुर, 3 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अजमेर में स्कूल और कॉलेज जाने वाली दर्जनों लड़कियों से हुए दुष्कर्म को लेकर बनाई गई अजमेर 92 फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने से इनकार करते हुए इस संबंध में दायर याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश अंजुमन मोइनिया, फखरिया चिश्तिया खुद्दाम ख्वाजा साहब, दरगाह शरीफ की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में कहा गया था कि, फिल्म के ट्रेलर में घटना को सिर्फ अजमेर दरगाह और चिश्ती समुदाय के लोगों से जोड़कर दिखाया जा रहा है। ट्रेलर देखने से लगता है कि घटना अजमेर दरगाह में हुई है और इसके सभी आरोपी चिश्ती समुदाय के ही लोग हैं। जबकि वास्तव में सच्चाई यह है कि, आरोपियों में से सिर्फ दो लोगों के सरनेम चिश्ती हैं। ऐसे में 14 जुलाई को रिलीज हो रही इस फिल्म का सिनेमाघरों और ओ.टी.टी. प्लेटफार्म पर प्रदर्शन रोका जाए। याचिका में यह भी मांग की कि, फिल्म के रिलीज होने से पहले हाईकोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया जाए। जिसमें केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, याचिकाकर्ता और उसके वकील को शामिल किया जाए। यह कमेटी सुनिश्चित करे की फिल्म के दृश्यों और संवाद में दरगाह शरीफ के साथ ही कोई अपमानजनक व आपत्तिजनक सामग्री को नहीं दिखाया गया है। इसके साथ ही फिल्म या उसके प्रमोशन में दरगाह, दरगाह की रस्मों और चिश्ती सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित किसी भी चीज को गलत रूप से नहीं दिखाया गया है व दरगाह की छवि को धूमिल भी नहीं किया गया है। याचिका के जवाब में भारत सरकार के एएसजी आरडी रस्तोगी ने कहा कि, यह याचिका अदालत में चलने योग्य नहीं है। वहीं सुप्रीम कोर्ट से भी इस मामले का निस्तारण होकर अभियुक्तों को सजा हो चुकी है। इसके अलावा सिनेमेटोग्राफ एक्ट की धारा 6 के तहत केन्द्र सरकार को ऐसे मामलों में पुनरीक्षण करने की शक्ति भी मिली हुई है। याचिकाकर्ता यह बताने में भी विफल रहा है कि, इस फिल्म के प्रसारण से उनके व्यक्तिगत हितों को कैसे नुकसान होगा। इसलिए याचिका खारिज की जाए।

दोनों पक्षों को सुनकर अदालत ने याचिका को खारिज कर दिया है। वहीं दूसरी ओर आदिपुरुष फिल्म के प्रदर्शन के खिलाफ बालमुकुंदाचार्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई दो सप्ताह के लिए टल गई है। समान मामले में प्रकरण की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के चलते जस्टिस एमएम श्रीवास्तव की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई टाल दी है।

# रेलवे में नौकरी घोटालों के मामले में पूरा लालू परिवार सी.बी.आई. की जद में आयेगा

**सी.बी.आई. ने लालू, राबड़ी व तेजस्वी यादव के खिलाफ फ्रैश चार्जशीट दाखिल की**

पटना, 3 जुलाई। जमीन के बदले नौकरी घोटाले में लालू यादव के परिवार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सी.बी.आई. ने एक नए जोन में लालू, रावड़ी देवी, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, मीडिल मैन समेत कई सरकारी अधिकारियों के खिलाफ नयी चार्जशीट दाखिल की है। इससे पहले लालू यादव और रावड़ी देवी के खिलाफ चार्जशीट (आरोपपत्र) दायर की जा चुकी है। वहीं इससे पहले इसी मामले में सी.बी.आई. ने 16 मई को देशभर में कई जगहों पर छापे मारे थे। सी.बी.आई. की कई टीमों ने पटना, आरा, भोजपुर, दिल्ली, गुरुग्राम समेत 9 जगहों पर छापे मारे थे।

- **अब इस मामले में दिल्ली की राऊज़ एवेन्यू कोर्ट में आगामी 12 जुलाई को सुनवाई होगी।**

जानकरी के अनुसार, सी.बी.आई. ने जो चार्जशीट दाखिल की है, वह ये एक फ्रैश चार्जशीट है। यह सप्लीमेंट्री चार्जशीट नहीं है। लैंड फॉर जॉब घोटाले में तेजस्वी यादव, लालू यादव, राबड़ी देवी, मीडिल मैन, अलग-अलग तत्कालीन सरकारी अधिकारियों के खिलाफ फ्रेश चार्जशीट दाखिल हुई है। इससे पहले लैंड फॉर जॉब के एक अलग जोन में लालू और राबड़ी के खिलाफ चार्जशीट अलग दाखिल हो चुकी है। इस मामले में वो जमानत पर हैं। अब तीनों के खिलाफ फ्रेश चार्जशीट दाखिल की गई है। अब इस मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट में 12 जुलाई को कोर्ट में फ्रेश चार्जशीट पर सुनवाई होगी।

यह कथित घोटाला उस समय हुआ था, जब लालू यादव 2004-09 की अवधि के दौरान केंद्र यू.पी.ए.-1 नीत सरकार में रेल मंत्री थे। सी.बी.आई. का आरोप है कि भारतीय रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों में समूह डी के पदों पर विभिन्न व्यक्तियों को नियुक्त किया गया था और इसके बदले में संबंधित व्यक्तियों ने तत्कालीन रेल मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों को और इस मामले में लाभार्थी कंपनी एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को अपनी जमीन हस्तांतरित की थी।

## 'विपक्ष की बैठक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विद्रोह से विचलित नहीं है और वे जनता के बीच जाकर पुनः शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन्होंने पार्टी को तोड़ने की कोशिश की है उनको उनकी जगह दिखा दी जाएगी।

पवार ने आज कराड में कहा, "साम्प्रदायिक शक्तियों से मेरी लड़ाई आज आरंभ हो रही है। उन्होंने भाजपा पर समाज में भय फैलाने का भी आरोप लगाया। बाद में सतारा में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शरद पवार ने यह भी कहा कि, कुछ नेताओं की गतिविधियों की परवाह किए बिना उन्होंने पार्टी को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं का विश्वास बढ़ाने के लिए राज्य व्यापी दौरे का कार्यक्रम बनाया है।

जब यह पूछा गया कि क्या रविवार को हुए अजीत पवार के विद्रोह को उनका वरदहस्त है तो उन्होंने कहा, "यह ओछी बात है। ओछी और हल्की बुद्धि वाले लोग ही ऐसा कह कह सकते हैं। मुझे राज्य का दौरा कर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना है। कुछ नेताओं ने जो किया है उससे उन्हें हताश नहीं होना चाहिये।"

शरद पवार सोमवार को पुणे से कराड पहुंचे और रास्ते में समर्थकों से मिलने गए जो सड़क किनारे खड़े थे।

कराड में शरद पवार का हजारों समर्थकों तथा स्थानीय विधायक बाला साहब पाटिल ने स्वागत किया। विधायक मकरंद पाटिल ने भी कराड में शरद पवार का स्वागत किया जबकि वे शपथ ग्रहण से पूर्व अजीत पवार के बंगले पर मौजूद थे। शरद पवार के साथ तनावपूर्ण संबंध होने के बावजूद कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण भी इस संकट में विपक्षी एकता प्रदर्शित करने के लिए मौजूद थे।

# उपराज्यपाल ने केजरीवाल सरकार के 400 विशेषज्ञों को नौकरी से हटाया

- **केजरीवाल सरकार ने विभिन्न विभागों में इन विशेषज्ञों की नियुक्ति की थी। उपराज्यपाल के इस फैसले से दोनों पक्षों के बीच टकराव और बढ़ने की पूरी संभावना है।**
- **उपराज्यपाल ने अपने आदेश में कहा कि, इन नियुक्तियों में आरक्षण आदि व्यवस्थाओं का पालन नहीं किया गया था, नियुक्तियां मनमुताबिक कर दी गईं थीं और किसी सक्षम अधिकारी से मंजूरी नहीं ली गई थी।**

नई दिल्ली, 3 जुलाई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अक्सर सरकार और उपराज्यपाल के टकराव की ख़बरें आम हो चुकी हैं।

दोनों पक्षों के बीच टकराव होता ही रहता है। कभी सरकार एल.जी. के द्वारा पारित किसी फैसले पर सवाल उठाती है तो कभी एल.जी.।

अब एक बार से सरकार और एल.जी. के बीच टकराव होने की आशंका जताई जाने लगी है।

दरअसल उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में नियुक्त करीब 400 विशेषज्ञों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। इस फैसले से उपराज्यपाल और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के बीच टकराव बढ़ने की आशंका है।

उपराज्यपाल कार्यालय ने एक बयान में कहा कि ये विशेषज्ञ गैर-पारदर्शी तरीके से और सक्षम प्राधिकारी की अनिवार्य मंजूरी के बिना नियुक्त किए गए थे।

एल.जी. कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि नियुक्तियों में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा निर्धारित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी.) उम्मीदवारों के लिए अनिवार्य आरक्षण नीति का भी पालन नहीं किया गया।

बयान में कहा गया, "दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने दिल्ली सरकार द्वारा विभिन्न विभाग एवं एजेंसियों में फेलो/सलाहकार/उप सलाहकार/ विशेषज्ञ/वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी/सलाहकार आदि के रूप में नियुक्त लगभग 400 निजी व्यक्तियों की सेवाओं को तुरंत समाप्त करने के सेवा विभाग के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की है।

## बिहार में भी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सभापति को सचेत कर दिया है कि वे एन.सी.पी. के ऐसे किन्हीं भी नेताओं को डिसक्वालिफाई करने की शरद पवार गुट की किसी दलील को स्वीकार नहीं करें, जो एन.सी.पी. के उस बहुसंख्यक गुट के साथ चले गये हैं, जिसने महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने का निर्णय ले लिया है, ताकि प्रधानमंत्री मोदी के हाथ मजबूत हो सके।

जिन लोगों के खिलाफ, पार्टी-विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आधार पर डिसक्वालिफिकेश के लिये जारी हो सकता है, वे हैं -- एन.सी.पी. के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल तथा लोकसभा सांसद सुनील तटकरे, जो जयन्त पटेल के स्थान पर महाराष्ट्र एन.सी.पी. के नये अध्यक्ष बना दिये गये थे।

प्रफुल्ल पटेल ने सोमवार को बड़ा उलझन भरा संकेत देते हुये कहा था कि शरद पवार ही एन.सी.पी. प्रमुख हैं तथा 2-3 दिन में सब कुछ साफ हो जायेगा। लेकिन पवार, प्रफुल्ल के इस बयान से भ्रमित नहीं हुये हैं तथा उन्होंने अपनी पुत्री तथा एन.सी.पी. के कार्यकारी अध्यक्षों में से एक, सुप्रिया सुले से कह दिया कि वे पटेल और तटकरे को पार्टी से निष्कासित कर दें तथा संसद से उन्हें डिसक्वालिफाई किये जाने की मांग करें।

## 'विज्ञापनों के लिए पैसा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सूचना मांगी।

फंड का आवंटन राष्ट्रीय राजधानी को राजस्थान और हरियाणा से जोड़ने वाले आर.आर.टी.एस. के टुकड़े के लिए दिया गया था। एस.के. कौल और सुधांश धूलिया की सुप्रीम कोर्ट बैंच ने दिल्ली की आप शासित सरकार को निर्देश दिए कि इस फंड की सूचना दो सप्ताह में शपथ पत्र के साथ उपलब्ध करवाए।

कोर्ट ने इस निर्माण के लिए आवंटित धन का रिकॉर्ड न दे पाने के लिए सरकार पर प्रश्न उठाया था।

कोर्ट ने पूछा, "अगर आपके पास विज्ञापन के लिए पैसा है तो इस परियोजना में के लिए क्यों नहीं है, जिससे परिवहन बेहतर हो सकेगा।

बैंच ने कहा, "दिल्ली सरकार ने साझा परियोजना में फंड देने में असमर्थता जताई है। चूंकि धन की कमी इस परियोजना में रूकावट है इसलिए हम राष्ट्रीय राजधानी अधिकरण को निर्देश देते हैं कि वह विज्ञापनों में उपयोग किए हुए फंड पर एक शपथ पत्र पेश करें क्योंकि यह परियोजना राष्ट्रीय महत्व की है। गत तीन वित्तीय वर्षों की सूचना दी जाए।" दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिस सिस्टम एक अर्द्ध उच्च गति का रेल कॉरीडोर है, जिसका अभी निर्माण हो रहा है। इस कॉरीडोर से दिल्ली, मेरठ और गाजियाबाद जुड़ेंगे। यह रैपिड एक्स परियोजना के पहले चरण में लक्षित तीन रैपिड रेल कॉरीडोर में से एक है।

## नई काया...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लिये आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो गई हैं। अब अदालत में, आधुनिक किस्म की टैक्नोलॉजी तथा बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर दिखाई दे रहा है तथा कागजों की फाइलों के बोझ पर निर्भरता कम हो गई है।

इन आधुनिक एवं अद्यतन कक्षों में अब डिजिटल स्क्रीन, वाइ-फाइ कनैक्टिविटी, उन्नत किस्म की वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग सुविधाएं तथा पहले से काफी ज्यादा इन्टर कोर्ट कनैक्टिविटी दिखाई दे रही है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने सोमवार की सुबह नये सैट-अप को लेकर खुशी जताई एवं मंगल कामना व्यक्त की तथा जोर देते हुए कहा कि अब अदालत के कक्षों से कागजी दस्तावेज तथा किताबें हट जाने के बाद, वकीलों के लिये ज्यादा खाली जगह उपलब्ध हो गई है।

इससे पहले, 1950 के दशक तक की किताबें एवं दस्तावेज अदालती कक्षों के दोनों तरफ अलमारियों में रखे हुए थे तथा इस प्रकार, अंदर वकीलों के खड़े होने के लिये बहुत कम जगह बचती थी।

सी.जे.आई. ने स्पष्ट किया कि किताबें एवं अन्य दस्तावेज अदालत कक्षों के बाहर जाकर पहुंचा दिये गये हैं, लेकिन वे आगे भी विश्वसनीय तो बने ही रहेंगे, काम में तो आते ही रहेंगे।

# पूरा मानसून सत्र पुराने संसद भवन में ही सम्पन्न होगा

**केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने स्पष्ट किया कि, न्यू पार्लियामैंट बिल्डिंग में अभी मानसून सत्र की एक भी बैठक नहीं की जायेगी**

नई दिल्ली, 3 जुलाई। संसद का मॉनसून सत्र इस बार पुराने संसद भवन में ही होगा। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने राजधानी नई दिल्ली में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए यह बात कही। हालांकि, इससे पहले यह जरूर चर्चा थी कि मॉनसून सेशन न्यू पार्लियामेंट बिल्डिंग में हो सकता है।

सूत्रों के अनुसार यह भी कहा जा रहा था कि सत्र की शुरुआत पुराने संसद भवन में होगी और बाद में नए संसद भवन में बैठक हो सकती है। मगर, सोमवार को मीनाक्षी लेखी ने संसद भवन को लेकर स्थिति पूरी तरह साफ कर दी है।

मालूम हो कि संसद का मॉनसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को यह जानकारी दी थी। जोशी ने ट्वीट किया, मानसून सत्र, 2023 आगामी 20 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेगा। 23 दिन तक चलने वाले इस सत्र में कुल 17 बैठकें होंगी। मैं सभी पार्टियों से सत्र के दौरान संसद के विधायी और अन्य काम-काज में रचनात्मक योगदान देने की अपील करता हूं।

संसद का मॉनसून सत्र हंगामेदार रहने की संभावना है क्योंकि अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रमुख विपक्षी दलों ने नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चेबंदी शुरू कर दी है। वहीं, पीएम मोदी के समान नागरिक संहिता की वकालत करने के बाद कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया आई है। माना जा रहा है कि इस मुद्दे पर भी कुछ विपक्षी दल केंद्र सरकार को मॉनसून सत्र के दौरान घेरने की कोशिश कर सकते हैं। वहीं, कई दल यूसीसी के मुद्दे पर सरकार के साथ खड़े हैं।

## प्र.मंत्री मोदी ने चार घंटे...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कारण बन सकती है।

बताया जाता है कि यह निर्णय लेने से पहले कि किन मंत्रियों को हटाया जाये या संगठन में या राज्यों में जिम्मेदारियाँ दी जायें, प्रधानमंत्री ने यहाँ सोमवार की रात को केन्द्रीय मंत्रियों के कार्य-निष्पादन पर चर्चा हुई। लेकिन वे अजीत को लेकर चिन्तित थे क्योंकि उनके पास विधायकों की वांछित संख्या नहीं है। यह एक "फॉलो-अप" मीटिंग थी क्योंकि इससे पूर्व, 28 जून को एक उच्चस्तरीय मीटिंग ले चुके थे। उस मीटिंग में, अन्य वरिष्ठ नेताओं के अतिरिक्त अमित शाह तथा भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा भी मौजूद थे। उस मीटिंग में संगठनात्मक एवं राजनैतिक मामलों का जायजा लिया गया था।

भाजपा उन राज्यों, जहाँ इस साल चुनाव होने हैं, को लेकर जबरदस्त तैयारियाँ कर रही है। इस साल के अंत में राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, तेलंगाना तथा मिजोरम में चुनाव होने हैं।

पार्टी बिहार में जनता दल (यू) को विभाजित करने की दिशा में भी काम कर रही है जिससे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार संकट में आ जायें तथा उन विपक्षी दलों की तैयारियों में खलल पड़ जाये, जो मोदी सरकार को बेदखल करने के लिये संगठित होकर लोकसभा चुनाव लड़ने के लिये इकट्ठे हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने केन्द्रीय मंत्रिमण्डल व भाजपा संगठन में फेरबदल की रुप-रेखा को अपने तक ही रखा। उन्होंने मंत्रियों के विचार जाने, लेकिन यह नहीं बताया कि उनके मन में क्या है।

भाजपा सूत्रों ने कहा, मंत्रिमंडल की अधिकतर सीटें सहयोगी पार्टियों को दी जा सकती हैं, जिसमें एकनाथ शिंदे ग्रुप वाली शिवसेना एवं भारत राष्ट्र समिति ऑफ तेलंगाना के लोग हो सकते हैं।

पार्टी सूत्रों ने कहाकि, कुछ वरिष्ठ पार्टी नेताओं को संगठन में जिम्मेवारी दी जा सकती है तथा उनसे लोकसभा चुनाव लड़ने को कहा जा सकता है।

## शराब व्यापारी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हैं। जैसे देश नहीं छोड़ना, अपने घर और अस्पताल की सीमा नहीं छोड़ना।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से उपस्थित होकर कहा कि, दिल्ली हाई कोर्ट का फैसला "झटका देने वाला" है और गलत तथ्यों पर आधारित है।

बैंच ने कहा, "क्षमा चाहते हैं, 6 हफ्ते की जमानत के मामले में हम दखल नहीं देंगे। यह अवधि 10-15 दिन में खत्म हो जाएगी। अभियोजन के अनुसार आरोपी आबकारी नीति की अवहेलना का मुख्य लाभार्थी है क्योंकि न केवल वह शराब उत्पादन की इकाई चलाता है बल्कि अपने रिश्तेदारों के नाम होलसेल और रिटेल बिक्री के लाइसैंस भी ले रखे हैं। कथित अनियमितताओं के कारण महेन्द्रू ने करीब 50 करोड़ रूपए कमाए, ऐसा अभियोजन का कहना है। सी.बी.आई. और ई.डी. के अनुसार ये अनियमितताएं तब हुई जब आबकारी नीति में संशोधन किया जा रहा था और लाइसैंस धारकों को अनुचित लाभ दिए गए। दिल्ली सरकार ने यह नीति 17 नवम्बर 2021 को आंरभ की थी लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण सितंबर 2022 में समाप्त कर दी। दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी मामले में आरोपी हैं।

## सी.डब्ल्यु.सी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की लिस्ट एक सप्ताह में घोषित कर दी जाएगी। नए फार्मूला के तहत 50 प्रतिशत पद 50 साल से कम उम्र के नेताओं को दिए जाने है जिससे कई युवा नेताओं को अवसर मिलेंगे। पार्टी ने एक राज्य -एक प्रभारी के फार्मूला का अनुसरण करने का भी फैसला किया है। इस बार भी हमेशा की तरह सी.डब्ल्यू.सी. के चुनाव नहीं होंगे। क्योंकि 24-26 फरवरी को रायपुर में हुए महाधिवेशन में तय किया गया था कि खड़गे सी.डब्ल्यू.सी. के सभी सदस्यों को मनोनीत करेंगे।

पार्टी ने उक्त 85 वें महाधिवेशन में एस.सी., एस.टी., ओ.बी.सी., अल्पसंख्यकों व महिलाओं तथा 50 साल के कम उम्र के युवाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय भी किया गया था।

# भाजपा चाहती है कि, यू.सी.सी. से देश के आदिवासी समुदायों को बाहर रखा जाये

- **आदिवासी बहुल पूर्वोत्तर राज्यों में यू.सी.सी. का संवैधानिक तौर पर विरोध हो सकता है, इसलिए भाजपा ऐसा निर्णय लेने पर विचार कर रही है।**
- **सोमवार को कानून व व्यवस्था मामलों की संसदीय समिति की बैठक हुई। भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने इस मीटिंग की अध्यक्षता की। सुशील मोदी ने बैठक में उत्तर-पूर्व और अन्य क्षेत्रों के आदिवासियों को यू.सी.सी के दायरे से बाहर रखने की वकालत की है।**

नई दिल्ली, 3 जुलाई। देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यू.सी.सी.) को लेकर जारी बहस के बीच सोमवार को कानून व व्यवस्था मामलों की संसदीय समिति की बैठक हुई। भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने इस मीटिंग की अध्यक्षता की। सुशील मोदी ने बैठक में उत्तर-पूर्व और अन्य क्षेत्रों के आदिवासियों को किसी भी संभावित समान नागरिक संहिता के दायरे से बाहर रखने की वकालत की है। वहीं, कांग्रेस और डी.एम.के. समेत ज्यादातर विपक्षी दलों ने आम चुनाव के मद्देनजर यू.सी.सी. को लेकर सरकार की टाइमिंग पर सवाल उठाए। सूत्रों ने कहा कि उम्मीद के मुताबिक, सभी बीजेपी नेताओं ने यू.सी.सी. का समर्थन किया।

कुछ नेताओं ने आरोप लगाया कि, यू.सी.सी. भारतीय संविधान के खिलाफ है। यह संविधान की 6वीं अनुसूची के तहत कुछ पूर्वोत्तर और अन्य राज्यों को दी गई कुछ गारंटी को नुकसान पहुंचाएगा। छठीं अनुसूची नामित आदिवासी क्षेत्रों को स्वायत्त संस्थाओं के रूप में सशक्त बनाती है। विपक्षी नेताओं की इस दलील के जवाब में सुशील मोदी ने कहा, "आदिवासियों को छूट देने पर विचार किया जा सकता है।" बैठक में बताया गया कि, कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में उनकी सहमति के बिना केंद्रीय कानून लागू नहीं होते हैं।

कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा और डी.एम.के. सांसद पी. विल्सन ने बैठक में लिखित बयान पेश किए। उन्होंने यू.सी.सी. को अगले साल होने वाली लोकसभा चुनाव से जोड़ा। वहीं, शिवसेना और बसपा ने यू.सी.सी. का विरोध तो नहीं किया, लेकिन इसे सशर्त समर्थन दिया। दोनों पार्टियों का कहना था कि, आम चुनाव को ध्यान में रखकर यू.सी.सी. को नहीं लाया जाना चाहिए। के.सी.आर. की पार्टी बी.आर.एस. ने भी यूनिफॉर्म सिविल कोड का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री मोदी के बयान के बाद आम आदमी पार्टी ने भी यू.सी.सी. का समर्थन किया है।

मीटिंग में डिटेल सुझाव रिपोर्ट पेश किए गए। शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने न तो यू.सी.सी. का समर्थन किया है और न ही सपोर्ट किया है यानी वो न्यूट्रल है। वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस लीडर फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि, सरकार को यू.सी.सी. लागू करने के नतीजों पर बार-बार विचार कर लेना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने 27 जून को भोपाल में बीजेपी के 10 लाख बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए देशभर में यूनिफॉर्म सिविल कोड जल्द लागू करने की वकालत की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि, यूनिफॉर्म सिविल कोड पर लोगों को भड़काया जा रहा है। एक घर दो कानूनों से नहीं चल सकता, भाजपा इस भ्रम को दूर करेगी।

समान नागरिक संहिता का जिक्र संविधान के अनुच्छेद 44 में है। अनुच्छेद 36 से 51 तक राज्यों को कई सुझाव दिए गए हैं।

इसी में से एक है समान नागरिक संहिता यह देश के हर नागरिक को विवाह, तलाक, गोद और उत्तराधिकार जैसे मामलों में समान अधिकार देता है। चाहे व्यक्ति किसी भी धर्म या समुदाय से हो, देश का कानून सभी पर समान रूप से लागू होगा। अभी अलग-अलग धर्म और समुदायों के व्यक्तिगत कानून हैं। आपराधिक कानून एक ही है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908